रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 29 सितंबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 42 मूल्य 3.00 ₹


# रायपुर समेत बिलासपुर और अंबिकापुर में लॉकडाउन हटा

■ रायपुर में हुई कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया

■ राजधानी में दुकानें रात 8 बजे तक ही खुल सकेंगी, होम डिलीवरी के लिए रात 10 बजे तक की छूट

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते रायपुर समेत बिलासपुर और अंबिकापुर में किए गए लॉकडाउन का सोमवार को अंतिम दिन है। इसके बाद मंगलवार से सामान्य दिनों की तरह ही दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान खुल सकेंगे। हालांकि इस बार नियमों को लेकर ज्यादा सख्ती होगी। पालन नहीं करने पर जुर्माना वसूला जाएगा।

रायपुर में संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए जिला प्रशासन ने 21 सितंबर से 7 दिन का लॉकडाउन किया था। हालांकि हालात को देखते हुए इसे फिर बढ़ाने के कयास लगाए जा रहे हैं। इस पर निर्णय के लिए सोमवार दोपहर प्रभारी मंत्री रविंद्र चौबे ने बैठक बुलाई थी। इसके लॉकडाउन को आगे नहीं बढ़ाने को लेकर फैसला लिया गया है। सोमवार दोपहर प्रभारी मंत्री रवींद्र चौबे की अध्यक्षता में लॉकडाउन को लेकर बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में कलेक्टर भारतीदासन, एसपी अजय यादव, निगम कमिश्नर सौरव कुमार सहित शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

■ **लेकिन नियमों की सख्ती ज्यादा रहेगी**

सार्वजनिक स्थलों पर मास्क व फेस कवर नहीं पहनने पर 100 रुपये का जुर्माना देना होगा, वहीं होम क्वारंटीन के दिशा निर्देश का उल्लंघन करने पर 1000 और सार्वजनिक स्थान पर थूकने के एवज में 100 रुपये का जुर्माना देना होगा। वहीं दुकानदार के द्वारा फीजिकल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने और नियम के उल्लंघन पर 200 रुपये की फाइन लगेगी। अगर कोई व्यक्ति जुर्माना नहीं देता है तो उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। अगर कोई दुकानदार दूसरी बार भी नियम का पालन नहीं करता है तो दुकान को 15 दिन के लिए सील कर दिया जायेगा।



### 8 बजे तक खुलेंगे दुकानें

आज से सभी दुकानें रात 8 बजे तक खुलेगी. वहीं होटलों को होम डिलिवरी के लिए 10 बजे तक की छूट रहेगी. दुकान संचालकों को कोरोना के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन का पालन करना जरूरी होगा. इस दौरान मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजर सहित अन्य जरूरी चीजों को रखना जरूरी होगा।

### दुकानों और बाजारों में रहेगी सख्ती, भीड़ एकत्र होने पर रोक

लॉकडाउन खत्म करने के साथ ही गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने के आदेश दिए गए हैं। रायपुर में दुकानें सिर्फ रात 8 बजे तक ही खुल सकेंगी। हालांकि होटल और रेस्टोरेंट को रात 10 बजे तक होम डिलीवरी के लिए छूट दी गई है। इस दौरान मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजर समेत नियमों का पालन अनिवार्य रहेगा।

### सभी दुकानें और बाजार एक साथ खुलेंगे

रायपुर के प्रभारी मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि जिस तरह से परिस्थितियां सामने आई हैं, इसे देखते हुए लॉकडाउन खत्म किया जा रहा है। हालांकि कहीं भी भीड़ नहीं होनी चाहिए। इसको लेकर जिला प्रशासन को निर्देश दे दिए गए हैं। पहले बारी-बारी से दुकानें खुलती थीं, लेकिन अब सभी दुकानें एक साथ खोली जाएंगी।

# मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर

## राइफल और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर हो गए हैं। इनमें से एक नक्सली का शव जवानों ने बरामद किया है। शव के पास से ही हथियार और विस्फोटक भी बरामद हुआ है। मुठभेड़ की पुष्टि आईजी बस्तर पी. सुंदरराज ने की है। ज्यादा जानकारी जवानों के लौटने के बाद ही मिल सकेगी। ये घटना सोमवार सुबह की है।

**दंतेवाड़ा और बीजापुर की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी–** जानकारी के अनुसार तीन दिन पहले दंतेवाड़ा और बीजापुर की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। इसमें डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। सर्चिंग के दौरान गंगालूर थाना क्षेत्र के पीडिया में बैलाडीला पहाड़ी के बीच जंगलों में नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। तीन दिन अलग-अलग स्थानों पर चली इस मुठभेड़ के दौरान जवानों ने चार नक्सलियों को मार गिराया।

### तीन शवों उठाकर भाग निकले नक्सली

मुठभेड़ के दौरान जवानों ने नक्सलियों के कैंप को भी ध्वस्त किया है। वहीं मारे गए नक्सली के शव के पास से एक राइफल और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ। एसपी कमल लोचन कश्यप ने हालांकि एक ही नक्सली के मारे जाने की पुष्टि की है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि चार नक्सली मारे गए, बाकी तीन शवों को उनके साथी उठाकर भाग निकले हैं।

## क्विक न्यूज़

### वैश्विक चुनौतियों के प्रति साझा दृष्टिकोण अपनाएं भारत और डेनमार्क : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत, डेनमार्क और समान विचार वाले अन्य देशों को विभिन्न वैश्विक चुनौतियों के प्रति साझा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

श्री मोदी ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेडे फेडरिक्सेन के साथ द्विपक्षीय वचुअर्ल शिखर सम्मेलन में कहा , पिछले कई महीनो की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारे जैसे समान विचारों वाले देशों का, जो एक नियम आधारित, पारदर्शी, मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करते है उनका साथ मिल कर काम करना कितना आवश्यक है ।

### सेसेंक्स 593 अंक और निफ्टी 177 अंक उछला

**मुम्बई (वार्ता)।** विदेशी बाजारों से मिले मजबूत संकेतों से उत्साहित निवेशकों के बीएसई के सभी समूहों में जमकर निवेश करने से घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 592.97 अंक यानी 1.59 प्रतिशत तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 177.30 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त में 11,227.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स 367.59 अंक की बढ़त के साथ 37,756.25 अंक पर खुला और बैंकिंग, ऑटो तथा पीएसयू क्षेत्र की कंपनियों में हुई जबरदस्त लिवाली के दम पर 38,035.87 अंक के दिवस के उच्चतम स्तर तक पहुंचा।

### राहुल ने कृषि संबंधी विधेयक को लेकर सरकार पर फिर साधा निशाना

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में संसद में पारित कृषि संबंधी विधेयक को लेकर मोदी सरकार पर फिर निशाना साधा और कहा कि उसने यह कानून लाकर किसानों के लिए मौत का फरमान जारी किया है। श्री गांधी ने सोमवार को ट्वीट किया , ÷ कृषि संबंधी कानून हमारे किसानों के लिए मौत का फरमान हैं। उनकी आवाज संसद और संसद के बाहर दोनों जगह दबाई गयी। यह प्रमाण है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है। इसके साथ ही उन्होंने एक अखबार में छपी एक खबर भी पोस्ट की है।

## दो हजार करोड़ रूपये से अधिक के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने अग्रिम मोर्चों पर तैनात सेना के जवानों के लिए अत्याधुनिक राइफल और सेना तथा वायु सेना के लिए संचार उपकरणों सहित अन्य हथियारों की खरीद से संबंधित 2290 करोड़ रूपये के रक्षा सौदों को आज मंजूरी दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इन सौदों से संबंधित प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाई गयी। यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योग और विदेशी विक्रेताओं दोनों से की जायेगी। परिषद ने 'बाय इंडियन' (आईडीडीएम) श्रेणी के लिए स्टेटिक एचएफ ट्रांस रिसिवर सेट और स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन की खरीद को मंजूरी दी है।

एचएफ रेडियो सेट सेना और वायु सेना की फील्ड यूनिटों के लिए निर्बाध संचार सुविधा उपलब्ध करायेगी और इन पर 540 करोड़ रूपये की लागत आने का अनुमान है। स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन की खरीद पर करीब 970 करोड़ रूपये की लागत आयेगी और इससे नौसेना तथा वायु सेना की मारक क्षमता अधिक मजबूत बनेगी। रक्षा खरीद परिषद ने सेना के अग्रिम मोर्चों पर तैनात जवानों के लिए 780 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक असाल्ट राइफल की खरीद के सौदे को भी मंजूरी दी है।

## एनसीडीसी ने धान खरीद के लिए 19444 करोड़ की मंजूरी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने छत्तीसगढ़,हरियाणा और तेलंगाना को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर इस वर्ष खरीफ सत्र में धान की खरीद के



लिए 19444 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी करने को मंजूरी दी है। कृषि मंत्रालय के अनुसार यह राशि इसलिए मंजूर की गई है ताकि राज्यों के मार्केटिंग महासंघों (फेडरेशनों )को अपने सहकारी संगठनों के जरिए समयबद्ध ढंग से धान की खरीद करने की प्रक्रिया में सहायता मिले। छत्तीसगढ़ के लिए सबसे अधिक 9000 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। हरियाणा के लिए 5444 करोड़ रुपये और तेलंगाना के लिए 5500 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी हैं। कोविड महामारी के दौरान एनसीडीसी की ओर से उठाये गये इस कदम से इन तीनों राज्यों के किसानों को बेहद जरूरी वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। उचित समय पर उठाए गए इस कदम से राज्यों की एजेंसियां तत्काल खरीद प्रक्रिया को शुरू कर सकेंगी। इससे किसानों को सरकार द्वारा अधिसूचित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपना उत्पाद बेचने में जरूरी सहायता मिलेगी।

**जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र ने जारी किया आंकड़ा**

# विश्व में सवा 3 करोड़ से अधिक कोरोना संक्रमित, करीब 10 लाख की मौत

वार्ता ‹ वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से विश्वभर में संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या सवा तीन करोड़ से अधिक हो गई है जबकि इस बीमारी से करीब 10 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 3,29,94,213 लोग प्रभावित है। वही 9,96,682 लोगों की इससे मौत हो चुकी है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 71.14 लाख से अधिक हो गयी है और अब तक 2.04 लाख से अधिक



लोगों की जान जा चुकी है। भारत में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 82,170 नये मामले सामने आने से संक्रमितों का आंकड़ा 60,74,702 पर पहुंच गया। इसी अवधि में 1,039 मरीजों की मौत हो गयी जिससे संक्रमण से अब तक जान गंवाने वालों की संख्या 95,542 हो गयी है। ब्राजील में अब तक लगभग 47.32 लाख से अधिक लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 1.41 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 11.46 लाख हो गई हैं तथा 20,239 लोगों ने जान गंवाई है। कोलंबिया ने कोरोना से प्रभावित होने के मामले में ➤शेष पेज 8 पर

### कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 60.74 लाख, 50 लाख से अधिक हुए स्वस्थ

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 82 हजार से अधिक नये मामले सामने आने से संक्रमितों का आंकड़ा 60.74 लाख से पार हो गया जबकि 74 हजार से ज्यादा लोग स्वस्थ हुए जिससे कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या 50.16 लाख हो गयी। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंक?ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 82,170 नये मामलों के साथ इसके सं मितों की संख्या 60,74,702 हो गयी। इसके साथ ही 74,892 मरीज ठीक हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 50,16,520 लोग कोरोना की महामारी से निजात पा चुके हैं। इसी अवधि में 1039 सं मित अपनी जान गंवा बैठे और इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 95,542 हो गयी है। कोरोना संक्रमण के नये मामलों में बढ़ोतरी के कारण सि य मामले 6238 बढ़कर 96,2640 हो गये। देश में अभी सक्रिय मामलों का प्रतिशत 15.85 और रोगमुक्त होने वालों की दर 82.58 प्रतिशत है।




# लॉकडाउन में गरीबों पर रही सख्ती, रईसों ने छलकाए जाम, चली गोलियां

■ प्रशासन का दोहरा चरित्र उजागर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन में वीआईपी रोड के क्वींस क्लब में बर्थडे पार्टी ने पुलिस की सात दिनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। पुलिस और जिला प्रशासन ने जो सख्ती इन सात दिनों में दिखाई उससे पुलिस की सराहना होती रही, लेकिन अनलॉक के एक दिन पहले वीआईपी रोड में बर्थ डे पार्टी और गोली चलने की घटना ने पुलिस की साक पर बट्टा लगा दिया है। पुलिस ने लॉकडाउन के पहले बड़े-बड़े दावे किए थे, इस बार सबसे कड़ा लॉकडाउन होगा। 40 बेरिकेट्स बनाए जा रहे है, परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।

वहीं रायपुर में पार्टियां हो रही। सरेआम शराब परोसी जा रही। और शराब पीकर राजधानी के बिगड़ैल रईस गोली चला रहे हैं। गोली जहां चली है, ऐसा भी नहीं कि वो राजधानी का आउटर या कोई रिमोट इलाका हो और वहां चुपके से जन्मदिन का आयोजन किया गया हो। वह क्लब वीआईपी तिराहा के पास है। बगल में बेबीलोन होटल है। वीवीआईपी मौलश्री विहार भी उससे एकदम लगा हुआ है। ऐसे इलाके में रात में गोली चल गई और पुलिस को कोई खबर नहीं।

ऐसे में, सवाल तो उठते हैं, लॉकडाउन में जहां गरीबों को रोजी-रोटी के लिए निकलने पर पुलिस ने तगड़ी पाबंदी लगा रखी है, वहां रायपुर से लेकर भिलाई तक के रसूखदार पार्टी करने पहुंच गए। कहां गए पुलिस के वे 40 बेरिकेट्स? कहां गए पुलिस के वे पेट्रोलिंग दस्ता,जो रातभर गश्त करते हैं। जिनके भरोसे राजधानी के वीवीआईपी से लेकर आम आदमी निश्चिंतता से रात में सोता है कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है ही। उसी शहर में गोली चल जाती है। शराब के नशे में लोग शौर्य का प्रदर्शन कर डालते हैं। वो भी जब अब तक का सबसे कड़ा लॉकडाउन लगा हो।

ये दावा तो आखिर पुलिस ने ही तो किया था। यहां तो भिलाई से पिस्तौल लेकर रायपुर पार्टी मनाने आदमी आ गया और भिलाई से लेकर रायपुर तक कहीं चेक नहीं हुआ। लॉकडाउन तो आखिर भिलाई में भी लगा है। भिलाई से लेकर रायपुर तक क्या पुलिस का कोई प्वाइंट नहीं है। ये सवाल लोगों के दिमाग में कौंध रहे हैं। रायपुर पुलिस की नाक के नीचे लॉकडाउन में कई ऐसे ढाबे लॉकडाउन में चल रहे, जिसमें महंगी ब्रांड की शराब के साथ सब कुछ मिल रहा है। छेरीखेरी के पास एक बस्ती के भीतर एक ढाबा तो एक दिन भी बंद नहीं हुआ। उसके लिए आपको मोबाइल पर बुकिंग करनी पड़ेगी। आपको अपनी गाड़ी का नम्बर उसे बताना पड़ेगा। नम्बर देखकर ही गार्ड गेट खोलेगा, वरना आप को इंट्री नहीं मिलेगी। आपने अगर इधर-उधर किए तो उसके लिए गुंडों का भी इंतजाम है। अंदर जाओ तो जेब में पईसा भी चाहिए, बाकी आप चिंता मत कीजिए, सब मिलेगा। क्वींस क्लब में बर्थ डे पार्टी और फिर पार्किंग में हुए विवाद के बाद फ़ायरिंग के मामले में राजधानी पुलिस ने बैक टू बैक दो एफआईआर दर्ज की है। एक एफआईआर 341/2020 और एक एफआईआर 342/2020 तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। पहली एफआईआर में आरोपी हितेश पटेल है जिसके विरुद्ध आफ़ताब कुरैशी प्रार्थी है, इसमें धारा 307 लगाई गई है जबकि दूसरी एफआईआर क्विंस क्लब के स्टाफ़ और संचालकों के विरुद्ध महामारी अधिनियम समेत 188,269,270 की धाराएं प्रभावी हैं। इस एफआईआर को ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक रामकृष्ण वर्मा की ओर से क़ायम किया गया है। दोनों ही एफआईआर में कुल पांच आरोपियों की गिरफ़्तारी हुई है। राजधानी का सबसे पॉश और संवेदनशील इलाक़े व्हीआईपी रोड में गोली चली तो हंगामा मच गया। लॉकडाउन का नागरिक पूरी तरह कड़ाई से पालन कर रहे हैं ऐसे में क्विंस क्लब में पार्टी और हवाई फ़ायरिंग ने पूरे प्रशासन को सकते में ला दिया। रात को ही सक्रिय हुई पुलिस ने दबिश देकर मौक़े से गिरफ़्तारी की कार्यवाही शुरु कर दी। सीएसपी नसर सिद्दीक़ी और सहयोगी स्टाफ़ ने हवाई फ़ायर करने वाले हितेश पटेल को और कुछ ही देर में होटल में मौजूद संचालक और प्रमुख कर्मचारियों को राउंड अप कर लिया। क्विंस क्लब संचालकों ने पूरी सोर्स सिफ़ारिशें लगाने की क़वायद की, लेकिन सारी क़वायद असफल साबित हुई।






## गोलीकांड के बाद क्वींस क्लब सील,14 लोगों पर एफआईआर दर्ज, 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रविवार को क्वींस क्लब में फायरिंग मामले में क्लब के संचालक सहित 14 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। इस मामले में अभी तक 5 आरोपियों को पुलिस ने जहां गिरफ्तार कर लिया है, तो वहीं बाकियों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इधर क्वींस क्लब को पुलिस ने सील कर दिया है। कप्तान अजय यादव ने कहा क़ानून से बड़ा कोई नहीं है.. एफआईआर हुई है.. गिरफ़्तारी भी होगी.. और जो कार्यवाही है उसके लिए हम विचार कर रहे हैं।

मजेदार बात ये है कि लॉकडाउन और कोरोना को लेकर जारी सख्त गाइडलाइन के बावूजद देर रात क्वींस क्लब में पार्टियां चल रही थी और जाम छलकाये जा रहे थे। छात्र संगठन के कुछ नेता और नेत्री भी इस पार्टी में शामिल थे, जिनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज किया गया है। पार्टी में शामिल एक लड़की भिलाई की बतायी जा रही है। लॉकडाउन में तगड़ी पुलिसिंग का दावा किया गया था, लेकिन जिस तरह से शहर के नाम होटलों में शराब-कवाब का सिलसिला चल रहा था, उसने राजधानी की पुलिसिंग की पोल खोलकर रख दी है। लॉकडाउन की सख्ती और जिले की सीमाओं को सील करने के दावों के बीच भिलाई से लड़के-लड़कियां यहां पहुंचकर पार्टी मना रहे । पुलिस ने इस मामले में एक नामी बिल्डर के बेटे हर्षित सिंघानिया, चंपालाल जैन, नेहा जैन, मिनाली संघानिया, सूरज शर्मा, संस्कार पाचे, करण सोनवाणी, अभिजीत कौर निरंकारी, ट्विंकल सिंह, अमित धवल, मिनल, राजवीर सिंह, हितेश पटेल और नमित जैन को आरोपी बनाया गया है। जिनमे से अब तक सूरज शर्मा, करन सोनवानी, हर्षित सिंघानिया, हितेश पटेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# कांग्रेस ने पांच दशक से अधिक किसानों का शोषण किया : बृजमोहन

■ कांग्रेस का किसान मार्च, किसानों के साथ छलावा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस द्वारा कृषि विधेयक को लेकर कल निकाले जा रहे है पैदल मार्च को किसानों के साथ छलावा करार देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के नाम पर घड़ियाल आंसू बहा रही है। यह वही पार्टी है, जिसने पांच दशक से अधिक समय तक राज करते हुए किसानों के उपर ध्यान नहीं दिया। किसानों को बिचैलियों के हवाले कर दिया। किसानों की उन्नति तरक्की के लिए कुछ नहीं किया और जब किसानों ने इन्हें नकार दिया तक किसान किसान का रट लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह मार्च पांच दशक से अधिक समय तक किए गए किसान विरोधी कार्यों का पश्चाताप मार्च है। अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस केन्द्र के सत्ता से बाहर बिना पानी की मछली की तरह तड़प रही है, पूरे देश में कृषि विधेयक के खिलाफ झूठ व फरेब की फसल तैयार करने में लगी है। देश के माहौल को अपने तथाकथित अर्बन सहयोगियों के साथ मिलकर, तख्ती गैंग, अवार्ड वापसी गैंग के साथ मिलकर खराब करने तुली हुई है। अराजक माहौल बना रही है। अग्रवाल ने प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि कांग्रेस इतनी ही किसान हितैषी है तो छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का 2500/- रूपया प्रति क्विंटल आज तक क्यों नहीं दिया ? क्यों किसानों के खेत के रकबे मे? के नाम पर, पंप हाउस के नाम पर धान खरीदने कम किए जा रहे हैं? क्यों ओलावृष्टि, अतिवृष्टि से प्रभावित लाखों किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है? क्यों किसानों को नकली खाद-बीज दी जा रही है ? किसानों को कृषि उपकरण, क्यों नहीं दी जा रही है ? किसानों को केन्द्र सरकार की कृषि योजना के तहत मिलने वाले फायदा क्यों नहीं दिया जा रहा है ? अग्रवाल ने चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस बतावे विधेयक में कौन सी चीज किसानों से छिनी है। बल्कि कृषि विधेयक तो किसानों को उस बिचैलियों से मुक्ति देगी जो कांग्रेस ने किसानों को दिया था।

# स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव से मिले आश्वासन के बाद संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल खत्म

## प्रस्ताव पर जल्द विचार करने का दिया गया भरोसा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

9 दिनों से चली आ रही संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल खत्म हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से मुलाकात के बाद हड़रू स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी हड़ताल को स्थगित करने का ऐलान किया। आज दोपहर बाद प्रदेश के करीब 13 हजार स्वास्थ्यकर्मी अपने कामों में लौट जायेंगे। हड़ताल के नेतृत्वकर्ता ने आज सुबह स्वास्थ्यमंत्री से वार्ता की सहमित पत्र लिया, जिसे मिशन संचालिका को सौंपा जायेगा,जिसके बाद सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने क्षेत्र में ज्वाइंनिंग करेंगे। साथ ही हड़ताल अवधि में जितनी भी कार्रवाई की गयी है, उसे भी शून्य किया जायेगा। हड़ताल का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारी के मुताबिक स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया है कि उनके नियमितिकरण सहित अन्य मांगों को पूरा करने के लिए वो कृत संकल्पित हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष के नाते उनकी नैतिक जिम्मेदारी उन मांगों को पूरा कराने की है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वास्थ्यवकर्मियों की मांगों को लेकर प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों की मांगों का जिक्र है। लिहाजा स्वास्थ्यमंत्री के आश्वासन पर विश्वास जताते हुए स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी हड़ताल स्थगित की है। आपको बता दें कि 9 दिन से स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल चल रही थी। हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य का काम काफी प्रभावित हो रहा था। कोरोना की टेस्टिंग से लेकर उपचार तक की व्यवस्था में काफी दिक्कत आ रही थी।



# कोरोना से विधायक के पिता का निधन, निजी हॉस्पिटल में थे भर्ती

■ गृह ग्राम में हुआ दाह संस्कार

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



रविवार रात्रि को संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक चंद्रदेव राय के पिता श्रीरामजी राय का रायपुर में निधन हो गया । जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को दोपहर गृह ग्राम बालपुर में किया गया ।

वे 75 वर्ष के थे जिसका कोरोना से इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती थी. उनके निधन की जिला स्वास्थ्य अधिकारी बलौदाबाजार डॉ खेमराज सोनवानी ने पुष्टि की है. कोरोना वाइरस एवं क्षेत्र में लॉक डाउन के कारण क्षेत्र के प्रबुद्ध जन एवं जनप्रतिनिधियो ने शोक संदेश,संवेदना एवं सहानभूति प्रेषित की है ।

उल्लेखनीय है कि विधायक चंद्रदेव राय के परिवार के सदस्यों के साथ उनके पीएसओ और रसोइया कोरोना की चपेट में बताए जा रहे हैं. कुछ दिन पूर्व उनके पिताजी को सरसींवा के एक निजी हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था पर स्वास्थ्य में सुधार नही होने पर रायपुर स्थित एक प्राईवेट हॉस्पिटल में भर्ती थे जहाँ रविवार को देर रात्रि अंतिम सांस ली ।

# सैकड़ों राशन कार्ड दफ्तरों में जाम, कवर नहीं छपा तो कहीं आधा-अधूरा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



शहर में दर्जनों वार्ड के एपीएल और बीपीएल श्रेणी के सैकड़ों उपभोक्ता नए राशनकार्ड को लेकर परेशान हैं। मार्च माह में इनके आवेदन जोन के माध्यम से खाद्य शाखा में जमा कराए गए, पर कोरोनाकाल में न तो इन्हें नया राशनकार्ड बनकर मिला और न ही राशन की व्यवस्था हो पाई। अब नया राशनकार्ड बनकर आया तो लॉकडाउन के चलते वितरण नहीं हो पा रहा है। वहीं कुछ वार्डों में खाद्य शाखा से पीडीएफ कॉपी भेज दी गई, पर राशनकार्ड का कवर छपकर नहीं आया। ऐसे में कार्डधारियों को इस बात की चिंता है कि आधे-अधूरे राशनकार्ड से उन्हें हर महीने राशन दुकान से राशन बराबर मिल पाएगा या नहीं? 600 नए कार्ड बनकर आए, 150 बनना बाकी कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 की पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर ने बताया, वार्ड परिसीमन से पहले उनका वार्ड जोन 6 में आता था, तब 750 लोगों ने नए राशनकार्ड बनवाने आवेदन जमा कराए। 4 महीने तक नया राशनकार्ड नहीं बना, अब उनका वार्ड नए जोन 10 में शामिल है, तब कहीं जाकर 600 लोगों के नए राशनकार्ड बनकर पार्षद कार्यालय में प्राप्त हुए। अभी भी 156 राशनकार्ड बनने बाकी हैं। इस वार्ड में डूंडा, बोरियाखुर्द, कविता नगर और आरडीए कालोनी से बड़ी संख्या में गरीबी रेखा श्रेणी के नए राशनकार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। नए राशनकार्ड वितरण का कार्य पिछले माह से ही शुरू हो गया है। बाकी के नए राशनकार्ड लॉकडाउन खुलने के बाद पार्षद कार्यालय से बांटे जाएंगे।

नए-पुराने जोन के चक्कर में बढ़ी परेशानी शहीद चूड़ामणि वार्ड परिसीमन के पहले जोन 5 में शामिल था, बाद में इसे जोन 7 कमिश्नरी के अंतर्गत शामिल वार्ड के रूप में समाहित किया गया। इसके चलते वार्ड के सैकड़ों हितग्राही नए राशनकार्ड को लेकर बेहद परेशान हैं। रामकुंड, बजरंग नगर, समता कालोनी के कई हितग्राहियों के मार्च माह से जमा आवेदन के बाद भी नए राशनकार्ड अब तक नहीं बने। पार्षद दीपक जायसवाल ने बताया, जोन की गलती का खामियाजा वार्डवासी भुगत रहे हैं। कम से कम 200 राशनकार्ड बनकर नहीं आए। कुल 250 नए राशनकार्ड बनाने के लिए निर्धारित फार्म में आवेदन भेजे गए, इसमें से मात्र 50 राशनकार्ड बनकर आए। राशनकार्ड वितरण के लिए जिस निगम कर्मचारी को तैनात किया है, उसकी कोविड में ड्यूटी लगने से ये दिक्कत हो रही है। ब्राह्मणपारा वार्ड के आधे राशनकार्ड बने वार्ड पार्षद सरिता-आकाश दुबे का कहना है, तीन माह पहले नए राशनकार्ड बनवाने वार्ड से 100 लोगों ने जो आवेदन किए, उस आवेदन को खाद्य शाखा में भेजा गया, पर इसमें से मात्र 50 नए राशनकार्ड पीडीएफ फार्मेट में प्राप्त हुए। इनका कवर अब तक नहीं भेजा गया है। पूछने पर खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है, कवर प्रिंट होकर नहीं आया। राशनकार्ड को बिना कवर के नहीं बांट पा रहे हैं।

# हाथी की करंट से मौत बड़ी साजिश है, होनी चाहिए जांच : धरमलाल कौशिक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में हाथियों के मौत मामले पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बयान दिया है। गरियाबंद में हाथी की करंट लगने से मौत मामले में कहा कि जिस तरह से प्रदेश में लगातार हाथियों के मौत के मामले सामने आ रहे हैं। उसे देखने के बाद ऐसा लग रहा है कि इसमें कोई बड़ी साजिश हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार मानव और हाथी के द्वंद रोक पाने में असफल है। छग में हाथियों की करंट और जहर सेवन से मौत मामले में जांच होनी चाहिए।

## "फर्स्ट स्टेप -2020" का ऑनलाइन आयोजन

# कलिंगा विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com


कलिंगा विश्वविद्यालय के 'कला एवं मानविकी संकाय' के नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्वागत के इंडक्शन कार्यक्रम "फर्स्ट स्टेप - 2020" का ऑनलाईन आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधि, उपलब्ध सुविधाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की गयी। इस आयोजन में नए विद्यार्थियों के स्वागत के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिता, क्वीज प्रतियोगिता, गीत नृत्य एवं सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विदित हो कि "कोरोना महामारी" प्रकोप के कारण शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सभी कार्यक्रम ऑनलाईन किए जा रहे है। इसीलिए नए विद्यार्थियों के लिए स्वागत का कार्यक्रम "फर्स्ट स्टेप - 2020" का ऑनलाईन आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें पहले दिन बी.ए., एम.ए., बी.जे.एम.सी., एम.जे.एम.सी., बी.एस.डब्लू और एम.एस.डब्लू पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

"फर्स्ट स्टेप - 2020" के ऑनलाइन आयोजन के प्रथम चरण में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बैजू जॉन, कुलसचिव डॉ संदीप गांधी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आशा अंभईकर और अकादमिक मामले के प्रमुख राहुल मिश्रा की उपस्थिति में ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।





कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डा आर. श्रीधर ने नए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि-" आज विद्यार्थी का जीवन कड़ी प्रतिस्पर्धा का है। आज नवीनतम ज्ञान प्राप्त करने का समय है। हमें अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार अपने को तैयार करना है। आत्मविश्वास के साथ सही दिशा का चयन करके हम प्रत्येक क्षेत्र में सफ्लता हासिल कर सकते है। उन्होंने बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय का उद्देश्य व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ अनुसंधानपरक एवं मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। जिससे विद्यार्थी अपने सर्वोत्कृष्ट लक्ष्य को प्राप्त करे और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश और समाज में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभा सके।

कला एवं मानविकी विभाग के डॉ. एम.एस.मिश्रा ने वर्तमान समय में कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत विभिन्न उपयोगिता पर से प्रकाश डालते हुए कहा कि- "आज विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित पारंपरिक शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ अनूसंधानपरक ज्ञान प्राप्त करना बहुत आवश्यक है कलिंगा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों में सीखने की प्रवृत्ति विकसित करता है। और विद्वान प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में उन्हें सर्वोत्तम ज्ञान देने पर जोर देता है। जिससे शिक्षा के उपरांत वह अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें।

स्वागत समारोह के अगले चरण में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डा. प्रतीक जगताप ने पावर प्वाइंट के मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से नए विद्यार्थियों को कलिंगा विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के साथ-साथ यहाँ के प्रशासनिक और अकादमिक अधिकारियों का परिचय दिया एवं विश्वविद्यालय के मिशन, विजन, और रोडमैप के बारे में विस्तार से बतलाया। दिन भर चले इस कार्यक्रम को विभिन्न सत्रों में बांटा गया था। जिसमें संबंधित विभाग के प्राध्यापकों का परिचय, अकादमिक मामले के प्रमुख अधिकारी राहुल मिश्रा का सत्र, उपकुलसचिव श्री कुमार श्वेताभ का सत्र प्रमुख था । जिसमें विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

# कोंडागांव जिले की शान बना संकुल केंद्र बाखरा, बच्चों से पूछे सवाल

## ऑफलाइन मोहल्ला क्लास एवं रीडिंग कैंपेन का निरीक्षण प्रमुख सचिव ने किया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला कोंडागांव में संचालित ऑफलाइन मोहल्ला क्लास एवं रीडिंग कैंपेन का निरीक्षण प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग डॉ आलोक शुक्ला द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा राजागांव में बच्चों से विषय आधारित गणित विज्ञान पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूंछे गए। एवं बच्चो से गणित के प्रश्न हल करवाए और बच्चों द्वारा बनाई गई, प्राकृतिक चीजों से रंगोली निर्माण की तारीफ किये।

हरदी पारा में संचालित मोहल्ला क्लास में बाल केंद्रित गतिविधियों रिंग का खेल, खेल-खेल में गणितीय संक्रियाएं, कबाड़ के जुगाड से स्थानीय मान निकालना, बच्चो की इन गतिविधियों को देख कर सचिव महोदय बहुत ज्यादा प्रसन्न एवं प्रभावित हुए। और उक्त गतिविधियों को संचालित करवाने वाली महिला शिक्षिका सुरजोतीन ठाकुर से उन्होंने इन गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली एवम् इन सभी बालकेंद्रित शैक्षणिक गतिविधियों को प्रदेश स्तर में लागू करवाने की बात कही एवं संकुल के समस्त शिक्षकों को उनके द्वारा प्रोत्साहन व बधाई दिया गया।

कोकोड़ी में संचालित मोहल्ला क्लास में बच्चों से विषय आधारित हिंदी, गणित, पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछे गए, बच्चों से गणित के प्रश्न हल करवाए गए। इंग्लिश मीडियम स्कूल जामकोटपारा कोंडागांव में संलग्न सभी शिक्षकों से ऑनलाइन क्लास के बारे में जानकारी ली गई और स्कूल प्रबंधन व शिक्षक व्यवस्था की जानकारी ली गई। सचिव महोदय के निरीक्षण के दौरान संचालक समग्र शिक्षा रायपुर एम.सुधीश, सहायक संचालक जगदलपुर ए.राठिया, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे, सहा परि.समन्वयक रामलाल नेताम, वि.खंड शि. अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, सहा वि.खंड शि.अधिकारी इरशाद अंसारी, खंड स्त्रोत समन्वयक अवधेश पांडे, बी. आर.पी.रामप्रसाद कुपाल और संबंधित संकुल के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# एनएसयूआई ने छात्रों के लिए स्वल्पाहार एवं सैनिटाइज़र की व्यवस्था की



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय कोंडागांव के पोस्ट ऑफिस के सामने लगी लंबी कतार में भूंखे प्यासे खड़े विद्यार्थियों की एनएसयूआई ने स्वल्पाहार पेयजल एवं सैनिटाइजर की व्यवस्था किये।

इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते महाविद्यालयो की परीक्षा ऑनलाइन माध्यमो से प्रश्नपत्र प्राप्त करने के पश्चयात परीक्षार्थियों के द्वारा घर पर उत्तर देने के पश्चात पोस्ट आफिस के माध्यम से उत्तरपुस्तिका परीक्षा केंद्रों तक भेजी जा रही है। जिसमे पोस्ट आफिस के सने कड़ी धूप में खड़े छात्र-छात्राओं कि मदद करते हुए एनएसयूआई के द्वारा छात्रों को स्वल्पाहार पेयजल एवं कोरोना महामारी से बचाव के लिए सैनिटाइजर उपलब्ध कराया गया। अखिल भारतीय छात्र संघ विधानसभा अध्यक्ष सुमीत श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों पर ऐसे ही अतिरिक्त आर्थिक बोझ आन पड़ा है, जिसके कारण दुरंचल से आए विद्यार्थियों को असुविधा हो रही है। जिसके चलते हमने स्वल्पाहार पेयजल एवं। सैनिटाइजर की व्यवस्था करवाई।

# डीईओ ने सल्फीपदर में लाउडस्पीकर आफलाइन क्लास का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोरोना संकट काल में अध्यापन कार्य किसी चुनौती से कम नहीं है वहीं प्राथमिक शाला सलफिपदर (लंजोड़ा) में लगभग ढाई महीनों से लाउडस्पीकर आफलाइन क्लास संचालित है। जिसे जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्रा द्वारा औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया गया। व्यवस्था देखकर डीईओ द्वारा खुशी जाहिर करते हुए ग्रामवासियों द्वारा किये जा रहे सहयोग की काफी प्रशंसा किया गया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने आफलाइन क्लास में बच्चों को दिए गए होमवर्क कॉपी की जांच किये बच्चों की एवं होमवर्क देख कर बहुत खुश हुए। वहीं बच्चो को रटन पद्धति को छोड़ जोड़ के माध्यम से सरल तरीका से पहाड़ा बनाने सिखाए साथ ही बच्चो को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किए।

**स्कूल की पेंटिंग एवं व्यवस्था देखकर खुश :** इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्रा द्वारा कोरोना संक्रमण काल में शिक्षक देव कुमार जगत द्वारा शाला में कक्षा एवं विषय अनुरूप किए जा रहे शिक्षाप्रद पेंटिंग एवं सजावट को देखकर बहुत खुश हुए, और हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। शिक्षक जगत ने बताया कि समुदाय के सहयोग से शाला में कई कार्य किए हैं। इस निरीक्षण के दौरान डीएमसी महेंद्र पांडे, बीआरसी कर्ण सिंह बघेल, बीआरपी भास्कर वर्मा, सीएससी संत मरकाम, शिक्षिका सुरेखा सिंह, सरपंच अनीता नेताम, वार्ड पंच सुखराम नेताम, मीना नेताम, एसएमसी अध्यक्ष बिसरू राम नेताम मौजूद रहे।

# प्रदेश में पुलिस के सामने हो रही लोकतंत्र की हत्या : आशुतोष पांडे

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश सह संयोजक आम आदमी पार्टी आशुतोष ने कहा कि कांग्रेस राज में पुलिस प्रशासन के सामने लोकतंत्र की हत्या हुई है। जिसमें शासन प्रशासन मूकदर्शक बना रहा,आप नेता आशुतोष ने कहा कि कांकेर की घटना कमल शुक्ला के ऊपर उल्टे एफआईआर पुलिसिया गुलामी का प्रमाण प्रतीत होता है। आशुतोष ने कहा कि आप पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर उच्च स्तरीय जांच कर इस कर्तव्यहीनता पे दंडात्मक कार्यवाही हो, भ्रष्टाचार से लड़ने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार अन्यथा उग्र आंदोलन व विरोध सहने के लिए शासन तैयार रहे।

**भ्रष्टाचार से लड़ने वालों की सुरक्षा की चिंता करे सरकार :** लोक तंत्र की इस हत्या से दिल दहल गया जब सरे बाजार एक लोकतंत्र के सिपाही की पिटाई कुछ मुट्ठीभर गुंडे करते नजर आए और मंजर इतना भयावह की पुलिस भी थर थर कांपे, इतना हालात खराब हो गया की थाने में बंदूक लहरा गाली गलौज की खुली छूट इस सरकार में गुंडो को प्राप्त हो चला है, भ्रष्टाचार से लड़ने वालों के खिलाफ ही मामला दर्ज करना कलमकारों को कुचलने की कोशिश करना है। पांडे जी ने कहा कि हम गुंडागर्दी का विरोध करते है किसी भी गुंडाराज को मुह तोड़ जवाब दिया जाएगा साथ ही उचित कार्यवाही नही होने पर उग्र आंदोलन की बात कही है। वही आप नेता ने थाना प्रभारी का डिमोशन और निलंबन किए जाने की बात कही है, उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी के ऊपर कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी है, लेकिन उसके सामने इस लोक तंत्र की हत्या होती रही उसे इस पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं।

### कोण्डागांव की घटना पर भी अब तक नहीं हुई कोई कार्यवाही

जिला कोंडागांव में भी लगातार पत्रकारों पर हमले होते रहे हैं, जिसमें हाल ही में केशकाल कांग्रेस पार्षद पंकज नाग सिन्हा ने भी एक मीडियाकर्मियों को गाली गलौच देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। जिस पर एफआईआर हुई और गिरफ्तारी के बाद वह तुरंत मुचलके पर छूट गया। वही आदेश्वर पब्लिक स्कूल के संचालक बसंत पारख द्वारा पत्रकार को स्कूल की अनियमितता की खबर प्रकाशन पर पत्रकार को धमकी देते हुए, जान से मार देने तक कि बात कही थी। जिसकी लिखित शिकायत मीडिया कर्मियों द्वारा थाने में देने के बावजूद आज तक कार्यवाही न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है, जिसके चलते ही इन जैसे गुंडो व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे है। इन सब घटना पर ठोस कदम न उठाया गया तो जल्द ही आप पार्टी आंदोलन हेतु बाध्य होगी।

# कोण्डागांव में भी दी गई सत्यजित भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





सांस्कृतिक नगरी कोण्डागांव के कलाकार एवं कलाप्रेमियों में अभियान दल जगदलपुर के महासचिव सत्यजित भट्टाचार्य के असामयिक निधन के समाचार से शोक की लहर दौड़ गई। बापी दा के नाम से मशहूर सत्यजित भट्टाचार्य पिछले 25 वर्षों से अपने सशक्त निर्देशन में प्रस्तुत नाटकों से स्थानीय कलाकारों के बीच अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रहे। उनके कारण कोण्डागांव के कलाकारों को भी ऑल इंडिया नाट्य उत्सव में हिस्सा बनने का भी मौका मिला है।

स्थानीय कलाकारों ने बताया कि उनके निर्देशन एवं दूरदर्शिता से सुसज्जित अखिल भारतीय बहुभाषी नाट्य उत्सव का आयोजन एक मिनी इंडिया जैसा प्रतीत हुआ करता था।

उनकी पारखी नजर सभी उम्र की प्रतिभा पर पड़ती थी तथा मंच में सीमित संसाधनों के बावजूद स्कूली बच्चों की कला को उभारने में अद्भुत निर्देशन क्षमता का परिचय देते रहे।

उनके इस असामयिक निधन पर कोण्डागांव शास्त्रीय समिति के संयोजक अनुप विश्वास, सलाहकार हितेन्द्र श्रीवास, ज्ञानू महाजन, तुलसी ध्रुव, कोण्डागांव टीम विजयी के कलाप्रेमी एंकट राव, संजय राठौर, रामू राव, ईरशाद अंसारी, प्रभाकर सिंह, ऋषिदेव सिंह समेत पंजीकृत संस्था मानस सांस्कृतिक मित्र मंडल के संयोजक नलिन पण्ड्या, अध्यक्ष श्रीधर पानीग्राही, निर्देशक सपन भट्टाचार्य, बृजेश तिवारी, मधु तिवारी, आर्केस्ट्रा ग्रुप कोण्डागांव के तरूण पानीग्राही एवं कलाप्रेमी संतोष तिवारी, जगमोहन मिश्रा, शैलेष गुप्ता, आलोक भट्टाचार्य, सिद्धार्थ महाजन अध्यक्ष बस्तर संभाग कलाकार संगठन आदि ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## एहतियात बरतते हुए पूरे नगर को सैनिटाइज किया



**किरंदुल।** नोवल कोरोना वायरस दिन ब दिन व्यापक रूप धारण कर रही है और इस भयंकर वैश्विक महामारी के रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा पुनः किरंदुल में लॉकडाउन लगाया गया है। जिसके बाद किरंदुल में नगरपालिका परिषद द्वारा बढ़ रहे कोरोना मामले में लगाम लगाने हेतु सख्ती से लॉकडाउन का पालन करवाया जा रहा है साथ ही एहतियात बरतते हुए पूरे नगर को सैनिटाइज भी किया जा रहा है। आज वार्ड क्र. 01 के प्रत्येक घरों को सैनिटाइज किया जा रहा है। नपा अध्यक्ष मृणाल राय स्वयं उपस्थित होकर सेनिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करवा रहे है।

# पत्रकारों की आवाज़ कुचलना लोकतंत्र पर सीधा प्रहार : दीपेश अरोरा

### स्वस्थ व सुरक्षित माहौल में काम करने की आज़ादी देने के लिए प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू हो

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कांकेर में पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने वर्तमान भूपेश सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला है। भारतीय जनता पार्टी कोंडागांव ने लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हुए हमले कि कड़ी शब्दों में निंदा करते कांग्रेस का संरक्षण प्राप्त गुंडों द्वारा अंजाम दिए गए इस कृत्य की घोर आलोचना की है।

बकौल जिलाध्यक्ष एक ओर भूपेश सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून को लाने कि बात करते पत्रकार बंधुओं के साथ खड़े रहने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर उनके अपने ही कांग्रेसी गुंडे पुलिस व जनता के सामने गुंडागर्दी व मारपीट की घटना को अंजाम देते है। सरकार की असंवेदनशीलता तब प्रकट होती है, जब उनके गृह मंत्री इस घटना को पत्रकारों कि आपसी रंजिश का मामला कहकर प्रश्नों को टालने का प्रयास करते है। यह प्रेस व अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला तो है ही, साथ ही मानवाधिकार हनन एवं लोकतंत्र की आजादी पर भी सीधा हमला है। स्वस्थ व सुरक्षित माहौल में काम करने की आज़ादी देने के लिए यह आवश्यक हो चला है कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू हो। बस्तर संभाग में व्याप्त लाल आतंक के साए में अपनी जान जोखिम में डाल ऐसे कई पत्रकार है जो जमीन से जुड़ी रिपोर्टिंग करते है। दूसरी ओर शासन को आईने दिखाने वाले, भ्रष्टाचार और माफियाराज को उजागर करने वाले एवं जनमानस को जागरूक करने वाले हमारे कलमकारों के विरुद्ध इस प्रकार की दुर्भावना रखने वाले खुद को पत्रकार हितैषी होने का दोहरा मापदंड रखते है।

## नेताओं की घटिया हरकत की चौतरफा निंदा, सुरक्षा की मांग

# पत्रकार कमल शुक्ला सहित अन्य पत्रकार पर जानलेवा हमले की निंदा

पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com



शनिवार को कांकेर पुलिस थाना के सामने कांग्रेस पार्टी के नेताओं के द्वारा पत्रकार कमल शुक्ला सहित अन्य पत्रकार पर जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जिसके बाद जिले सहित पूरे प्रदेश मे कांग्रेस नेताओं की इस घटिया हरकत की चौतरफा निंदा की जा रही है। वही चारामा के सभी पत्रकारों ने भी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए प्रदेश की भूपेश सरकार पर पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जल्द कानून सुरक्षा पास करने व आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही करने की मॉग की।

वही भाजपा पार्टी भी पत्रकारो के समर्थन मे उतर गई है। मिली जानकारी के अनुसार कांकेर के पत्रकार सतीश यादव किसी होटल में चाय पीने गये थे। जहॉ जितेन्द्र ठाकुर पुर्व नगर पालिक अध्यक्ष,कुछ पार्षदो और कांग्रेस नेताओ के साथ वहॉ पहुॅचे। जहॉ सभी ने सतीश यादव से मारपीट की और उन्हें रास्ते भर मारते हुए सामने थाने में ले आए। जब इसकी सूचना अन्य पत्रकारों को मिली तो कमल शुक्ला के नेतृत्व में कई पत्रकार थाने पहुॅचे। इसके तुरन्त बाद बड़ी संख्या मे कांग्रेसी नेता व गुंडे थाने के सामने जमा हो गये। और थाना परिसर के बाहर ही कमल शुक्ला को घसीटकर मारा,उनके कपडे फ ाडे ,उनपर जानलेवा हमला किया,जिसका वीडियो वहॉ उपस्थित लोगों ने बनाया। वीडियो मे स्पष्ट दिख रहा है कि कांग्रेस के नेता गुंडों की तरह अपशब्दों का उपयोग करते हुए पत्रकार को मार रहे है ंऔर उन पर जानलेवा हमला भी किया। जिसमे जितेन्द्र ठाकुर के साथ कांग्रेस नेता, विधायक प्रतिनिधि गफ्फार मेमन,इंटक नेता व जिला बदर रह चुके अपराधी गणेश तिवारी भी विडियो मे नजर आ रहे है,जिसके बाद वहॉ उपस्थित अन्य पत्रकारो ने बीच बचाव किया। और कमल शुक्ला को अस्पताल मे भर्ती कराया। वही पत्रकारो ने इसकी शिकायत जिला एस पी से की। वही इस घटना को लेकर चारामा पत्रकारो ने भी कांग्रेस नेताओ की इस घटना की निंदा की। आरोपियो पर कार्यवाही के लिए नगर के पत्रकार सोमवार 28 सितम्बर को 12 बजे पत्रकार भवन से एसडीएम कार्यालय तक मौन रैली निकालकर जिला कलेक्टर एंव एस पी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपेगे। वही मुख्यमंत्री से मॉग की कि वे पुरे प्रदेश मे पत्रकार सुरक्षा कानुन लागु करे और पत्रकारो को सुरक्षा दे। क्योकि उनके ही पार्टी के नेताओं से पत्रकार असुरक्षित है।नगर के सभी पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि एक पत्रकार हमेशा समाज का आईना बन कर कार्य करता है ,समाज को शासन प्रशासन के अच्छी बुरी घटनाओं से अवगत कराता है,ऐसे में पत्रकार कभी किसी का दुश्मन नहीं होता,लेकिन कुछ लोग पत्रकारो के कार्य से असंतुष्ट होकर ऐसी घटनाओ को अंजाम देते है। लेकिन पुलिस के सामने अगर ऐसी घटनाऍ घटती है तो वह और भी निंदनीय है,इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस भी इन गुंडे नेताओं की समर्थक बन चुकी है। इस दौरान नगर के सभी पत्रकार उपस्थित थे।

# कांकेर के पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के विरोध समर्थन में आए जिले के पत्रकार

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कांकेर में पत्रकारों पर हुए हमले की कोंडागांव जिले के पत्रकारों ने एक स्वर में निंदा करते हुए कांकेर पंहुचकर पत्रकारों द्वारा आयोजित धरने में सहभागी बनें। कोंडागांव जिले के समस्त पत्रकारों ने 26 सितंबर को कांकेर में वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकारों के हक एवं सुरक्षा के मुद्दों को लेकर सतत् संघर्षरत रहने वाले कमल शुक्ला एवं पत्रकार सतीश यादव पर हुए जानलेवा हमला पर गहरा दुख जाहिर करते हुए, इसे पूर्व नियोजित षड्यंत्र पूर्वक घटित किया गया घटना निरूपित किया है। जिले के पत्रकारों ने यह मांग किया है कि पुलिस थाना कांकेर और थाना के बाहर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज को अविलंब सुरक्षित रखवा कर पूरी निष्पक्षता से मामले की जांच करवाया जावे। मामले से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़े सभी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जावे। कोंडागांव जिले के के सभी पत्रकारों ने यह संकल्प लिया है कि हम सभी पत्रकारों पर हुए हमले की जांच कार्रवाई की मांग को लेकर किए जाने वाले हर धरना प्रदर्शन आंदोलन में सबसे आगे खड़े रहकर सहभागी बनेंगे। कोंडागांव जिले के पत्रकारों ने कांकेर पंहुचकर दिन भर धरना दिया और पत्रकारों पर हुए जुल्म ज्यादति के खिलाफ आवाज उठाते अपनी अहं भागीदारी अदा किया।

# चिकित्सा अधिकारी ने किया पोस्टमार्टम करने से इंकार

## सर्व आदिवासी समाज ने चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध खोला मोर्चा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

इलाके की आड़ बता पोस्टमार्टम करने से साफ इंकार करने का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है। चिकित्सा अधिकारी के गैर जिम्मेदाराना रवैया ने स्वास्थ्य विभाग के सिस्टम पर सवाल खड़े कर रहा है। बता दे कि पाण्डुका थाना क्षेत्र के सरकड़ा गांव में करेंट लगने से आदिवासी समुदाय के 3 लोगो की मौत हो गई।

मृत्यु पश्चात परिजनों ने पाण्डुका पुलिस की निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम ले गए,परिजनों ने शव को वाहन से नीचे उतार चीरघर भी ले गए किंतु यहाँ के चिकित्सा अधिकारी ने पोस्टमार्टम करने से इस लिए इंकार कर दिया कि उक्त मृतक के शव छुरा विकासखण्ड व पाण्डुका थाना क्षेत्र के थे। सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष भारत दीवान ने भारी निवेदन भी किया कि उन्होने इस हस्तक्षेप की सूचना मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अलावा जिले के कलेक्टर को भी दिया।



जिले के स्वास्थ्य अधिकारी ने भी राजिम के चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि मृतकों के पोस्टमार्टम करें किन्तु उनके निर्देशो का भी पालन नहीं हुआ। समाज प्रमुखों ने कोई समाधान नहीं निकलते देख शव को वापस पाण्डुका ले आए जहाँ उनका पोस्टमार्टम शाम को किया गया। चिकित्सा अधिकारी के इस तरह के व्यवहार से हर कोई छुब्ध है। उनके इस तरह के रवैये के बाद आदिवासी समाज सख्त हो गए है।

सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष भारत दीवान ने मानवता से खिलवाड़ करने वाले राजिम के चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध मोर्चा खोल दिए है।

उन्होंने कहा कि सिस्टम की लापरवाही से तीन-तीन आदिवासियों की एक साथ मौत हुई है,ऐसे विषम परिस्थितियों में परिजनों के प्रति प्रशासन का रवैया सहानुभूति पूर्ण होना चाहिए किन्तु राजिम के चिकित्सा अधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम करने से इंकार करते हुए अपमान किया है। या कहे मृतक के शव मौत के बाद भी गंदा सिस्टम का शिकार हुए है।

आदिवासी समाज के तीन-तीन लोगों की अकाल मौत हुई है,परिजन और समाज के ऊपर मौत का पहाड़ टूटा है,परिवार और समाज दुखी है,ऐसे समय में स्वास्थ्य विभाग के गन्दा सिस्टम ने समाज को और परिवार को भारी गहरा दुख पहुचाया है। आदिवासी समाज की चिकित्सा अधिकारी उपेक्षा की है। ऐसे निर्दयी डॉक्टर के विरुद्ध मोर्चा खोला जाएगा।

**-भारत दीवान,** अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद

आदिवासी समाज के लोगों ने इस मामले की जानकारी दिए थे। मैने राजिम बीएमओ को पोस्टमार्टम करने के लिए निर्देशत कर दिया था। बाद में पता चला कि उन्होंने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया है,फिर पाण्डुका में पोस्टमार्टम करने व्यवस्था किया गया था।

**-एनआर नवरत्न,** सीएमएचओ गरियाबंद

## कोरोना के 70 नए मरीज, 37 को मिली छुट्टी, 4 की मौत

**बलौदाबाजार।** जिले में कोरोना के 70 नये मरीजों की पहचान की गई है। वहीं 37 लोग को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। 4 मरीजों की मौत हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि आज 70 लोग का कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। इसमें 43 आरटीपीसीआर और 27 एंटीजन सैंपल के पॉजिटिव रिपोर्ट शामिल हैं। विकासखण्ड वार मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार विकासखण्ड से 2 मरीज, भाटापारा विकासखण्ड से 25 मरीज, बिलाईगढ़ विकासखण्ड से 24 मरीज, कसडोल से शून्य, पलारी से 4 मरीज, सिमगा से 9 मरीज और जिला अस्पताल से 6 मरीज शामिल हैं। इन्हें मिलाकर पॉजिटिव संक्रमित मरीजों की संख्या 3 हजार 99 तक पहुंच गई है। इनमें से 1 हजार 480 पूरी तरह ठीक होकर अपने घर चले गए हैं, वहीं 1 हजार 580 मरीजों का इलाज चल रहा है। कोविड अस्पताल, केयर सेन्टरों के साथ ही कुछ मरीजों का इलाज घरों में आइसोलेशन के साथ किया जा रहा है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में आज 4 मरीजों की मौत हुई। कोरोना के साथ ही अन्य जटिल बीमारियों से वे पीड़ित थे। उन्होंने बताया कि आज सिमगा विकासखण्ड की 62 वर्षीय महिला, बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 44 वर्षीय पुरुष, पलारी विकासखण्ड की 55 वर्षीय महिला और एक 55 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। इनमें से तीन मरीजों की मौत रायपुर के तीन अलग-अलग अस्पतालों में और एक की मौत बलौदाबाजार के जिला कोविड अस्पताल में हुई है। इसके साथ ही जिले में अब तक कोरोना से मौत की संख्या बढ़कर 39 तक पहुंच गई है। जिले में आज 193 कोरोना जांच के लिए सैंपल एकत्र किए गए।

## डॉ. रमन सिंह एवं सौदान सिंह पुनः राष्ट्रीय टीम में, कार्यकर्ताओं में हर्ष

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को पार्टी का पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सौदान सिंह को पुनः राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण निर्मित हुआ है। जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने बधाई देते हुए कहा कि डॉ. रमन व सौदान सिंह के नेतृत्व में पार्टी और भी अधिक मजबूत होगी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की यह ऊर्जावान टीम निश्चित ही ''अन्त्योदय'' के संकल्प को फलित करने में सफल होगी।

मेरी शुभकामनाएँ है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं सौदान सिंह पुनः राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बने हैं यह जिले के सभी कार्यकर्ताओं के लिए गौरव की बात है जिसके लिए मैं एव जिले के समस्त कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र टिकरिहा,भाजपा नेता टेसूलाल धुरंधर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विधि प्रकोष्ठ धनंजय साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, महामंत्री द्वय राकेशतिवारी, सुभाष जालान, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, नपा अध्यक्ष चितावर जायसवाल, नपं पलारी अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, नपं लवन अध्यक्ष मीना बार्वे, जनपद अध्यक्ष कसडोल गौरीदेवी, उपाध्यक्ष पूनम मारकंडेय, नीलमसोनी, तेजराम वर्मा, द्वारिका प्रसाद, दुर्गाप्रसाद पटेल, उमेश बाजपेयी,जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा,जिलामंत्री कृष्णा अवस्थी, महाबल बघेल, राजकुमार साहू, सुनीता वर्मा, चंचला महिलाने जिला मीडिया प्रमुख भाजपा रितेश श्रीवास्तव,डोमन वर्मा,मुकेश जायसवाल, मनोहर सरजाल, नेत रंजन निर्मलकर, जिले के समस्त भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि,मोर्चा, प्रकोष्ठ, समस्तमंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने पुनः नियुक्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों ने उपवास रखकर सरकार को याद दिलाया मांग

**सरायपाली।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी अपने 2800 ग्रेड पे की मांग को लेकर सभी कर्मचारी एक दिन का उपवास रख कर सरकार को याद दिलाने अलग तरह का प्रदर्शन किया गयाण् 5000 से अधिक उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ छत्तीसगढ़ के पूरे 20000 ग्राम में अपनी सेवा देने वाले स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी सुपरवाइजर और बी ई टी ओ वर्षों से 2800 ग्रेड पे की मांग कर रहे है, इसी मांग को लेकर 2018 में अनिश्चित आंदोलन किए थे जिसमे 1262 कर्मचारियों को बर्खास्तगी भी झेलनी पड़ी थी, हड़ताल के समय कांग्रेस के जनप्रतिनिधि पूरा आश्वाशन दिए थे कि हमारी सरकार बनते ही 2800 ग्रेड प्रदान किया जाएगा।

## लॉकडाउन में जुआ खेलते 13 जुआरी को पुलिस ने धरदबोचा, नगदी रकम 4670, ताश जब्त

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षकआई के एलेसेला द्वारा जुआ, सट्टा, अवैध शराब के खिलाफ एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने सख्त निर्देश देने पर जिसके तारतम्य में आज दिनांक 27.09.2020 को जुआ,सट्टा कार्यवाही पर रवाना हुए थे कि जरिए मुखबिर के माध्यम से सूचना मिला की कुछ लोग लॉकडाउन का उल्लंघन कर रेंगाबोड रंग मंच के पास कुछ जुवाडी 52 पत्ती ताश ताश से हार जीत का दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे की सूचना से तत्काल हालात पुलिस अधीक्षक महोदय आई के ऐलसेला को अवगत करा कर उनके निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल एवं एसडीओपी भाटापारा के वी द्विवेदी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डीएसपी तारेस साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में हमराह स्टाफ एवं गवाहान के मुखबिर के बताए अनुसार जगह में जाकर चारों तरफ से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये तो कुछ जुआडी यान ताश पत्ती से हार जीत का दाव लगाकर काट नामक जुआ खेलते मिले जो क्रमशः 01. राम सिंह पिता रामदयाल साहू उम्र 35 साल 02. श्री राम पिता कार्तिक राम साहू उम्र 52 साल 03.रूपचंद पिता डेरा राम साहू उम्र 50 साल 04. अर्जुन पिता के नाम साहू उमर 48 साल 05. विनोद पिता सुशील साहू उम्र 25 साल 06.संत रामपाल साहू 25 साल 07. नारायण पिता गणेश राम साहू उम्र 40 साल 08. रूपेश कुमार पिता राम साहू उम्र 37 साल 09. हरि राम पिता विश्राम यादव 30 साल 10.हेमलाल पिता लानू साहू उम्र 44 साल सकिनान रेंगाबोड 11. देवेश पिता दशरथ साहू उम्र 39 साल 12.थुकेल राम पिता चंदुराम साहू उम्र 58 साल 13.वीरेंद्र पिता सोहन साहू उम्र 35 साल निवासी रेंगाबोड़ के कब्जे से नगदी रकम 4,670 एवं 52 ताश को जप्त कर कब्ज़ा पुलिस लिया गया जुआड़ीयान लोगो के खिलाफ 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई।



## लॉकडाउन में तगड़ी नाकेबंदी, 25 चालकों से दस हजार समन शुल्क वसूला

**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के कड़ी कार्यवाही के निर्देश प्राप्त होते ही यातायात विभाग ने अम्बेडकर चौक में तगड़ी नाकेबंदी की और आने जाने वाले प्रत्येक वाहन सवार को रोककर आने जाने का कारण पूछते हुए उन्हें बेवजह न घूमने, हेलमेट पहनकर चलने तथा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाकर ही चलने की समझाइश देते हुए करीब 25 वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए दस हजार एक सौ रूप्ये का समन शुल्क वसूला । इसके पूर्व भी सम्पूर्ण लाकडाउन लगने के पहले दिन भी 23 वाहनो पर कार्यवाही करते हुए दस हजार रूप्ये का समनशुल्क वसूल राजस्व जमा किया गया था । साथ ही बलौदाबाजार के मुख्यमार्ग सहित अन्य मार्गो में बेवजह धुमने वालो को कडी समझाईश देते हुए यातायात प्रभारी ने धर पर ही रहने और लाकडाउन नियमो का पालन करने हेतु कहा । इस सबंध मे यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार सिह ने बताया कि लाकडाउन का पालन अनिवार्य है तथा कोरोना से सुरक्षा की दृष्टि से और इसका परिपालन कराने हेतु माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय का निर्देश पाप्त हुआ था जिस पर आज चालानी कार्यवाही की गयी है और यह आगे भी जारी रहेगा ।

## नगर के वार्ड क्रमांक 22 में स्थित खेल मैदान में सफाई अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्रमांक 22 तिल्दा पर स्थित खेल मैदान में क्रिकेट क्लब के तत्वधान में सफाई अभियान का सुरुवात करते हुए आज के युवा पीढ़ी द्वारा चलाया गया बताना लाजमि हैं अभी के समय में खेल ही एक ऐसा जरिया है जिसे अपनाकर युवा पीढ़ी जो की नशे हलात और सामाजिक बुराइयों से कोषो दूर हो सकती है। आज के समय में युवाओं जो की नशे के हलात में हैं। असमाजिक व नशे के कहर से बचने के लिए युवाओं को अधिक से अधिक खेलों की तरफ ध्यान केंद्रित करते हुए रुचि ले ताकि व नशे की लत को छोड़कर एक अच्छा इंसान बन सके व लोगों को अपनी पहचान से रूबरू करा सके यही विचार तिल्दा निवासी व वन्दे क्रिकेट क्लब के प्रधान रविशंकर ध्रुव के द्वारा खेल मैदान में आज सोमवार को सफाई सफाई अभियान प्रारंभ करते हुए टिम सदस्य व युवाओं को प्रेरित करते हुए कहां गया की युवाओं को खेलों के साथ जोड़कर उन्हें नशे की लत से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही अपने चारों तरफ खेल मैदान में साफ सफाई का मुहिम चलाकर युवाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ताकि खेल मैदान में आने वाले खिलाडियों को छायादार वृक्ष में छांव मिल सके साथ ही वातावरण साफ हो कार्यक्रम में मुख्य रूप से सफाई अभियान में श्रमदान करने वाले में युवा गौकरण निषाद अंजीत विश्वकर्मा, कमल निर्मलकर, सुनील कुमार, जितेंद्र, ओम, कबीर, उदय, वह अनेक युवाओं ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम को पूर्ण किया।



## करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत

■ डीएफओ मयंक अग्रवाल ने हाथी की मौत की पुष्टि

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में बीती रात एक दैंतेल हाथी की मौत हो गई है, जानकारी के मुताबिक करंट लगने से हाथी की मौत हुई है, जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच चुका है, मामला धवलपुर वन परिक्षेत्र का बताया जा रहा है। धवलपुर से लगे ग्राम परागांव में बीती रात एक हाथी की संदिग्ध मौत हो गई है, आज सुबह जैसे ही ग्रामीणों ने हाथी को जमीन पर लेटे देखा तो इसकी सूचना वन विभाग दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए, डीएफओ मयंक अग्रवाल भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे । ग्रामीणों और वन विभाग के मुताबिक हाथी की मौत करंट लगने से हुई है, हाथी 11 केव्ही लाइन की चपेट में आ गया, वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 20 से 22 हाथियों का एक झुंड बीते कुछ दिनों से इलाके में भ्रमण कर रहा है, उन्हीं में से एक हाथी की करंट लगने से मौत हुई है। अभी तक जो जानकारी निकल कर सामने आ रही है उसके मुताबिक विद्युत विभाग की लापरवाही हाथी की मौत का बड़ा कारण बनी है। डीएफओ मयंक अग्रवाल ने बताया कि 11 केव्ही का तार नीचे झूल रहा था जो हाथी की मौत का कारण बना। यदि लाइन निश्चित ऊंचाई पर होती तो शायद हाथी की जान नहीं जाती। ऐसा नहीं है कि विद्युत विभाग को अपनी इस लापरवाही की जानकारी ना हो, ग्रामीणों का दावा है कि इसको लेकर उन्होंने कई बार विद्युत विभाग से शिकायत की है, लगातार शिकायत के बाद भी विभाग ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया, और आज इसका एक बड़ा नुकसान सामने आए हैं। डीएफओ मयंक अग्रवाल ने हाथी की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि करंट लगने से हाथी की मौत हुई है, 11 केव्ही लाइन की चपेट में हाथी आ गया जिससे उसकी मौत हो गई है, घटना आज सुबह 3 से 4 बजे की बताई जा रही है, फिलहाल वन अमला और खुद डीएफओ मौके पर मौजूद थे ।



## केंद्र सरकार की नीतियों से किसानों का विश्वास उठ चुका : शकुन्तला साहू

पायनियर संवाददाता < कसडोल/डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

शकुंतला साहू विधायक कसडोल विधानसभा एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ने कृषि विधेयक को लेकर नरेंद्र मोदी वाली केंद्र सरकार के दावे को झूठा करार दिया है। यह विधेयक पूरी तरह किसान विरोधी है। केंद्र सरकार की नीतियों से देश के करोड़ों किसानों का विश्वास उठ चुका है। कृषि प्रधान देश में पूरी खेती की व्यवस्था को मोदी सरकार ने कार्पोरेट जगत के हवाले कर दिया है। केंद्र सरकार अगर वास्तव में किसानों का हित चाहती है तो पूरे देश में मा. भूपेश सरकार की नीतियों को लागू करना चाहिए मोदी सरकार के इस बिल से किसान तबाह हो जाएंगे। विधेयक लागू होने के बाद देश के किसान फसल की पैदावार के लिए जी-तोड़ मेहनत करेंगे और इसका मुनाफा बड़े औद्योगिक - व्यवसायिक घराने कमाएंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों से कर्जमाफी और 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा किया था। यह वादा सरकार बनाने के दो दिनों के भीतर लागू कर दिया गया। दूसरी ओर मोदी सरकार ने 6 साल पहले लोकसभा चुनाव में किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था। यह वादा आज तक पूरा नहीं किया गया। केंद्र सरकार के किसान विरोधी फैसलों के कारण बड़े राज्यों में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मोदी सरकार अगर किसानों का भला चाहती है तो धान, गेहूं, मक्का,जौ सहित सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का फैसला करे। केंद्र सरकार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की किसान नीतियों को पूरे देश में लागू करना चाहिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फैसलों से छत्तीसगढ़ के किसान बेहद खुश हैं। केंद्र सरकार को भी भूपेश सरकार की नीतियों को फालो करना चाहिए। आज देश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जब देश का लोकतंत्र और देश के किसान खतरे मे कहा कि मोदी सरकार द्वारा किसानों को लेकर लाए गए काले कानून केंद्र राज्य संबंधों और हमारे संविधान की संघ व्यवस्था पर हमला है। जिस तरीके से 3 किसान विरोधी बिल लाए गए हैं वह सीधे सीधे किसानों पर हमला है।



### अध्यक्ष ने नये सदस्यों का आभार व्यक्त किया

## संजीवनी रक्तदाता के नये सदस्यों ने रक्तदान किया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

आज की भागम भाग दौर में कोई भी इंसान अपनों के लिए वक्त नहीं निकाल पाता हैं। ना ही बिना कोई स्वार्थ के किसीभी इंसान की मद् द करने के लिए सजग नही होता क्योंकि बहुत से लोग सोचते हैं कि हमारे पास हमारे लिए ही समय नही है। तो किसी और के लिए कहां से समय दे पायेगें लेकिन कुदरत अपना करिसमा दिखा ही देता है। इसलिए तो इंसायनियत को जिंदा रखने के लिए कई जगहों पर समाज सेवी संस्थाओं को चलाया जा रहा हैं। ऐसे ही नेवरा का एक सख्स जो की विकलाग होते हुये भी समाज सेवी करते आ रहा हैं। अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान जो की संजीवनी रक्तदाता संघ का शुरुवात किया था जो की नगर से लेकर गांव गांव में उनका सदस्य जुड़ा है। जो की नाम से जाना जाता है।जिसमे बहुत लोगों ने सदस्यता ग्रहण करके समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्त दाता संघ का उपार्जन(निर्माण) किया एवं ये बीड़ा उठाया की रक्तदान कर हम सभी वर्ग के लोगों को रक्तदान कर हम उनकी निःस्वार्थ भाव से सेवा कर सके। आज संजीवनी रक्तदाता संघ में युवक और युवतियों द्वारा सदस्य जोड़ो अभियान चलाकर इस समाज सेवा संघ के सदस्यों में बहुत वृद्धि करके लोगों को यह बता दिया हैं। कि हम भी वाकई में रक्तदान या कोई समाज सेवा का कार्य कर हम असहाय व गरीब लोगो की मदद कर सकते हैं। 24 सितंबर को समाजसेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्य जोड़ो अभियान के तहत सक्रिय सदस्य गौकरण साहू ग्राम परसदा निवासी द्वारा रक्तदान किया गया एवं इनसे व तिलक राम साहू से प्रेरणा लेकर तथा उनके समाज सेवा कार्य से प्रेरित होकर एक नए सदस्य ने सदस्यता ग्रहण किया। जिसका नाम टेकराम साहू है, जिन्होंने सदस्यता ग्रहण करते हुए जरूरतमंद मरीज को खून की कमी के चलते अपने गांव के ही मित्र सूरज साहू पिता सेवा राम साहू ग्राम परसदा निवासी को स्थान मिशन हॉस्पिटल ब्लड बैंक तिल्दा संपूर्ण लॉकडाउन के चलते विभिन्न कठिनाइयों का सामना करते हुए हॉस्पिटल पहुंचकर हमारे दोनों नए सदस्यों ने बहुमूल्य समय निकालकर अपना प्रथम बार रक्तदान कर संस्था का गौरव बढ़ाया है और यह साबित कर दिया कि हालात जैसे भी हो हम समाज सेवा (रक्त दान) करने के लिए सदैव ही तत्पर रहेंगे और सम्पूर्ण लॉकडाउन के चलते, अपने जान की परवाह किये बिना रक्तदान करने वाले रक्तवीरो को हम नमन करते हैं।आप इसी तरह रक्तदान करते रहे।

और समाज में युवक और युवतियों को सदस्यता जोड़ो अभियान चलाकर सदस्यता दिलाये,जिससे रक्तवीरो कि संख्या में बहुत बड़ी मात्रा में वृद्धि की जा सके। जिससे जरूरत मंद लोगों को आसानी से रक्तदान कर सके इसके लिए संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं समस्त सदस्यगण रक्तवीर साथियों आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।





## विषम से विषम परिस्थितियों में जनता के साथ खड़ा हैं छग उत्थान समिति

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर में जब से लॉकडाऊन लगा है तब से छत्तीसगढ़ उत्थान समिति व सृजन समाजसेवी संस्था के सहयोग व युवा समाजसेवी संदीप वर्मा और युवाओं के प्रेरणार सौत देवेंद्र पटेल के कुशल मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं ने अति आवश्यक वस्तुओ जैसे (दवाई, राशन,सब्जी) की घर पहुँच सेवा निःशुल्क प्रदान कर रहे है केवल वस्तु का निर्धारित शुल्क है पहुँचाने का कोई शुल्क नही है, सेवा लेने वाले सेवा में लगे 6 स्वयंसेवको के फोन नम्बर पर सम्पर्क कर आवश्यक वस्तु की जानकारी लेकर सेवा के लिए आग्रह करते है कार्यकर्ता बिना विलम्ब किये शासन प्रसाशन के नियमों का पालन करते हुवे सेवा के लिए ततपर हो जाते है। इस सेवा कार्य से बीते दिनों में सैकड़ों परिवारों ने लाभ उठाया है,छत्तीसगढ़ उत्थान समिति जैसे समाजिक संस्था लगातार विषम से भी विषम परिस्थिति में आम जनता व नागरिकों के सेवा में लगातार लगे हुवे है, संदीप वर्मा ने बताया कि समिति के कार्यकर्ता सेवा का व्रत धारा अर्पित जीवन सारा के भाव को लेकर निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्यो के लिए समर्पित है सेवा में लगे कार्यकर्ता तरुण साहू, दमन साहू,चंद्रशेखर निषाद, भूपेंद्र देवांगन,अकाश,यश,दुर्गेश,शिवपुरी गोस्वामी, वरुण साहू, दानेश्वर साहू,भवानी जायसवाल, उमेश साहू,अविनाश निर्मलकर,मुकेश निर्मलकर, शनि यादव, संभाग संयोजक दुर्गेश साहू,अध्यक्ष खूबदास वैष्णव आदि कार्यकर्ता लगे हुए है।



## क्विक न्यूज

### एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में ऑटोमैटिक सेनिटाइजर मशीन लगाई



**किरंदुल।** लौहनगरी किरंदुल में लगातार कोरोना मरीजो की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। जिसके मद्देनजर एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में ऑटोमैटिक वेक्यूम प्रेशर सेनेटाइजर मशीन लगाई है। गुफानुमा आकार से तैयारकर मशीन स्थापित की गई।

जिसमें लोगों के गुजरने से मशीन पूरे शरीर को ऑटोमेटिक सैनेटाइज कर देता है।इसे अस्पताल के स्टाफ के अलावा मरीज एवं आने जाने वाले लोग भी इसका लाभ ले रहे है।एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा एक अच्छी पहल देखने को मिल रही है लेकिन इसे नगर के अलग अलग क्षेत्रों में सार्वजनिक तौर पर लगाई जानी चाहिए जिससे अन्य लोगों को भी इसका फायदा मिल सके।

# सुरक्षा के साथ आज से लॉकडाउन समाप्त, सुबह 8 से रात 8 तक सभी दुकानों को खोलने के आदेश

■ **नगरपालिका एवं अन्य भवन का चिन्हांकन कर लोगों का कोरोना जांच करें**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



22 सितंबर की रात से 29 सितंबर तक लगाया लॉक डाउन को आदेशानुसार 30 सितंबर को समाप्त करने का आदेश कलेक्टर जशपुर महादेव कावरे ने जारी कर दिया है। कलेक्टर कावरे ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जशपुर जिले में 7 दिनों के लिए लगाए गए लॉकडाउन को 30 सितम्बर को खोलने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी, वनमण्डलाधिकारी कृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा त्रिपाठी, मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी.सुथार, नगरपालिका अधिकारी बसंत बुनकर, डीपीएम गनपत नायक उपस्थित थे।

**सुबह 8 से रात 8 तक आदेश** - कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जशपुर जिले में 22 सितम्बर की रात 12 बजे से 29 सितम्बर की रात 12 बजे को इसकी समयावधि पूर्ण हो जाएगी। आगामी 30 सितम्बर से सभी दुकानें कार्यालय आदि पूर्व की तरह संचालित होंगी। साथ ही लोगों को कोरोना संक्रमण की सुरक्षा के लिए सोशल डिस्टेंश का पालन एवं मास्क लगाने और सेनिटाईजर का उपयोग करने कहा गया है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना पॉजिटिव पाए जाएंगे उन्ही जगहों को कंटनमेंट जोन घोषित किया जाना है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के आसपास के लोगों का भी कैम्प लगाकर कोरोना जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने लॉकडाउन खुलने के उपरांत दुकानदारों ठेलेवालों को सेनिटाईजर अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए है। साथ ही ठेलेवाले अपने ठेले चारों तरफ रस्सी का घेराव करने और उसमें सेनिटाईजर रखने के लिए भी कहा गया है ताकि ग्राहक सामान लेने आए तो सबसे पहले सेनिटाईजर का उपयोग करने फिर सामान खरीदें। इससे कोरोना संक्रमण से सुरक्षित बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों को कोरोना जांच की सुरक्षा देने के लिए नगरीय क्षेत्र में नगरपालिका भवन एवं अन्य भवन का चिन्हांकन करके लोगों का कोरोना जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए है। ताकि जिला अस्पताल के अलावा अन्य जगहों पर भी कोरोना जांच का लाभ लोगों को मिल सके।

**साफ-सफाई के दिए निर्देश** - कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को लाईवलीहुड आईसोलेशन सेंटर में सेनिटाईजर का छिड़काव, बाथरूम की अच्छे से साफ-सफाई करने के निर्देश दिए है ताकि मरीजों को किसी प्रकार कोई दिक्कत न होने पाए उन्होंने कोरोना टेस्ट और होमक्वारेंटाईन से डिस्चार्ज हुए मरीजों का ऑनलाईन एन्ट्री करने के लिए भी कहा गया है। मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कोविड हॉस्पिटल में 53 मरीज और लाईवलीहुड आईसोलेशन सेंटर में 38 मरीजों को रखा गया है। होमआईसोलेशन वाले मरीजों को मापदण्ड पूरा करने पर सुविधा दी जा रही है।

### व्यापार संघ अध्यक्ष की अपील



जिला कलेक्टर महादेव कावरे के निर्देशानुसार बुधवार से व्यवसाय प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुल सकेंगे। संघ के सदस्यों ने अपील करते हुए व्यापार संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ डिंपल जैन ने कहा कि आप पूर्ण रूप से उत्साहित किन्तु सावधानी पूर्वक व्यवसाय करें बस इतना ध्यान रखें कि सभी मास्क पहनें तथा सोशियल डिस्टेन्स के नियम का पूर्णरूपेण पालन करें तथा जब व्यवसाय करने के पश्चात घर पहुंचे तो गर्म पानी से नहाकर, पहने कपड़ो को गर्म पानी मे धोएं तथा भाप जरूर लें। जरा सा भी कोरोना के लक्षण दिखे तो टेस्ट कराकर उचित चिकित्सा को अपनाएं जिससे आप/आपका परिवार और अन्य सभी सुरक्षित रह सकें।

# 77 वर्षों से निरंतर चल रहा है गांधी पदयात्रा सप्ताह

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने वाले फुलझर के बापू कहलाने वाले स्वर्गीय पंडित जयदेव सतपथी द्वारा शुरू किए गए गांधी पदयात्रा सप्ताह को आज भी उनके परिवार जन निरंतर आयोजित करते आ रहे हैं सराईपाली बसना क्षेत्र फु लझर अंचल में प्रसिद्धि पा चुके गांधी पदयात्रा सप्ताह को लेकर अंचल के लोगों में लगातार उत्साह बना हुआ है गांधी के आदर्शो को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर पिछले 77 वर्षों से यह पदयात्रा निरंतर प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है लेकिन इस वर्ष कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव और लाकडाउन के चलते इस पद यात्रा का सांकेतिक आयोजन किया जा रहा है लेकिन विशेष सावधानी बरती जा रही है और सभाओं का नहीं किया जा पा रहा है । सतपथी परिवार एवं गांधी बापू फुलझरिया बापू स्वतंत्रता सेनानी पंण् जयदेव सतपथी के आदर्शों पर आस्था रखने वाले पदयात्रियों के द्वारा 1942 से आज पर्यन्त अनवरत जनजागरण पदयात्रा करते आ रहे हैंएए वर्तमान विषम परिस्थितियों के कारण सामाजिक दुरी बनाये रखते हुए सतपथी परिवार द्वारा सांकेतिक गांधी पदयात्रा का संचालन 25 सितंबर 2020 से प्रारंभ किया गया इसके तहत कोई जन सभा विचार गोष्ठियों का आयोजन नहीं किया जा रहा है केवल सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता कार्यक्रम किया जा रहा है दूर से देखने वाले पूज्य गांधी एवं पंण् जयदेव सतपथी के द्वारा प्रारंभ इस अभियान को श्रद्धा से याद कर उनके छाया चित्र को नमन कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि स्वर्गीय पंडित जयदेव सतपथी के पश्चात उनके पुत्र पूर्व विधायक पंण् लक्ष्मण सतपथी द्वारा पदयात्रा की कड़ी को सफ्लतापूर्वक आगे बढ़ाया गया था लेकिन अब अंचल के प्रसिद्ध शिक्षाविद पंडित विद्याभूषण सतपथी गांधी पदयात्रा सप्ताह की कमान संभाले हुए हैं। पंडित विद्या भूषण सतपथी ने इस गांधी पदयात्रा सप्ताह को ले करके बताया है कि जन जागरण की दिशा में फुलहर जल में चलाया जा रहा यह एक महत्वपूर्ण अभियान है लोगों को गांधी के आदर्शों की जानकारी देने और एक बेहतर समाज की परिकल्पना के साथ इस पदयात्रा सप्ताह का आयोजन किया जाता है।

# पुलिस ने खोरमा में हुए अंधे कत्ल का खुलासा कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कदमपारा प्रतापपुर निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने थाना प्रतापपुर में सूचना दिया कि वह अमरकंटक से वापस प्रतापपुर आ रहा था कि रात्रि करीब 12.40 बजे ग्राम खोरमा मेन रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति मरा पड़ा हुआ है सिर पर चोट लग कर खून निकल रहा है कि सूचना पर मर्ग क्रमांक 87/2020 धारा 174 जाफौ कायम करते हुये तत्काल मौके पर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ पहुंचे। शव पंचनामा व घटना स्थल निरीक्षण के बाद शव को पीएम हेतु भेजा। शार्ट पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा मृतक की मृत्यु न्यूरोजेनिक सॉक व हत्यात्मक प्रकृति का होना लेख करने पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्व अपराध 142/2020 धारा 302 भादसं. के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर राजेश कुकरेजा ने इस मामले से जुड़े सभी बिन्दुओं पर गंभीरतापूर्वक जांच कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करने एवं अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी आसपास क्षेत्र में करने तथा सोशल मीडिया की सहायता लेने के निर्देश थाना प्रभारी विकेश तिवारी को दिए। पुलिस एसडीओपी प्रतापपुर राकेश पाटनवार के नेतृव में थाना प्रतापपुर की पुलिस टीम के द्वारा अज्ञात मृतक व्यक्ति की पतासाजी आसपास क्षेत्र में करते हुए मृतक का फोटो सोशल मिडिया प्रसारित किया गया इसी बीच 02.09.2020 को उक्त मृतक की पहचान चितरेन साहू पिता राम सुहागी साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम मनियारी थाना साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ का हुआ।

# चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे सिटी कोतवाली की कार्रवाई

■ **आरोपी के निशानदेही पर चोरी के मोटरसायकल को किया गया बरामद**

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे सिटी कोतवाली गरियाबंद की कार्रवाई । आरोपी के निशानदेही पर चोरी के मोटरसायकल को किया गया बरामद। मामला सिटी कोतवाली गरियाबंद के ग्राम मजरकट्टा का है जहां दिनांक 30 और 31 अगस्त के मध्य रात्रि अज्ञात चोर द्वारा मिश्रीलाल ध्रुव के घर से 01 मोटरसायकल टीवीएस सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 04 एलटी 6620 कीमती 20 हजार रुपये को चोरी करने से प्रार्थी मिश्रीलाल ध्रुव पिता सोनसाय ध्रुव उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड नं 01 ग्राम मजरकट्टा थाना व जिला गरियाबंद के द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद में दर्ज कराया गया था जिस पर अपराध क्रमांक 172/2020 धारा 457 380 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी के पश्चात घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला गरियाबंद के कप्तान भोजराम पटेल के दिशा निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में माल मुलजिम की पता तलाश हेतु थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद निरीक्षक विकास बघेल द्वारा टीम गठित कर संदिग्ध लोगों पर निगाह रखने पूछताछ कर मामले का निकाल करने हेतु मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया था। विभिन्न जगहों पर संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी राजकुमार ध्रुव पिता देवसिंह ध्रुव उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम मजरकट्टा थाना व जिला गरियाबंद को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया उक्त आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया।

# शराब दुकान हटाने के लिए लामबंद हुए वार्डवासी

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

शराब दुकान हटाने को लेकर वार्डवासी लामबंद हुए है। वार्डवासी के साथ-साथ सर्व आदिवासी समाज ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा और दुकान को हटाने की मांग रखी। जिला मुख्यालय स्थित सुपनार में शराब दुकान संचालित है। जिसको हटाने के लिए कई बार वार्डवासी मांग कर चुके है। वही सोमवार को सुपनार वार्ड के लोग व सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों ने एसडीएम नभ एल स्माइल को ज्ञापन दिया है। जिसमे कहा गया कि शराब दुकान के पास माता का मंदिर है और वहां आसपास शराब की बोतल फेके जा रही है। वही लोग खेती काम कर रहे है तो उनके खेतो में भी शराब की बोतल मिल रही है। बोतल, डब्बो और भी कई चीजें मिलने से लोग परेशान है।

### वशिष्ठ कम्यूनिटी हॉल और भागलपुर के सामुदायिक भवन में कोरोना की जांच

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जशपुर विकासखंड के वशिष्ठ कम्यूनिटी हॉल जशपुर और भागलपुर सामुदायिक भवन में आगामी 01 अक्टूबर से लोगों की सुविधा के लिए कोरोना जांच प्रारंभ किया जा रहा है। इनमें वशिष्ठ कम्यूनिटी हॉल में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक और भागलपुर सामुदायिक भवन में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक कोरोना जांच किया जाएगा।

# शिवसेना जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने ब्लाक प्रभारियों की नियुक्ति की

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने बलौदाबाजार जिला व विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले सभी ब्लाको में प्रभारीयों की नियुक्ति करते हुए लिस्ट जारी कर जिले के वरिष्ठ शिवसैनिक व पदाधिकारीयों को ब्लाको में पार्टी संगठन का विस्तार करने एवं एक लाख नये लोगों को शिवसेना की सदस्यता दिलाने प्रभार सौंपा। जिनके द्वारा कोरोना काल में भी आनलाईन बैठक रखकर ब्लाक के एक एक गाँव वार्ड स्तर में सदस्य तैयार करने के लिए प्रयास किया जाएगा। जिनमें प्रमुख रूप से भाटापारा ब्लाक का प्रभारी जिला महासचिव भिखम यदु ,सह प्रभारी पेखन यदु, प्रदीप निर्मलकर, पलारी ब्लाक का प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मनोज यदु व सह प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राजेश ध्रतलहरे, तथा कसड़ोल ब्लाक प्रभारी जिला महासचिव मनहरन साहु एवं सह प्रभारी जिला सचिव मुकेश साहु, वही बिलाईगढ़ का प्रभारी जिला महासचिव मनहरन साहु व सह प्रभारी गगन वैष्णव व सुहेला ब्लाक प्रभारी जिला उपाध्यक्ष शिवचंद निर्मलकर एवं सह प्रभारी जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश यदु, जिला कार्यकारणी सदस्य मनोह वर्मा को बनाया गया तथा बलौदाबाजार में अधिवक्ता व जिला प्रवक्ता दिनबंधु देवाँगन के सह प्रभारी तथा तिल्दा ब्लाक में जिला सचिव ओमकार वर्मा को सह प्रभारी बनाते हुए दोनों ब्लाँक का प्रभार जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने अपने पास रखते हुए सभी जिला स्तर के पदाधिकारीयों को निर्देश दिया की वे अपने अपने प्रभार के ब्लाको में संगठन विस्तार कर जनसमस्याओं को दुर कर प्रयास करते हुए जरूरत पड़ने पर आंदोलन करते हुए आम जनता के हक अधिकार के लिए काम करने आदेशित किया गया। उन्होने पत्रकारो से चर्चा के दौरान बताया की शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना को जनता के हक अधिकार के लिए संघर्ष करने लड़ने के लिए बनाया हैं जो पार्टी के नाम से ही प्रदर्शित होता हैं वहीं शिवसेना जिले में 80 प्रतिशत समाज सेवा एवं 20 प्रतिशत राजनीति करता आ रहा हैं हम बाला साहेब के बनाये रास्तों सिद्धांतो पर ही चल रहे हैं और हमेशा चलते रहेंगे। वही सभी ब्लाको के शिवसैनिको में प्रभारियों की न्युक्ति को लेकर खुशी जाहिर किया हैं तथा प्रभारीयो का सहयोग करने तथा ब्लाको में उनका स्वागत करने सभी ब्लाक के अध्यक्ष प्रतिक्षारत हैं लाकडाऊन के समाप्त होते ही सभी प्रभारी अपना दौरा करेंगे और जिलाध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

### 9 जुआरी जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार, 18 हजार बरामद



**भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला द्वारा जुआ, सट्टा, अवैध शराब के खिलाफ एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने सख्त निर्देश देने पर जिसके तारतम्य में जुआ, सट्टा कार्यवाही पर रवाना हुए थे कि मुखबिर के माध्यम से सूचना मिला की कुछ लोग लॉकडाउन का उल्लंघन कर तरेंगा अखाड़ा मैदान रोड आम जगह के पास कुछ जुवाडी 52 पत्ती ताश से हार जीत का दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे की सूचना से तत्काल हालात पुलिस अधीक्षक आईके ऐलसेला को अवगत करा कर उनके निर्देशानुसार प्रशिक्षु डीएसपी तारेस साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में हमराह स्टाफ एवं गवाहान के मुखबिर के बताए अनुसार जगह में जाकर चारों तरफ से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये तो कुछ जुआडीयान ताश पत्ती से हार जीत का दाव लगाकर काट नामक जुआ खेलते मिले जो लक्ष्मी नारायण, हरिराम, धनेश्वर, तिजरम, राजेश्वर, हेमलाल, प्रकाश, गुमान सकिनान तरेंगा के कब्जे से नगदी रकम 18,030 एवं 52 ताश को जप्त कर कब्ज़ा पुलिस लिया गया।

# जिला दण्डाधिकारी ने दी कृषि केंद्रों को 30 तक खोलने की अनुमति

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले मे 23 सितम्बर रात्रि 9 बजे से 30 सितम्बर रात्रि 12 बजे तक कन्टेनमेट जोन घोषित कर मात्र छुट प्राप्त गतिविधियों के संचालन की अनुमति दी गई है।

वर्तमान में खरीफ फसलो पर कीट प्रकोप बढ़ने की जानकारी प्राप्त होने पर फसलों में कीट प्रकोप रोकने के लिए जिले के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित समस्त कृषि केंद्रों को खाद, बीज एवं दवाई (कीटनाशक) की बिक्री हेतु 28 सितंबर से 30 सितंबर 2020 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक खोलने व संचालन की अनुमति कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छतर सिंह डेहरे ने निम्न शर्तो के अधीन अनुमति प्रदान किया है ।

विक्रेता अपनी दुकान निर्धारित समय पर ही खोलेंगे व बंद करेंगे। दुकान मे सामाजिक दूरी बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिष्ठान में सेनीटाईजर रखना अनिवार्य होगा। क्रेता /ग्राहक मास्क का उपयोग अनिवार्यतः करेंगे। मास्क के बिना केता/ग्राहक को सामग्री प्रदान न की जाये। कोविड-19 के रोकथाम हेतु शासन द्वारा समय समय में जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित किया जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है ।

### शासकीय संव्यव्हार हेतु बैंक 29 एवं 30 सितम्बर को खुलेगा

जिला अंतर्गत कन्टेनमेंट जोन में स्थित सभी बैंकों को 29 एवं 30 सितम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अर्धवार्षिकी खाताबन्दी कोषालय कारोबार (शासकीय व्यवहार) हेतु शर्तो के अधीन खोलने की अनुमति कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छतर सिंह डेहरे द्वारा प्रदान किया गया है । बैंक प्रबंधन आवश्यकतानुसार केवल एक तिहाई कर्मचारी के साथ ही परिसर में उपस्थित होकर सुरक्षात्मक उपायों को अपनाते हुए कार्य संपादित करेंगे। बैंक के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को मास्क सैनेटाईजर उपयोग करना अनिवार्य होगा तथा सामाजिक दूरी बनाकर कार्य किया जायेगा। कोविड19 के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

**पूरे देश के किसान आक्रोशित, काला कानून के विरोध में किसान और जवाब एक साथ**

# आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निकुंज ने कहा किसान रूठा तो देश भूखा रह जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आदिवासी मोर्चा के कांग्रेस जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज ने कहा कि भूले नहीं कि देश का रीढ़ किसान ही है और उस रीढ़ को तोड़ने का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण कार्य हो सकता है। पूरे देश के किसान आक्रोशित हैं इस काला कानून के विरोध में किसान और जवान आपस में एक स्थान पर खड़े हो गए हैं जो आजादी के कई वर्ष के बाद ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। निकुंज ने आगे कहा कि अन्नदाता सरकार के काले कानून का विरोध कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के किसान भली-भांति प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के चाल को समझ गए हैं और इस किसान विरोधी बिल को भी। उन्होंने कहा देश में धीरे-धीरे निजीकरण की तलवार प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। मोदी सरकार द्वारा देश के प्रत्येक क्षेत्र में एक के बाद एक निजीकरण का मामला बढ़ता ही जा रहा है। अब सवाल यहां पर यह उठता है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा निजीकरण को बढ़ावा देने के पीछे मकसद क्या है?

**चुनिंदा लोगों को फायदा** - कांग्रेस पार्टी ने बार-बार आरोप लगाया है कि निजीकरण से सिर्फ गिने-चुने कुछ पूंजीपतियों को ही फायदा हो सकता है। देश की संपत्ति पर कुछ गिने-चुने व्यक्तियों का एकाधिकार हो जाएगा जिसके कारण भारत में प्राचीन समय में चलने वाली रियासतों की तरफ भारत बढ़ता ही जा रहा है। जिस तरह प्राचीन समय में देश के तमाम संसाधनों पर राजाओं का अधिकार हुआ करता था उसी तरह निजीकरण के प्रभाव के चलते देश के तमाम संसाधनों पर अधिकार कुछ गिने-चुने पूंजीपतियों का हो जाएगा, जिसका परिणाम यह होगा कि देश में रहने वाले लोगों के बीच आर्थिक असमानता की दूरियां बहुत बढ़ जाएंगी जिससे दास एवं शोषण व्यवस्थाएं फिर से देश में जिंदा होने लगेगी।

**वापस हो किसान विरोधी बिल** - निकुंज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी निजीकरण का लगातार विरोध करती रही है। सरकार ने देश के अनेक सरकारी संस्थानों को कुछ पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रखने के बाद अब देश की कृषि व्यवस्था की तरफ निजी करण का कदम बढ़ाया है अभी फिलहाल संसद में तमाम संगठनों के विरोध के बावजूद किसान विरोधी कानून पास कर दिया है।

# वाल्ब फटने से एसआरएलएम में घुसा पानी, गिरा दीवार

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



शहर के माड़ीपुर में सिथत एसआरएल एम सेंटर में पानी टँकी का वाल्ब फट जाने से पूरा पानी घुस गया। पानी घुसने से जहा सेंटर में रखा कचरा सड़क पर बहने लगा, वही एसआरएल एम सेंटर का दीवार भरभराकर गिर गया। हालांकि किसी प्रकार का कोई हादसा नही घटित हुई। नगर निगम क्षेत्र के माड़ीपुर स्कूल के पीछे एसआरएलएम सेंटर सिथत है।

जहाँ रोज महिलाए कचरा कलेक्शन कर रखती है। उसके बगल में निगम का वर्षो पुराना पानी टँकी है , जो काफी जर्जर हो चुका है। इसकी जानकारी भी निगम के अधिकारियों को हे, लेकिन उसकी मरमत के लिए अब तक कोई बिशेष पहल नही की गई। सोमवार की सुबह पानी टकी का जर्जर हो चुके पाइप लाइन का वाल्ब फट गया और टकी का पूरा पानी एसआरएलएम सेंटर ने भर गया । इससे सेंटर का दीवार भरभराकर गिर गया, और वहाँ रखा कचरा सड़क पर आ गया। 1 घण्टे देर से पहुंचे कर्मचारी- हादसे की सूचना आसपास के लोगों ने तत्काल निगम के अधिकारियों को दी, लेकिन 1 घण्टे देर से कर्मचारी पहुचे। तब तक सेंटर का पूरा कचरा बह चुका था। इससे निगम को लाखों रुपए का नुकसान हुआ।

संपादकीय

## बिहार में चुनाव, नीतीश की परीक्षा

**महामारी** के बीच में बिहार विधानसभा चुनाव व्यवस्था व सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती हैं। ये वायरस के प्रसार पर लगाम रखते हुए जनता की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का उदाहरण बन सकते हैं। इसके लिए चुनाव के नए नियम लागू होंगे जिसमें वर्चुअल प्रचार अभियान, मतदान का लंबा समय, ज्यादा मतदान केन्द्र, कोविड संक्रमित मतदाताओं के लिए कवारंटीन सेंटर तथा अभूतपूर्व सुरक्षा उपाय शामिल हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि चुनाव वायरस फैलाव का कारण न बनें। यह निर्वाचन आयोग की बड़ी परीक्षा होगी क्योंकि इसके बाद कई राज्यों में चुनाव होंगे। मुख्यमंत्री व जनता दल युनाइटेड-जदयू नेता नीतीश कुमार को जनता को समझाना होगा कि वे अभी नतीजे देने के मामले में सबसे अच्छे हैं। विपक्ष तथा राष्ट्रीय जनता दल-राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के लिए यह सिद्ध करने का अवसर है कि उनके बेटे उनका राजनीतिक आंदोलन आगे बढ़ाते रहेंगे। नीतीश की महामारी, बाढ़ तथा प्रवासी श्रमिक संकट से ठीक से न निपटने की आलोचना होती है। फिलहाल मुख्यमंत्री उम्मीदवार के रूप में वे भाजपा के साथ विजय प्राप्त कर सकते हैं, पर भविष्य में भाजपा शायद अपने लिए अलग नेता तलाश करे। नए कृषि विधेयकों का राज्य की राजनीति पर ज्यादा प्रभाव शायद नहीं पड़ेगा क्योंकि बिहार देश में कृषि उत्पाद बाजार समिति कानून 2006 में समाप्त करने वाला देश का पहला राज्य है जिसने कृषि उत्पादों की खरीद में निजी क्षेत्र को शामिल किया था, लेकिन इससे बिहार के किसानों को शायद ज्यादा लाभ नहीं हुआ। राज्य के कृषि क्षेत्र में कोई बड़ा निजी निवेश भी नहीं हुआ। विपक्ष यह मुद्दा चुनाव प्रचार में उठा सकता है। राजनीतिक रूप से नीतीश कुमार ने लोक जनशक्ति पार्टी-लोजपा का असर घटाया है जिसके नेता चिराग पासवान उन पर रोज हमला करते रहते हैं। इसके लिए उन्होंने हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा-हम संस्थापक जीतन राम माझी को अपने साथ लिया है। इससे दलित मतदाता राजग से मजबूती से जुड़ेंगे जिनकी संख्या 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में 15 प्रतिशत है। महादलित 16 प्रतिशत हैं, पर उनका थोड़ा झुकाव राजद की ओर भी है जिसे मुस्लिम और यादव मतदाताओं का परंपरागत समर्थन प्राप्त है। माझी दलितों को नीतीश के पक्ष में लाकर उनकी स्थिति मजबूत करेंगे।

सवाल है कि लालू यादव की स्थिति कैसी रहेगी। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी-सपा ने बिहार चुनाव न लड़ने तथा राजद उम्मीदवारों के समर्थन की घोषणा की है। लालू अभी मजबूत हैं, पर वे समान विचार वाली पार्टियों के साथ महागठबंधन को मजबूत करने के लिए जमीन पर नहीं उतर सकते हैं। इससे राजद को नुकसान होगा। रणनीतिक साझेदारी के अभाव में विपक्ष गैर-राजग मतों का विभाजन करा सकता है। इसके साथ ही राजद की सीटें थोड़ी कम कर गठबंधन ज्यादा आक्रामक बन सकता है। लेकिन राजद की सीटें घटने से भाजपा लाभ की स्थिति में होगी। लोकसभा चुनाव परिणाम इसकी पुष्टि करता है। राजद के कुछ साझीदार सार्वजनिक रूप से तेजस्वी यादव की आलोचना करते हैं। नौजवान लालू यादव के बेटों के वंशवादी अधिकार से खुश नहीं हैं जो सार्वजनिक स्पेस में अपनी महत्वाकांक्षाओं के लिए लड़ते हुए कोई विश्वास नहीं पैदा करते हैं। अब तक तेजस्वी केवल जीहुजूरों को एकजुट करते हुए वरिष्ठ नेताओं को किनारे धकेलते रहे हैं। इससे वामपंथी पार्टियों व कांग्रेस में राजद की विश्वसनीयता घटी है। भाजपा विपक्षी खेमे में बिखराव की प्रतीक्षा कर रही है। वामपंथी पार्टियों की हालत खराब है, हालांकि परंपरागत क्षेत्रों में उनका कुछ असर है। वे जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार का प्रभावी प्रयोग कर सकती हैं। कांग्रेस की हालत भी अच्छी नहीं है। हालांकि, इससे राजद को नुकसान नहीं होगा, पर एक और खराब प्रदर्शन के बाद कुछ और कांग्रेसी भाजपा में जा सकते हैं। हालांकि, जनता का एक तबका नीतीश से नाराज है, पर लालू की अनुपस्थिति में विपक्ष इसका लाभ उठाने में अक्षम है।

# किसानों के लिए संजीवनी बनेंगे कृषि विधेयक

**कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने 2012 के शीत सत्र में संसद में कहा था कि आठ तरह के बिचौलियों की जकड़न में हैं किसान और उनका 35 से 40 प्रतिशत फसल खराब हो जाती है। सिब्बल ने यह भी कहा था कि बिचौलियों के कारण ही कीमतों का मात्र 15 से 17 प्रतिशत किसानों को मिल पाता है।**



डॉ. रमन सिंह



**सन** 2004 के शुरुआती महीनों की बात होगी। पहली बार कृषि क्षेत्र के कुछ विशेषज्ञों और अधिकारियों के साथ किसानों के सरोकारों को समझने के कोशिश कर रहा था। मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व सम्हाले कुछ समय ही हुए थे। मध्यप्रदेश से अलग होकर नए राज्य के रूप में जगह बनाए प्रदेश के निर्माण की जरूरत जिन कारणों से पड़ी थी उन कारणों को एड्रेस करना और उसे दूर करने की यथासंभव कोशिश यही सबसे बड़ी चुनौती थी तब।

थोड़े अध्ययन के बाद चीजे समझ आयी कि किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत न मिलना ही सभी कृषि समस्याओं की जड़ में है। किसान परिवार का होने के कारण कुछ अनुभव तो था लेकिन प्रशासनिक रूप से हम कैसे इसे दूर करते हैं यह समझना शेष था। ध्यान यह आया कि किसान तथा बाजार के बीच की कड़ी यानी बिचौलियों को हटाना। तब बमुश्किल 5 लाख मीट्रिक टन धान सरकार खरीद पाती थी। उस समय से युद्ध स्तर पर कार्य करना हमने जारी रखा। तमाम मोर्चे पर एक साथ काम करते हुए अंततः सन 2018 तक पांच लाख टन से खरीद को 80 लाख तक पहुचाने की उपलब्धि के साथ विदा होने का आत्मसंतोष जरा है ही। मुश्किल यह है कि कांग्रेस से 16 गुणा ज्यादा धान खरीदने वाली भाजपा पर वही पार्टी आरोप लगा रही है जिसने किसानों की फसल को पानी में डुबो कर जांच करने की अजीब प्रथा शुरू की थी। जहां देश भर में कांग्रेसी शासनों के दौरान हालात ऐसे रहे थे कि बमुश्किल 6.7 प्रतिशत फसल किसान बेच पाते थे वहां बिकने लायक दाना.दाना धान खरीद की सुचारू व्यवस्था करना आसान नहीं था, लेकिन ऐसा करने में हम सफल रहे थे, यह संतोष की बात है। बहरहाल।

मोदी की सरकार में संसद द्वारा पारित दोनों कानून किसान हितों के सभी विषयों को स्थायी बनाएगा जिससे भविष्य की कोई भी सरकार आसानी से उससे खिलवाड़ नहीं कर पाये। ष्कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सरलीकरण) विधेयक और कृषक; सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक वास्तव में ये कानून कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी उपलब्धियों का वाहक होगा। इस कानून के बारे में काफी बातें कही गयी है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष इस कानून को अपनी खोयी हुई जमीन वापस पाने, खराब हुई राजनीतिक फसल का मुआवजा ले लेने के अवसर के रूप में देख रही है और अपनी ताकत भर किसानों को गुमराह करने, उन्हें बहकाने में लगी है। लेकिन ये एक भी तथ्य ऐसे तलाश पाये हैं, जिससे वास्तव में साबित हो कि इसमें किसान के हितों के खिलाफ रत्ती भर भी कुछ हो। इसके उलट छत्तीसगढ़ के अनुभवों के आलोक में इसे देखें तो चीजे और बेहतर स्पष्ट हो पायेगी।

कम से कम छत्तीसगढ़ में तो ऐसा ही लगता है मानो एक.दो सीजन में ही कांग्रेस हांफ गयी हो और वह धान खरीदी से पीछा छुडाने के लिए बहाने तलाश रही है। अगर ऐसा नहीं होता तो ऐसे झूठ बोलने का कोई मतलब नहीं ही नहीं है कि इन दोनों कानूनों से एमएसपी की व्यवस्था पर कोई चोट पहुंचनी है। तथ्य तो यह है कि इस कानून के लागू होने के बाद केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने समर्थन मूल्य की घोषणा की है और वह सन 2014 के मुकाबले धान का समर्थन मूल्य 43ः तो गेहूं का समर्थन मूल्य 41ः बढ़ाया गया है। 2014 की तुलना में गेहूं और धान की खरीद की मात्रा भी क्रमशः 114ः और 73ः बढ़ाई गयी है।

और तो और, इस कानून में स्पष्ट प्रावधान है कि किसानों से उनकी फसल खरीदी के तीन दिन के भीतर उनका भुगतान करना ही होगा। हमारी कोशिश भी हमेशा यही रही कि किसानों का पसीना सूखने से पहले उनके खाते में पैसे चले जायें। लेकिन जिस कांग्रेस ने प्रदेश में अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि मात्र 48 घंटे में धान का उठाव और उसी निर्धारित समय में भुगतान सुनिश्चित करेगी, सत्ता में आने पर वह गांधी परिवार से किसी की पुण्य तिथि पर चौथाई भुगतान तो फिर अगली चौथाई भुगतान के लिए उन्हीं नेता की जन्मदिन के लिए महीनों इंतजार करती है और किसानों को करा रही है। गोया किसानों को उनके हक का पैसा नहीं दे रही हैं, बल्कि वह राजा की तरह अपने पूर्वजों की तिथियों पर सौगात बांट रही हो। हालात यह है कि अब नयी फसल आने को है और आजतक किसानों को पूरा भुगतान नहीं मिल पाया है। राजीव जी की पुण्य तिथि और उनके जन्मदिन के बाद अब गांधी परिवार के किसी अगले वारिस के दिन का इंतजार किया जा रहा है। यह कानून ऐसी मंशा पर चोट करती है, कांग्रेस की बौखलाहट इसलिए भी है।

इसी तरह का मामला अनाजों के भंडारण का है जिसे अब अपराध नहीं माना जाएगा। युद्ध और आपदा काल के अपवाद को छोड़ कर किसान खुद भी भण्डारण कर सकते हैं। यह कानून कितना जरूरी था इसे छत्तीसगढ़ में पिछले साल धान खरीदी के नाम पर फैलाए गए आतंक की तुलना में देखिये। जिस तरह से किसानों के साथ अत्याचार किया गया। ट्रैक्टर आदि समेत उनकी फसल जब्त कर के उन पर अनेक असंगत धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जा रहे थे। ऐसा माहौल बना दिया गया था मानो किसानों ने धान की नहीं बल्कि गांजे.भांग की खेती कर ली हो। जाहिर सी बात है कि शासकीय आतंक इसलिए फैलाये जा रहे थे ताकि डर कर किसान धान बेचने नहीं आये और कांग्रेस की सरकार अपना पिंड इनसे छुड़ा सके। अब शायद ऐसा करने से पहले कांग्रेस हजार बार सोचे, दिक्कत कांग्रेस को इसी बात की है।

अफसोस की बात यह है कि जिन.जिन सुधारों का जिक्र कांग्रेस अपने घोषणा पत्रों में करती रही है, अब उन्हीं तमाम चीजों का विरोध कर रही है। आपने मनमोहन सिंह जी से लेकर कपिल सिब्बल तक के पुराने बयानों को सुना ही होगा। 2019 में हुए इसी लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में आवश्यक वस्तु अधिनियम को समाप्त करने, एपीएमसी एक्ट में अपेक्षित संशोधन,तमाम प्रतिबन्ध समाप्त और हर तरह के प्रतिबंधों के बिना कृषि उत्पादों की बिक्री समेत अनेक वादे किये थे। इसी तरह पंजाब का मामला तो और दिलचस्प है। वहां तो कांग्रेस को जानादेश ही कृषि सुधारों के इन्हीं मुद्दों पर मिला है। और आज अपने ही वादों से उलट देश भर में अव्यस्था फैला रही है।

और तो और, कांग्रेस अभी भी जहां विपक्ष में है, वहां उसका स्टैंड कुछ और है और जहां सत्ता में है वहां कुछ और। मध्यप्रदेश में वह मंडी टैक्स खत्म करने के लिए आन्दोलन कर रही है जबकि छत्तीसगढ़ में अब उस कानून का विरोध कर रही है जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि मंडी का बिना उपयोग किये किसानों को मंडी टैक्स नहीं देना पड़ेगा जैसा कि स्वामीनाथन कमिटी की शब्दशः सिफारिश थी। आश्चर्य यह है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किसानों व्यपारियों के हित में मंडी टैक्स को पूरी तरह खत्म करने की बात कही थी अब इसी का विरोध कर रही है। संदर्भववश जिक्र करना होगा कि जिस स्वामीनाथन कमिटी की रिपोर्ट के नाम पर कांग्रेस राजनीति करती रही हैए उसकी सिफारिश को 2007 से लेकर 2014 तक दबाये रही और अब उसकी सिफारिशों को लागू करने पर हंगामा खड़े कर रही है। डंकल प्रस्ताव लागू कर कृषि को बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के हाथ में सौंप देने वाली कांग्रेस अगर आज कांट्रेक्ट फार्मिंग पर आसूं बहा रही है, तो ऐसे आसूं को पहचान करनी ही होगी।

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने 2012 के शीत सत्र में संसद में कहा था कि आठ तरह के बिचौलियों की जकड़न में हैं किसान और उनका 35 से 40 प्रतिशत फसल खराब हो जाती है। सिब्बल ने यह भी कहा था कि बिचौलियों के कारण ही कीमतों का मात्र 15 से 17 प्रतिशत किसानों को मिल पाता है। आज देखिये किस तरह कांग्रेस उन्हीं बिचौलियों के पक्ष में खड़ी होकर किसानों के भरोसे के फसल को चौपट कर रही है। निस्संदेह पिछले हफ्ते लागू कानून किसानों की आय दोगुनी करने के मोदी के अभियान को साफल्य प्रदान करेगा और ऐसा कांग्रेस के बावजूद होगा।

*(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री हैं)*

# सार्वजनिक हित में कदम उठाए सरकार



स्वपन दासगुप्ता
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

**सही** होने की समसामयिक धारणाएं मांग करती हैं कि अच्छे नागरिकों को रूढ़िवादिता त्याग देनी चाहिए। एक नियम के तौर पर, यह निरपवाद पहलू है। कोई नहीं बल्कि सर्वाधिक कट्टर व्यक्ति स्पष्ट रूप से कहता और मानता है कि सभी चीनी एक जैसे लगते हैं। निश्चित रूप से, वे नहीं लगते, और सुझाव उतना ही हास्यास्पद है जितना कि चेहराविहीन देशीय लोगों के जनसमुदाय में पुरातन औपनिवेशिक विश्वास।

उसी समय, सरकारें एवं नीति नियंता अवश्यंभावी रूप से पुनः संकीर्णता के भंवर में वापस डूब जाते हैं, एक विवादास्पद शब्द प्रयोग करें, सामान्यीकरण अथवा, यदि आप पसंद करें तो, जमावड़ा। उदाहरण के लिए, कोविड-19 महामारी, के दो स्पष्ट आयाम हैं। पहला है, एक विशुद्ध चिकित्सीय अथवा वैज्ञानिक आयाम जो केंद्रित है, सर्वप्रथम, एक निरोधक वैक्सीन विकसित करने पर तथा, एक पल के लिए, उपचार का प्रकार सुरक्षित करने पर जो इस घातक वायरस से होने वाली मौतों की संख्या कम करेगा। निःसंदेह कुछ राष्ट्रीय गुण लोगों के पसंदीदा विभिन्न औषधि सम्प्रदायों में शामिल होते हैं। उदाहरण के लिए, भारत में, प्रचुर मात्रा में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली चीजें बाजार में उपलब्ध हैं जिनमें होम्योपैथिक मीठी गोलियों से लेकर जड़ी-बूटियों के मिश्रण तक जो औषधीय पौधों पर पर आधारित होती हैं। फिर आता है योग और ध्यान। पश्चिम में, विटामिन सी व जिंक मिश्रित रोग प्रतिरोधक दवाओं के अलावा, ज्यादा जोर शारीरिक व्यायाम व मोटापा नियंत्रित करने पर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश सरकार ने, एक अधिक वजन वाले प्रधानमंत्री, जो कोविड-19 के गंभीर संक्रमण से उबरकर निकले हैं, से सबक लेकर मोटापे के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है।

हालांकि, एक और आयाम है कोविड-19 के प्रबंधन का जिसमें राज्य की भूमिका शामिल है।




यह सुस्थापित तथ्य है कि वायरस अत्यधिक संक्रामक है तथा संक्रमित व्यक्ति के साथ संपर्क होने पर बड़ी तेजी से फैलता है। इसके परिणामस्वरूप, कोविड-19 एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है जिसके लिए सर्वप्रथम राज्य को बढ़ते संक्रमण के मामलों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है और फिर पर्यावरण को लोगों के लिए सुरक्षित बनाना होगा। यहीं पर राष्ट्रीय चरित्र महत्वपूर्ण हो जाता है। लोक नीति के केंद्र में सवाल है मांगों के परिमाण का जो एक राज्य वैधानिक रूप से अपने नागरिकों पर बनाता है। यह ऐसा सवाल है जिसमें मुख्यतः लोकतंत्र शामिल होते हैं। स्वेच्छाचारी हुकूमतें, और चीन सर्वाधिक उपयुक्त उदाहरण है, ऐसी शीर्ष से निम्नतम पादान तक की रणनीति विकसित करने की स्थिति में है जिन्हें निष्क्रिय नागरिकों पर बलपूर्वक लागू किया जा सकता है।

सभी प्रकार से, और उस तरीके पर उसके बाद पैदा होने वाले विवादों के बावजूद जिस तरह वायरस ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पार किया, वुहान में लाकडाउन सर्वाधिक क्रूरतापूर्ण था, जहां के लिए माना जाता है कि वायरस पैदा हुआ था। जब इसे महामारी के शुरुआती महीनों में परिचालन में लाया गया था, खबरों के ब्लैकआउट तथा लोगों के मूल अधिकारों के कथित उल्लंघन को लेकर चिंताएं व्यक्त की गईं थीं। इन आरोपों की सत्यता चाहे जो भी हो एवं विश्वसनीय जानकारियों का जितना भी अभाव रहा हो, अब यह मान लिया गया है कि चीन ने अपने कदम मजबूती से उठाए थे और अब वह दुनिया का हॉटस्पॉट नहीं रह गया है।

कोविड-19 से निबटने को लेकर चीन के दृष्टिकोण के साथ-साथ सरकार के दिशा निर्देशों के प्रति जनता की स्वीकृति भी थी। इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक बहस नहीं हुई और यदि लोगों ने विरोध जताया, तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया को स्वयं तक ही सीमित रखा। यह अन्य देशों के विपरीत है जहां सामान्य जीवन पर प्रतिबंधों की परिणिति स्फूर्त सार्वजनिक वाद विवाद के रूप में हुई। ऐसा लगता है कि सरकारों ने जीवन और आजीविका के बीच संतुलन बिठाने का प्रयास किया, जहां सफलता भिन्न-भिन्न रूप में मिली। अपने निर्णय लेने में, सरकारों ने लोकप्रिय दीर्घकालिकता की समझ तथा अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक धारणाओं पर भरोसा किया।

पिछले सप्ताह संसद के समक्ष दिए गए एक बयान में, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने जोर दिया कि यूके में कोविड-19 संक्रमण इटली से ज्यादा बुरे साबित हुए क्योंकि ब्रिटेनवासी कहीं ज्यादा स्वतंत्रता प्रेमी होते हैं और, इसलिए, आधिकारिक अनुदेशों का पालन करने में कम विश्वास रखते हैं। जिस तरीक से अनिवार्यता होती है, उस तरह ब्रिटिश जनसंख्या से एकसमान रूप से दिशा निर्देशों का पालन करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। इस टिप्पणी का इतालवी राष्ट्रपति सर्गियो मैटरेला ने यह कहकर जवाब दिया कि, ''हम इटलीवासी भी स्वतंत्रता प्रेमी हैं, लेकिन हम गंभीरता की भी चिंता करते हैं।''

झिड़की समायानुरूप थी। इटली की छवि एक अतिशय मौज मस्ती पसंद देश की है जो अंतरनिहित रूप से अनुशासन के प्रति असहज महसूस करता है, जैसा कि मुसोलोनी ने पाया था जब उसने अपनी हुकूमत को अतिशय सैन्यवादी बनाने का प्रयास किया था। इटलीवासियों में परिवार को लेकर भाव बहुत गहरा है और ऐसा कहा जाता था कि पितामहों से अत्यधिक संपर्क शुरुआती महीनों के दौरान कोविड-19 से उच्च मृत्यु का एक कारक था।

## फरमाया



**यद्यपि** अर्थव्यवस्था अपेक्षा से बेहतर रही है, मैं सोचता हूं कि उसमें गिरावट का जोखिम है यदि आगे राजकोषीय सहयोग नहीं मिलता है।

– **जेरोम पावेल**
फेडरल रिजर्व अध्यक्ष



**जो** बुरे इरादे पाकिस्तानी डीप स्टेट के प्रेरक हैं वह उन उद्देश्यों व सिद्धांतों के पूर्णतः विपरीत है जिन्हें बढ़ावा देने के लिए हम मानवाधिकार के इस मंदिर में एकत्र हुए हैं।

– **विमर्श आर्यन**
सचिव विदेश मंत्रालय



**रूस** उन आक्रामक मांगों से प्रभावित होकर उने आधार पर नीतियां कदापि नहीं बनाएगा जिनमें कोई वैधानिक बल नहीं है।

– **सर्गेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## समाज की बेड़ियां तोड़ती बेटियां

**म्हारी** छोरी छोरो से कम है कै? दंगल की यह लाइने हर किसी की जुबां पर रहता है। और इसे सटीकता से आगे ले जा रही हैं आज की बेटियां। वे नारी जो अबला नहीं, सबला है, समृद्ध है तथा शसक्त है। ऐसी ही एक बेटी का हालिया उदाहरण है अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल की पहली महिला पायलट शिवांगी! उन्होंने यह साबित कर दिया की वाकई महिलाएं कुछ भी कर सकती है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिसमे वे पुरुषों का मुकाबला नहीं कर सकती। एक समाज ऐसा भी था जहां बेटियों को कोई अधिकार नहीं प्राप्त थे। मनुस्मृति में तो नारी की तुलना दासी से की गयी थी। आज महिलाओं को बहुत से अधिकार मिल रहे है ताकि वे पंख फैलाकर उड़ सके। परंतु अब भी बहुत सारे बदलाव की आवश्यकता है। महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध आज भी थमने का नाम नहीं ले रहे जिसमे सुधार की आवश्यकता है। आवश्यक है की समाज अपने सोच को परिवर्तित करे। इसकी शुरुआत प्रत्येक घर से होना चाहिए जहां भेदभाव के बिना बेटे तथा बेटियों को सामान दर्जा मिले, बराबरी का! और आज की नारी तो वैसे भी अबला नहीं, सबला है। उन्हें बस अवसर मिलने की देर है, वह आसमां छूने की ताकत रखती है।

– **आस्था मुकुल**, रांची

## डब्लूएचओ की चेतावनी

**दुनियाभर** में कोरोना वायरस के मामले और कोरोना से मौतो का आंकड़ा रोजाना लगातार बढ़ता जा रहा है, तमात कोशिशों के बावजूद भी कोरोना पर लगाम लगाने में पूरी तरह से कामयाबी हमारे देश को हासिल नहीं हो पाई है। हालांकि इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने हालही में एक बड़ी चेतावनी दी है कि यदि वायरस को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर कड़े कदम नहीं उठाए गए तो कोविड़-19 से होने वाली मौतों की संख्या बीस लाख तक जाने की आशंका है। वैसे अभी विश्व में कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या दस लाख पहुंचने के करीब है। डब्लूएचओ की ओर से यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब दुनिया में कोरोना से मौत का आंकड़ा दस लाख के स्तर पर पहुंचने वाला है। डब्लूएचओ ने कहा है कि, यदि महामारी से निपटने के लिए विभिन्न देश और लोग एक साथ नहीं आए तो, दस लाख और मौतों की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। ड़ब्लूएचओ के आपातकालीन कार्यक्रम के निदेशक माइकल रेयान ने एक वर्चुअल सम्मेलन में कहा कि दस लाख का आंकड़ा डराने वाला है और अगले दस लाख पर विचार शुरू करने से पहले हमें इस पर विचार करने की जरूरत है।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

## कृषि विधेयकों पर हंगामा

**संसद** में हाल ही में पारित कृषि बिल पर हंगामा हो रहा है । ये बिल निश्चित ही प्रकृति से उग्रवादी है । इनका उद्देश्य उस मौजूदा व्यवस्था में सुधार लाना है , जिसके तहत किसान को उसकी उपज मंडी में सरकार द्वारा तय न्यून्तम समर्थन मूल्य पर बेचनी पड़ती है। विपक्षी दल का मानना है कि सरकार किसान को जिंदा तो रखना चाहती है पर वो यह नही चाहती कि किसान फले-फूले , क्योंकि कई स्तर पर देखा गया है कि हम उन चीज़ों का निर्यात नही करते है जिससे किसानों को लाभ व आगे बढ़ने का मौका मिले । किसान आज राजनीति में शतरंज के खिलाड़ियों के बीच सिर्फ एक प्यादा बन गया है , यह बिल किसानों के लिए डेथ वॉरंट जैसा है किसान बदहाल हो जाएगा। भारतीय किसान के विकास के लिए कृषि बिल एक जरुरी कदम है। हमारे किसानों को भी वैश्वीकरण के लाभ मिलना चाहिए। बस चर्चा इस बात की है कि इस किसान बिल का न्यूनतम समर्थन मूल्य से कोई लेन देन नही होना चाहिए , एमएसपी दिया जा रहा है और भविष्य में भी दिया जाना चाहिए।

– **खुशबू वेद,** आलोट, मप्र

# नवागढ़ व मारो में नहीं बन पाया चबूतरा, किसानों की उपज भगवान भरोसे

पायनियर संवाददाता ✓ नवागढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की पहचान धान को आज रखने का प्रबंधन करने में सहकारिता विभाग हमेशा से विफल होता रहा है। प्रतिवर्ष स्थिति ऐसी होती है कि उचित रखरखाव एवं परिवहन के अभाव में करोड़ों का अनाज खराब है। सरकार ने धान खरीदने के लिए सेवा सहकारी समितियां तो बनाया लेकिन उन खरीदे धान को रखने के लिए कोई व्यवस्था नही की, आलम यह है कि चतुबतरे और सेड के अभाव में लगभग 25 प्रतिशत धान फड़ में ही बर्बाद हो जाते है। बीते दिनों राज्य सरकार ने राज्यभर के धान खरीदी केंद्रों में चबूतरा निर्माण कराने का फरमान जारी किया। अधिकारियों को निर्देश मिला कि दो अक्टूबर तक कार्य पूर्ण हो जाए। चूंकि कार्य मनरेगा मद से होना है तो ग्राम पंचायतों के द्वारा चबूतरा बनाया भी गया, पर नगरीय क्षेत्र होने के कारण नवागढ़ व मारो में चबूतरा नहीं बन सका। वही नगरीय क्षेत्र के खरीदी केंद्र में चबूतरा की माध्यम से बनेगा उसका भी कोई स्पष्ठ आदेश नही मिला है। यदि पिछले वर्ष की तस्वीर देखे तो नवागढ़ धान खरीदी केंद्र में आवागमन परिवहन भंडारण की जो दुर्गति हुई, उससे कई वर्षो तक किसान नहीं भूल पाएंगे। इस बार भी चबूतरे के अभाव में स्थिति के यथावत रहने की संभावना है। नवागढ़ समिति सदस्य जितेन्द्र भुवाल ने कहा कि धान खरीदी केंद्र में सुविधा कम दुविधा अधिक है। खरीदी केंद्र में चबूतरा अधिकारियों की लापरवाही से नहीं बना। चबूतरा निर्माण के लिए किसी भी ग्राम पंचायत को एजेंसी तय कर देना था। ना सड़क ना शेड औऱ न ही चबूतरा आए दिन धान खरीदी को बाधित करने की योजना है। नवागढ़ धान खरीदी केंद्र में फिलहाल केवल 3 चबूतरे है, जोकि समिति द्वारा बनवाया गया है। जहां लगभग 25 चबूतरों की आवश्यकता है। नवागढ़ में पिछले वर्ष 70 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी, जिसमे से 60 हजार क्विंटल धान चबूतरों के अभाव में जमीन में रखे गए थे। नतीजन बरसात के चलते समिति को 19 लाख की लागत के धान का शार्टेज भरना पड़ा। वही मारो खरीदी केंद्र में तो अभी तक समिति को खरीदी के लिए स्थायी भूमि ही नही मिली है, चबूतरा तो आज तक बना ही नहीं। जिसके चलते पिछले साल मारो में खरीदी किये 69 हजार क्विंटल धान में पूरा धान जमीन में रखा गया औऱ समिति को 24 लाख का नुकसान हुआ। नवागढ़ एवं मारो में 6-6 चबूतरा निर्माण का आदेश था जो कि मनरेगा के चलते नही बन पाया।

-चबूतरों के अभाव में प्रतिवर्ष फड़ में रखे धान को बड़ा नुकसान होता है। मारो में आजतक चबूतरा तो दूर खरीदी के लिए स्थायी भूमि तक नही मिल पाई है। आदेश आया था, वह भी मनरेगा मद के चलते नही बन पाया, अन्य मद से इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।

**-केएस वर्मा,** समिति प्रबंधक, मारो

-धान उपार्जन केन्द्र नवागढ़ में पिछले वर्ष के अनुभवों को देखते हुए फड़ निर्माण, मुरम तथा अधिक से अधिक चबूतरों की आवश्यकता है,तभी उक्त स्थल पर धान खरीदी करना उचित होगा ।जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को करा दी गयी है । 6चबूतरे की जानकारी मिली थी किंतु अभी तक एक भी चबूतरा नही बना है। **-नरेंद्र सिंह ठाकुर,** समिति प्रबंधक, नवागढ़

-नवागढ़ व मारो में चबूतरा निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, जल्द स्वीकृत हो जाएगा।-
**गुरुदयाल सिंह बंजारे,** संसदीय सचिव छत्तीसगढ़।

# शासकीय कार्य में व्यवधान,पार्षद निश्चय बाजपेई पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 12 ग्राम परसदा में गोठान निर्माण हेतु चयनित स्थान में साफ सफाई हेतु सोमवार जब जेसीबी पहुंची तो कुछ ने इसका पुरजोर विरोध किया विरोध करने का कारण उक्त शासकीय भूमि में वर्षो से लोगों का कब्जा होना बताया गया देखते ही देखते मौके पर बड़ी मात्रा में लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई वार्ड पार्षद सती यादव ने लोगों को समझाने का प्रयास किया कि जहां भवन मकान निर्माण हो चुके हैं उन पर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी लेकिन जिन्होंने बड़ी मात्रा में भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है उस पर किसी प्रकार का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा जो शासकीय उपयोग हेतु सुरक्षित है । इसी बीच वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद व समाजसेवी निश्चय बाजपेई उनके पक्ष में खड़े हो गए उनका कहना था कि वर्षो से जिन लोगों ने भवन निर्माण के लिए भूमि रखी है साथ ही धान कटाई के पश्चात फसल मिसाई हेतु खलिहान के रूप में उपयोग करते चले आ रहे हैं ऐसे में उक्त भूमि का अधिग्रहण कर लेने से गरीब किसानों को तकलीफ और कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है तथा साल भर की फसल का रखरखाव भी नहीं कर पाएंगे इसी बीच मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी आशीष यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी साथ ही निश्चय बाजपेई से भी आग्रह किया गया कि वह हठधर्मिता छोड़कर शासकीय कार्य में सहयोग करें लेकिन वह अपनी बात पर अड़े रहे बाद में उन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर थाने में लाया गया जहां पर अंतिम समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा उन पर कार्यवाही की प्रक्रिया जारी थी।

-बार-बार समझाए जाने के बाद भी निश्चय बाजपेई ने अपने पक्ष के समर्थन पर अपनी जिद छोड़ी नहीं और अड़े ही रहे । मजबूरन हमें कानूनी कार्यवाही करनी पड़ी है।-

**आशीष यादव** (थाना प्रभारी कुम्हारी)

-शासकीय भूमि पर कई लोगों का अवैध कब्जा था जिस के संदर्भ में 2 माह पूर्व संबंधितों को नोटिस भी दिया जा चुका था बावजूद इसके शासकीय आदेश का उल्लंघन कर कार्य में बाधा उत्पन्न किया जाना सर्वथा अनुचित है साथ ही वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद निश्चय बाजपेई द्वारा अपने वार्ड के अतिरिक्त मेरे वार्ड में हस्तक्षेप करना तथा लोगों को बरगलाना उचित नहीं था जबकि उस क्षेत्र में गोठान के अतिरिक्त मणिकांचन केंद्र तथा गोबर खरीदी केंद्र का निर्माण भी होना है इसके लिए पर्याप्त भूमि की आवश्यकता है जो कि वहां उपलब्ध है इससे वार्ड के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा और वार्ड का विकास होगा।

**- सती यादव** (पार्षद वार्ड क्रमांक 12 परसदा)


# धर्मकांटा संचालकों पर लगाया 20 हजार जुर्माना

- **दुबे डेयरी के संचालक से लॉकडाउन के उल्लंघन पर वसूला जुर्माना**
- **चोरी छिपे मटन-चिकन बेचने वालों पर हुई कार्रवाई**

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com








शहर में लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले धर्म कांटा संचालक, बेकरी, मटन चिकन बेचने वालों सहित कुल 20 लोगों के खिलाफ नगर पालिक निगम की टीम ने कार्रवाई की। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार लॉक डाउन का उल्लंघन करने वालों पर निगम की टीम दिन एवं रात्रि में भी कार्रवाई कर रही है ! नियमों की अवहेलना करने वालों से कुल 45300 रुपए जुर्माना वसूला गया। धर्मकांटा संचालक और दुबे डेयरी संचालक को कड़ी फटकार भी लगाई। जोन-4 वीर शिवाजी नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू की टीम ने दो धर्मकांटा संचालकों को 20000 रुपए का अर्थदंड लगाया। वार्ड-28 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में संचालित रूकमणी धर्मकांटा के संचालक से 15 हजार जुर्माना वसूला गया। नेशनल हाइवे के किनारे संचालित दुर्गा धर्मकांटा के संचालक से 5000 रुपए अर्थदंड वसूला गया। लाकडाउन में अनावश्यक घूम रहे चार लोगों के खिलाफ भी जुर्माने की कार्रवाई की गई। अनावश्यक रूप से घूम रहे 3 लोगों से कराया गया उठक-बैठक जोन क्रमांक 1 की टीम शनिवार रात्रि को नेहरू नगर, स्मृति नगर, राधिका नगर, कोसा नाला का भ्रमण करते हुए जीइ रोड के पास पहुंची। यहां पर बिना मास्क लगाए लॉकडाउन के दौरान अनावश्यक रूप से 3 लोग इवनिंग वॉक में घूम रहे थे। पूछने पर गोलमोल जवाब देने लगे। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर इन तीनों से उठक-बैठक करवाया गया और हिदायत दी गई कि लॉकडाउन के दौरान अनावश्यक न निकले घर पर रहे सुरक्षित रहे।

### चोरी छिपे घर से बेच रहे थे मटन, सामग्री का जब्त

रविवार को जोन-1 और जोन-2 की टीम ने चोरी छिपे घर से मटन बेचने वालों को फटकार लगाई। उनके खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई की गई। जोन-1 आयुक्त सुनील अग्रहरि, उप अभियंता अरविंद शर्मा, एआरओ शरद दुबे ने लोगों की शिकायत पर वार्ड-8 बजरंग पारा कोहका में सचिन तुमाने के घर में छापा मारकर कटिंग मटन जब्त किया। उनसे 5 हजार अर्थदंड वसूल किया गया। जाकिर के खिलाफ अवैध रूप से मटन बेचने पर 2 हजार जुर्माना लगाया गया। वार्ड-2 स्मृति नगर में दुबे डेयरी संचालक के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई की। शनिवार की देर शाम शिकायत मिली थी कि दुबे डेयरी के संचालक दुकान खोलकर सामान बेच रहे हैं। जांच में शिकायत सही पाई गई। संचालक द्वारा आधा शटर खोलकर धड़ल्ले से व्यापार किया जा रहा था !उनके खिलाफ स्मृति नगर पुलिस बल की मौजूदगी में 15 हजार जुर्माना वसूला गया! इस दौरान थाना प्रभारी सिंह एवं आरक्षक आशीष कुमार मौजूद रहे। जोन-2 सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा की टीम ने सुंदर विहार चौक कैलाश नगर कुरूद में मछली बेचने वाले सहित पांच लोगों से 1300 रुपए जुर्माना वसूला। जोन-3 की टीम ने 6 लोगों पर 1100 रुपए जुर्माना लगाया।

# केंद्र सरकार के कृषि विधेयक बिल से देश भर के किसानों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा : दुबे

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार द्वारा किसानों से संबंधित लाए गए विधेयक से किसानों को केवल नुकसान ही नुकसान होगा और इस बिल से किसानों को आर्थिक दिक्कतों का भी सामना करना पड़ेगा उक्त विचार व्यक्त करते हुए बेमेतरा नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक दुबे ने कहा है कि किसानों की मदद करने और शोषण से बचाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा कृषि उपज मंडी समितियों का गठन किया था। जिसका नियंत्रण और संचालन भी कृषक प्रतिनिधि करते हैं। गुणवत्ता, वजन, भुगतान, हमाली और लेबर मुल्य नियंत्रण के साथ किसानों के हक की रक्षा करने का दायित्व यह समिति करती रही है। किंतु नई बिल से मंडी व्यवस्था के समाप्त होने पर अपंजीकृत व्यापारी भी किसानों की उपज खरीद लेंगे। इन व्यापारियों की जानकारी, एकत्र किए गए स्टाक की जानकारी सरकार की पहुंच और नियंत्रण से बाहर होगी। इन परिस्थितियों में जमकर कालाबाजारी होगी। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिलेगा दुबे ने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग का प्रावधान कर किसानों की आजादी को समाप्त करने के साथ ही कृषि क्षेत्र के औद्योगिकीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है जिसस इस बिल के लागू होने के बाद किसान अपने ही खेत में मजदूर के रुप में कार्य करने पर मजबूर हो जाएंगे। वहीं तीसरा काला कानून आवश्यक वस्तु अधिनियम को समाप्त करने के लिए लाया गया है जिससे न सिर्फ कृषक बल्कि आम जनता भी प्रभावित होंगे और कालाबाजारी को बढ़ावा मिलेगा एवं आपदा के अवसर की तलाश करने वाले आम जनता जरूरतमंद जनता पर हावी हो जाएंगे।

नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुबे ने आगे बताया कि इस विधेयक से भंडारण सीमा समाप्त करने के बाद आम जनता के जरुरत के दैनिक समान जैसे आलू प्याज टमाटर अरहर उड़द समेत दलहन तिलहन पर सरकार की जगह बड़े उद्योगपतियों का नियंत्रण होगा परिणाम स्वरूप आम जनता को महंगाई से भी जूझना पड़ेगा।

# समीक्षा बैठक में विधायक छाबड़ा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के नवीन डामरीकरण मार्ग में गड्डा खोदे जाने पर नाराजगी व्यक्त की

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने जिला कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा अंतर्गत किये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की जिसमें विशेष रूप से बेमेतरा शहर के बीच से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में फोरलेन निर्माण कार्य की समीक्षा की विधायक आशीष छाबड़ा ने कार्यो में गुणवत्ता को सर्वोपरी रखते हुए निर्माण कार्य मे तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया बैठक में उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि वन विभाग द्वारा फोरलेन निर्माण मार्ग में आने वाले वृक्षों की कटाई कार्य प्रगति पर है,एव वृक्षो को जड़ से उखाड़ने की कार्यवाही किया जाना है जो कि जल्द ही सम्पन्न कर लिया जायेगा तथा विधुत विभाग द्वारा बताया गया कि पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर बहुत जल्द ही फोरलेन निर्माण के बीच मे आने वाले पोल का शिफ्टिंग कार्य पूर्व कर लिया जयेगा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बेमेतरा द्वारा फोरलेन मार्ग निर्माण पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य जल्द पूरा किये जाने की जानकारी बैठक में दी गई इस दौरान विधायक आशीष छाबड़ा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नगर की नवीन डामरीकरण मार्ग में गड्डा खोदे जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगर रोड़ खोदने का काम किया जाना प्रस्तावित हो तो पूर्व में पी.डब्लू.डी.विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना होगा अन्यथा नये मार्गो में खोदाई किया जाने से जनता के मन मे गलत संदेश जाता है,मिकर भविष्य में इस बात पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान रखा जावे साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने अन्य विभागों के द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की इस दौरान जिलाधीश शिवअंनत तायल, जिला पंचायत सी.ई.ओ.रीता यादव, पी.डब्लू डी कार्यपालन यंत्री निर्मल सिंह,पी.एच.ई कार्यपालन यंत्री रामटेके,विधुत विभाग के कार्यपालन यंत्री मुरारी श्रीहरि,एस. डी.एम.बेमेतरा दुर्गेश वर्मा,तहसीलदार बेमेतरा अजय चंद्रवंशी,वन विनाग के अनुविभगिय अधिकारी सहित पूर्व नगर पालिका के उपाध्यक्ष मंगत साहू उपस्थित रहे।

# निशुल्क आवश्यक दवाई वितरण के साथ गाँव-गाँव में सैकड़ों लोगों स्वास्थ्य जांच करा रहें है: योगेश तिवारी

**बेमेतरा।** मोबाईल चलित स्वास्थ्य जांच अभियान कृषक नेता योगेश तिवारी एवं डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में बेमेतरा विधानसभा के ग्रामिण क्षेत्रो में किया जा रहा है अब तक हजारों लोगों नें इसका उठाया है स्वस्थ्य जांच टीम के गांव पहुचते ही लोग स्वयं ही अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए घर से निकल कर मोबाईल वेन के पास पहुंच रहें है और जांच करा रहें है स्वस्थ्य जांच के लिए ग्रामवासियों नें योगेश तिवारी द्वारा किये जा रहे प्रयासों को काफी सराहा है ग्राम गुनरबोड़ मजदूरी का काम करनें वाले हरिशचन्द्र धृतलहरे नें कहा कि ऐसे विकट परिस्थिति में भी गांव पहुंचकर लोगों की स्वस्थ्य की चिंता करना एक जागरुक जन नेता की निशानी है आज लोग स्वयं ही अपनी जान के भय से घर के बाहर नहीं निकल रहे है ऐसी परिस्थिति मे हमारा तथा हमारे परिवार का स्वस्थ्य परिक्षण गांव में ही हो रहा है इसके लिए योगेश तिवारी को धन्यवाद डंगनिया के यशोदा बाई ने कहा की हमारे घर पहुंचकर हमें दवाई तथा मास्क,सेनेटाईजर देने के लिए योगेश तिवारी को धन्यवाद दिया महिला,पुरुष सभी अपनें स्वास्थ्य की जांच करा रहें हैआज ग्राम अमोरा,जेवरी,बहिंगा,बहेरघट,डंगनिया,दमई,मोहलाई,रजकुड़ी,तेलाई कूडा,बरी खिलोरा,में स्वस्थ्य जांच किया गया गांव- गांव में योगेश तिवारी एवं उनके द्वारा चलाए जा रहे मोबाईल चलित निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण टीम का इंतजार करतें है।



# अखिल भारतीय शांति प्रतिष्ठान में हुई नियुक्तियां

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय शांति प्रतिष्ठान।( दिल्ली ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंदू भूषण दुबे, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सुभाष जोशी एवं प्रदेश अध्यक्ष आयुषी पाण्डेय की अनुशंसा पर कुम्हारी निवासी शशि किरण सिंह को दुर्ग जिला उपाध्यक्ष एवं चरौदा निवासी के .काव्या को जिले में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। इन्हें दुर्ग जिले में पर्यावरण के संरक्षण का दायित्व सौंपा गया है। आयुषी पाण्डेय ने बताया कि जल्द ही प्रदेश तथा अन्य जिलों मे संस्था का विस्तार करने कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। संस्था का उद्देश्य सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का अलख जन जागरण के माध्यम से सम्पूर्ण प्रदेश में प्रसारित करना है। संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने इस नव-नियुक्ति का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# ठाकुर बने बेरला के एसडीएम

**बेमेतरा।** कलेक्टर शिव अनन्त तायल ने एक आदेश जारी कर डिफ्टी कलेक्टर सन्दीप ठाकुर को अनुविभाग बेरला का अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) का दायित्व सौंपा है। ज्ञात हो कि बेरला के वर्तमान एसडीएम दिले राम डाहीरे का कबीरधाम ट्रान्सफर हो जाने के कारण यह बदलाव किया गया है।

### टोटल लॉकडाउन में स्वच्छता, सैनिटाइजिंग में जुटे कर्मी

# शहर को स्वच्छ रखने दूसरे दिन भी भिलाई निगम का महाभियान

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com








महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने विशेष सफाई और मेगा सैनिटाइजन अभियान के निर्देश अधिकारियों को दिए है इसके तारतम्य में दूसरे दिन रविवार को भी सड़क, नालियों की साफ-सफाई और सार्वजनिक स्थानों पर चल रहे सैनेटाइजिंग कार्य का जोन कमिश्नर एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने जायजा लिया।

महा अभियान के तहत आज सफाई के साथ-साथ नालियों के उपर अवैध रूप से बनाई गई कांक्रीट के स्लैब को तोड़कर जाम नालियों की सफाई की गई। जोन-1 की टीम ने नेहरू नगर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स रोड, वार्ड-6 आकाश गंगा ढिल्लन कॉम्प्लेक्स के पीछे मेन नाली के उपर बनाई गई स्लैब को जेसीबी मशीन से तोड़कर सफाई की। यहां के व्यापारियों ने नाली पर स्लैब बनाकर कब्जा कर लिया था। सफाई कर्मियों की टीम ने आकाश गंगा और सब्जी मंडी की सड़कों को पानी से धुलाई की। सफाई कर्मियों की टीम ने मूकबधिर स्कूल के पीछे , पत्रकार कॉलोनी प्रियदर्शनी परिसर दक्षिण गंगोत्री, डॉ अग्रवाल क्लीनिक के आसपास बिखरे पड़े पालीथिन को एकत्र किया गया। कंटीली झाड़ियों की कटाई की गई। डेंगू से निपटने टेमीफास दवा का वितरण शहर के समस्त वार्डो में टेमीफास दवा का वितरण किया गया है, निगम की टीम क्षेत्रों में घूम घूम कर जलजमाव वाले पात्रों का सघन निरीक्षण कर रही है और लार्वा को नष्ट करने का कार्य कर रही है ! आज डेंगू नियंत्रण अभियान के तहत वार्ड-29 बापू नगर और वार्ड 33 के घरों में टेमीफास का वितरण करते हुए इसके उपयोग के तरीके बताए गए। वार्ड-33 के सर्विस रोड की बड़ी नालियों की सफाई की गई। चूना ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया। वार्ड 35 शास्त्री नगर बाबा बालक नाथ मंदिर स्थित तालाब के आसपास की सफाई की गई। घरों में डेंगू और कोरोना से बचाव को लेकर पॉम्पलेट वितरण किया गया।

बड़े मैदानों की भी सफाई महा अभियान के तहत बड़े और खुले मैदानों की भी सफाई की जा रही है। जोन-2 के सफाई कर्मियों के दल ने शांति नगर दशहरा मैदान और कॉलोनी की सफाई किया।

सोडियम क्लोराइड के घोल का छिड़काव कर आसपास के क्षेत्रों के दुकानों एवं मकानों को सैनेटाइज किया गया। वार्ड-16 कुरूद, मुक्तिधाम रोड , वार्ड-21 आदर्श नगर शर्मा गली, युग निर्माण स्कूल के पास, राजेश क्लीनिक के सामने, बुद्ध विहार, सतनाम भवन, वार्ड 22 पानी टंकी के पास वार्ड-23 मछली मार्केट की सफाई की गई।

घर और सभी दुकानों को सैनिटाइज किया गया वार्ड 25 न्यू संतोषी पारा मजार लाइन, विजय साहू लाइन, चौहान लकड़ी टाल लाइन, आटा चक्का के आसपास एरिया में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया गया। जोन क्रमांक 4 क्षेत्र में 40 सफाई कामगारों की टीम ने 1200 मीटर नाली की सफाई की, 4800 मीटर सड़कों की सफाई की, 49 स्थलों से कचरा उठाया, स्प्रे के माध्यम से 1000 मिलीलीटर सैनिटाइजर का सघन क्षेत्रों में छिड़काव किया, नालियों की सफाई के बाद चूना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव तथा जन जागरूकता के लिए पंपलेट का वितरण किया!

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक पथरिया की वर्चुअल क्लास

**मुंगेली (पथरिया)।** रविवार को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक पथरिया की वर्चुअल मीटिंग संपन्न हुआ। जिसमें बहुत संख्या में जिला ,ब्लाक,संकुल पदाधिकारी के साथ सक्रिय शिक्षक सदस्य शामिल हुए। वर्चुअल मीटिंग की शुरुआत ब्लाक सचिव राजेन्द्र सूर्यवंशी ने प्रमुख मुद्दों के साथ रखी। प्रमुख मुद्दे जो रही उसमें 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सअप के माध्यम से अधिक से अधिक साथी मांगों को सोसल मीडिया के माध्यम से रखना। वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, और पुरानी पेंशन ज्वलंत मुद्दे है जिस पर सभी पदाधिकारियों ने बात रखी। वर्चुअल मीटिंग में परदेशी यादव,यशवंत साहू,नकुल साहू ,इंद्रपाल राजपूत, मोहिंदर वर्मा,राजेन्द्र क्षत्रिय, केशव पांडेय, इंद्रभान कंवर, शैलेन्द्र ध्रुव, रुद्र राजपूत, रूपेंद्र जोल्हे, डीकेश्वर शर्मा, शैलेन्द्र राजपूत, रवि सिंगरौल, तालेश सिंगरौल, सोहन कौशिक, यमुना जायसवाल, कमल साहू, कोमल राजपूत, ने अपनी बात रखी।

# दमोह, मध्यप्रदेश के सीमा पर दो गांजा तस्करों को सरिया पुलिस ने पकड़ा

- मोटर सायकल पर ओड़िसा से गांजा लेकर आ रहे थे आरोपीगण, 13 किलो गांजा, मोटर सायकल, एक मोबाइल जप्त, आरोपी गये रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com




सरिया थाना प्रभारी निरीक्षक धुव मारकंडेय एवं हमराह स्टाफ द्वारा कल सरहदी बार्डर चेक दौरान मुखबिर सूचना पर बिना नम्बर साईन वाहन पर बोरी में भरकर गांजा लेकर आते हुये मध्यप्रदेश दमोह के दो युवकों को पकड़े हैं। आरोपियों से गांजा, उनकी मोटर सायकल व मोबाइल को जप्त कर आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी मारकंडेय हमराह सउनि खेमराज एवं आरक्षक खिरेन्द्र जलतारे, विपिन देहरी, राज कुमार साव, महिला आरक्षक कौशल्या पटेल के साथ 26 सितंबर को सुबहसे बार्डर की ओर ग्राम गस्त कर मुख्य मार्ग पर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था, इसी दरम्यान मुखबिर द्वारा बिना नम्बर साइन मोटर सायकल में दो लड़के गांजा लेकर सरिया के रास्ते पार होने की जानकारी दिया गया जिस पर टी.आई. मारकंडेय द्वारा भठली चौक मेन रोड पर नाकेबंदी किया गया। उसी दरम्यान करीब दोपहर करीब 14.30 बजे लुकापारा भठली की ओर से सरिया जाने वाली मेन रोड में काला रंग का मो सा होण्डा साइन में दो व्यक्ति सवार होकर तेज रफ्तार से आते दिखाई दिये दोनों के बीच में एक प्लास्टिक बोरी रखा था जिसे स्टाफ रोके पुछताछ करने पर मोटर सायकिल चालक के द्वारा अपना नाम अन्नू ठाकूर पिता बसंत गोंड उम्र 20 वर्ष ग्राम देवतरा (पूरेन हाउस) थाना जबेरा जिला दमोह (मप्र) एवं पिछे बैठा व्यक्ति अपना नाम तेजी सिंह ठाकुर पिता कडोरी ठाकूर उम्र 20 वर्ष ग्राम देवतरा (पूरेन हाउस) थाना जबेरा जिला दमोह (मप्र) का होना बताये। स्टाफ तलाशी के संबंध में उन्हें जानकारी देते हुये तलाशी ली गई तो उनके बोरे में 10 किलो गांजा और सीट कव्हर के अंदर सीटनुमा प्लास्टिक बोरी के अंदर 03 किलो गांजा कुल 13 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमती 65,000 रूपये मिला। आरोपियों से उनकी बिना नम्बर होण्डा साइन मोटर सायकल, 13 किलो गांजा एवं एक मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपियों पर थाना सरिया में 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## नगर पंचायत और अड़भार में साफ सफाई का कार्य चल रहा जोरों से

- मां अष्टभुजी मंदिर सहित विभिन्न वार्डों में ब्लीचिंग पाउडर एवं दवाइयों का छिड़काव

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा विकासखंड के नगर पंचायत अड़भार में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नीतू अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं सफाई दरोगा विकास देवांगन विक्की के नेतृत्व में साफ सफाई का कार्य जोरों से चल रहा है, नगर पंचायत अड़भार की मां अष्टभुजी देवी प्रसिद्ध मंदिर के आसपास 28 सितंबर को जहां बृहद रूप से साफ-सफाई अभियान चलाकर मोहल्ले की नालियों के कचरों को बाहर निकाला गया तो वही नालियों का कचरा निकालने के बाद ब्लीचिंग पाउडर एवं दवाइयों का भी छिड़काव किया गया है, इस संबंध में नगर पंचायत अड़भार के सफाई दरोगा विकास देवांगन ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जानकारी अनुसार नियमित रूप से नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है, एवं वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण से बतौर सतर्कता सफाई कार्य को और अधिक तेजी के साथ किया जा रहा है, एवं निरंतर शहरी क्षेत्र में वार्डों में समय-समय पर आवश्यकतानुसार सैनिटाइजिंग तथा नालियों में गंदे पानी का निकास बेहतर ढंग से हो सके इस हेतु पूरा सफाई अमला प्रयासरत है, सफाई दरोगा विकास देवांगन ने बताया कि नगर पंचायत के इस साफ सफाई अभियान में सफाई कर्मचारी भी पूरी तत्परता के साथ जुटे हुए हैं, एवं प्रमुख मार्गों में नियमित रूप से झाड़ू लगाने का काम तथा शहर के विभिन्न मोहल्लों में नियमित रूप से नगर पंचायत के वाहनों के द्वारा एवं स्वच्छता दीदियों के द्वारा कचरा कलेक्शन कर उसे एक स्थान पर ले जाकर डंप करने का काम किया जा रहा है, विकास देवांगन ने बताया कि नगर पंचायत के इस कार्य में जहां सभी जनप्रतिनिधि भी अपना पूरा सहयोग करते हैं, तो वहीं समय-समय पर स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का भी सम्मान उनके कार्यों को देखते हुए किया जाता है।

### मां की अंतिम इच्छा पूरी करने बेटी ने दिया कंधा और दी मुखाग्नि



**सक्ति।** शक्ति शहर के मुक्तिधाम में एक बेटी ने बेटे का फर्ज निभाया, मां की मौत के बाद बेटी ने ही मां को मुखाग्नि दी,शक्ति के अखरभाठा वार्ड न- 10 में रहने वाली श्रीमती शास्त्री जी का निधन 27 सितंबर रविवार को शाम 6 बजे के बीच हो गया,एवं अपनी माँ की अंतिम इच्छा नगर पालिका शक्ति में पदस्थ कैशियर केशरी द्विवेदी ने पूरी हिंदू रीति रिवाज के साथ पूरी की जो की आज के समाज में एक मिसाल है, वही पूरे शहर वासियों ने केशरी द्विवेदी के इस कार्य की सराहना की है, तथा वर्तमान समय में आज एक बेटी होकर भी बेटे की तरह अपनी माता के अंतिम संस्कार में उसी तरह से सारे कार्य संपन्न करवाना एक दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है।

## इंड सिनर्जी गेट के सामने फैक्ट्री कर्मी से मारपीट व लूटपाट

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



लॉकडाउन के कारण रोजी रोटी और कामधाम बंद होनें के चलते शहर तथा आसपास के क्षेत्र में चोरी, मारपीट और लूटपाट जैसी घटनाएं सामने आ रही है। इसी क्रम में रविवार शाम शहर से सटे कोटमार गांव के पास संचालित इंड सिनर्जी फैक्ट्री के सामने एक फैक्ट्री कर्मी से बाईक सवार दो युवकों ने बुरी तरह मारपीट करते हुए सोने का चैन छीन लिया और वहां से फरार हो गए। आहत फैक्ट्री कर्मी को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ मोदी पारा निवासी रितेश सिंह इंड सिनर्जी फैक्ट्री में सीनियर कैमिस्ट के पद पर कार्यरत है। रितेश आज किसी काम से फैक्ट्री गया हुआ था। जहां से साढ़े 5 बजे छुट्टी करने के बाद वह इंड सिनर्जी गेट के सामने अपने बस का इंतजार कर रहा था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान बाईक में सवार दो लोग उसके पास पहुंचे और फैक्ट्री में काम करने का हवाला देकर पैसे की मांग करने लगे। रितेश ने जब पैसे नहीं होनें की बात कही तो दोनों अज्ञात बदमाश उससे मारपीट करने लगे और उसके गले से सोने की चैन छिनकर बाईक में फरार हो गए। मारपीट की इस घटना में रितेश सिंह के सिर में अंदरूनी चोट आई है।

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ‹ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगर सैनिक के अंधे कत्ल के मामले को सुलझाने में पुलिस ने बडी सफलता हासिल की । नवागढ थाना के अवरीद और अमोरा गांव के बीच नगर सैनिक के अंधे कत्ल के मामले को सुलझाने में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है और मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे हत्या में उपयोग किए गए हथियार और खून से सने कपड़े बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर ने प्रेस वार्ता कर घटना के संबंध में जानकारी दी ।पुलिस अधीक्षक ने घटना का मुख्य वजह नगर सैनिक रज्जू प्रसाद तिवारी और आरोपी नगर सैनिक संतोष मधुकर के बीच उधार पैसा के लेन देन को बताया और संतोष मधुकर द्वारा अपने बेटे और उनके साथियों के साथ मिल कर रज्जू प्रसाद तिवारी को ठिकाना लगाने के लिए प्लान कर हत्या करना बताया। चार दिन पहले नवागढ थाना में पदस्थापना के बाद रज्जू प्रसाद तिवारी का अपने गांव अमोरा लौटते वक्त 24 सितंबर की रात हत्या होने की खबर से पुलिस महकमे में हडकंप मच गया था। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी घटना स्थल पहुंच कर मामले की छानबीन प्रारंभ की। इस अंधे कत्ल की गुत्थी को नवागढ पुलिस ने 48 घंटा के अंदर ही सुलझा ली।जिसमें नवागढ थाना के बाद स्थित पेट्रोल पंप का सीसीटीवी फूटेज और घटना स्थल पर घटना समय मोबाईल कॉल ट्रेस करने से मामले से जुट अहम सुराग मिला।जिसमें पुलिस ने कटौद गांव के जय प्रकाश मधुकर का नंबर मिलना और उस नंबर पर घटना से पूर्व संतोष मधुकर का नंबर होने संदेह को बढाया और पुलिस ने संदेह के आधार पर जय प्रकाश मधुकर और उसके पिता नगर सैनिक संतोष मधुकर को हिरासत में ले कर पूछताछ की।

> नगर सैनिक की गला रेत कर हत्या के इस अंधे कत्ल को सुलझाने में मोबाइल लोकेशन से पुलिस को बडी सफलता मिली और अब सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। पुलिस ने सभी आरोपियों का कोरोना टेस्ट के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में जिन पुलिस कर्मियों ने काम किया उन्हें पुलिस अधीक्षक पुरुष्कृत करने की घोषणा की है।
>
> **- पारुल माथुर-** एसपी जांजगीर

## मशरूम उत्पादन कर अच्छा लाभ अर्जित कर रहा शत्रुघन साहू

पायनियर संवाददाता ‹ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत गिधौरी के पूर्व सरपंच शत्रुघन साहू मशरूम उत्पादन कर अच्छा लाभ अर्जित कर रहे हैं । जिला बलौदा बाजार भाटापारा के ग्राम पंचायत गिधौरी के पूर्व सरपंच शत्रुघन साहू जो की वर्तमान में ग्राम पंचायत गिधौरी के पंच है खेती किसानी में काफी रूचि रखते है आज वर्तमान समय में मशरूम उत्पादन करके अच्छा लाभ अर्जित कर रहे है । उन्होंने मशरूम उत्पादन को लेकर जानकारी साझा किए की प्रत्येक दिन 10 से 15 किलो की उत्पादन हो रहा है । मशरूम की उत्पादन करने की कला सीखने के लिए वे पूर्व में उड़ीसा गए थे जहा मशरूम उत्पादन करने की कला को सीख कर आए उसके बाद अपने घर परिसर के पीछे बगीचा में मशरूम उत्पादन की कार्य कर रहे हैं । मीडिया की टीम ने जब शत्रुघन साहू से बात किया तो उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन करते उन्हें लगभग 3 माह हो रहे हैं, हमारा परिवार मशरूम उत्पादन करने का कार्य कर रहा है जिससे हमारे परिवार की आमदनी भी बढ़ी है। मशरूम उत्पादन की कार्य कि देखरेख़ वे सपत्नीक करते हैं और मात्र दो तीन मजदूर को काम में लेकर दिन में दो टाइम मेहनत कर मशरूम उत्पादन से काफी अच्छा लाभ प्राप्त कर रहे है , साहू कहते है कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता उसे मेहनत मन लगन से करने में सभी कार्य में सफलता मिलता है।

## शिक्षा करेगी नव युग का निर्माण, आने वाला समय देगा इसका प्रमाण

पायनियर संवादद‍ाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोविड 19 के संक्रमण ने जहां सभी चीजो पर लगभग विराम लगा है, वही शिक्षा के क्षेत्र में लगा नित नये प्रयास किये जा रहे है ताकि ब्चचो का एक साल खराब न हो, जिसके चलते पढाई तुहर द्वार, आन लाईन षिक्षा, सहित राजीव गांधी कक्षा का प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार मुंगेली जिले के ग्राम धपई में जिलाध्यक्ष पोखराज बंजारे के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की पहल राजीव गांधी कक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे कोविड की इस महामारी में छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए छैन्प् हर कदम साथ खड़ी हैं। द्वारा प्राइमरी एवं मिडिल क्लास के बच्चों को पढ़ाया गया, और आज से स्कूल के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं कोविड महामारी के दौरान संक्रमण से बचाव हेतु सेनिटाइजर एवं मास्क वितरण किया गया एवं जागरूक करने का कार्य का शुभारंभ हुआ। जिसमे मुख्य रूप सेजिलाध्यक्ष पोखराज बंजारे, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश छेदईया, विधानसभा अध्यक्ष मंतराम यादव, मनोज सोनकर, मुकेश साहू ,नारायण यादव,मक्कू साहू,लाला यादव और उपस्थित रहे।

## प्रशासन के भरोसे कोविड के बढ़ते आकड़ों पर काबू नहीं पाया जा सकता

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com




लगातार बढ़ते संक्रमण के मामलो पर कमी लाने प्रशासन नतमस्तक नजर आ रहा है, कहने को तो जिले मे विगत 17 सितम्बर से 23 सितम्बर तक एवं 25 से 30 सितम्बर की मध्य रात्रि तक लाकडाउन जारी है वही स्वाथ्य विभाग द्वारा जारी आकडो के मुताबिक 17 सितम्बर से 28 सितम्बर के बीच कोरोना पाजिटिव केसा की संख्या लगभग 460 रही है, जो कही न कही इस बात को इंगित करती है कि सिर्फ प्रशासन के सजग रहने से ही कोविड के बढ़ते आकड़ों पर काबू नहीं पाया जा सकता है। इसके लिए आम नागरिकों में भी जागरूकता की जरूरत है।

गौरतबल हो कि जिले में दो चरणो में लाकडाउन घोषित किया गया है, जो 17 से 23 सितंबर एवं 25 से 30 सितंबर तक है, जिसको लेकर जहां आम लोगो की राय अलग अलग नजर आई है।

> लाकडाउन को लेकर लोगों की राय - नगर पालिका अध्यक्ष संतु लाल सोनकर ने कहा कि लोगो को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रह कर प्रषासन द्वारा जारी नियमो का पालन करना चाहिए । कोविड 19 की इस महामारी के दौर में प्रषासन द्वारा जारी लाकडाउन का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए ताकि बढते सं मण के मामलों पर काबू पाया जा सके ।
>
> **-सागर सिंह बैस** कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुंगेली

> विश्वव्यापी संक्रमण कोरोना से बचाव के लिए सभी वर्गो को मिलकर बचाव की कार्यवाही में जुडना होगा तभी बचाव का मार्ग प्रस्सत होगा और लोग सं मण से बच पायेगे । प्रषासन और आम लोगो की राय नजर आ रही है उसमें विषेश बात यह है कि प्रषासन लाकडाउन कर यह मान रही है कि बचाव हो जायेगा, इसे हमे अपने व्यवहारिक संदर्भ में देखना होगा । कि लोग प्रषासन द्वारा घोशित कार्य म को कितना दिल से लेते है उसका पालन करते है। वही लोगो की घारण है कि प्रषासन और स्वास्थ्य विभाग का दाईत्व मान लेते है । जबकि सं मण से बचने के लिए सभी को जगरूकता से काम लेने की जरूरत है जो नजर नही आ रही है।
>
> **-प्रमोद पाठक** वरिष्ठ पत्रकार, मुंगेली

## सरकार लोक कलाकारों की मदद करें : संघ

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष नवल दास मानिकपुर के दिशा निर्देश पर मुँगेली ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोदवा बानी में कोरोना काल और शासन के नियम को ध्यान में रखते एवं प्रतिपालन करते हुए कम संख्या में कुछ प्रमुख वरिष्ठ कलाकारों को आमंत्रित कर बैठक किया गया और मुंगेली ब्लॉक अध्यक्ष की गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिले के लोरमी ब्लाक पथरिया ब्लॉक अध्यक्ष की गठन किया जा चुके है मुँगेली ब्लॉक अध्यक्ष पद पर चयनित नहीं किया गया था जो आज बैठक कर नियुक्त किया जा रहा है वहीं बताया गया कि लगभग 9 माह से कोरोना वायरस के कारण प्रदेश में कार्यक्रमों में प्रतिबंध लगाया गया है परंतु कार्यक्रम के नहीं चलने से प्रदेश के सभी प्रकार के लोक कलाकार बेरोजगार हो गए हैं परिवार की पालन पोषण करना कठिन हो गया है सरकार के द्वारा हम सभी प्रकार के कलाकारों की खोज खबर नहीं किया जा रहा है न ही हमें कुछ सहयोग भी नहीं दिया जा रहा है जब बाजार खुल गया फैक्टरी खुल गया उसके बाद भी जब हम कही पर किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किया जा सकता है तो सरकार हमें अन्य रूप से कुछ सहयोग करें और वही बताया गया कि प्रदेश में काफ ी संख्या में लोक कलाकार मौजूद है जिसमें कुछ पंजीकृत है और कुछ अपंजीकृत है हमारे संगठन के माध्यम से सभी कलाकारों को एक जुट कर संगठन को पूरे प्रदेश में खड़ा किया जा रहा है और हम भी अपने संगठन के माध्यम से शासन तक अपनी दुख दर्द को पहुंचायेंगे।


## कार्यालय महिला एवं बाल विकास
### जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

पत्र क्रं./1977/मबावि/आईसीपीएस 2020 कांकेर, दिनांक 26.09.2020

// सूचना //

**देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के अस्थाई संरक्षण के लिये भावी अभिभावकों से आवेदन आमंत्रण**

जिले में संचालित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 41 अंतर्गत पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 44 तथा माडल गाईड लाईन फार फॉस्टर केयर 2016 के प्रावधाननुसार अस्थाई संरक्षण में दिये जाने हेतु फॉस्टर केयर में जिले के भारतीय दंपतियों से आवेदन आमंत्रित है।

फॉस्टर केयर परिवार का दायित्व होगा कि वह बालक को समुचित भोजन, वस्त्र, आश्रय, शिक्षा, देखभाल एवं संरक्षण, आवश्यकता अनुसार सभी प्रकार की चिकित्सा/उपचार, आयु एवं रूचि अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण, बालक की विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति, बालक का शोषण, दुर्व्यव्यवहार, हानि, उपेक्षा से सुरक्षा तथा एवं बालक एवं उसके जैविक परिवार की निजता का सम्मान करें। इसके साथ ही फॉस्टर केयर मार्गदर्शिका 2016 में उल्लेखित सभी दायित्वों एवं शर्तों तथा बालक कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के निर्देशों के पालन अनिवार्य होगा।

ऐसे भारतीय दंपति जो देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को अस्थायी रूप से संरक्षण में लेना चाहतें है वे जिला वाले बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर के कार्यालय में संपर्क कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं आवेदन के पश्चात उक्त अधिनियम एवं गाईड लाईन के प्रकाश में गृह अध्ययन प्रतिवेदन तथा स्पान्सरशिप एवं फॉस्टर केयर अनुमोदन समिति की अनुशंसा के आधार पर जिले की बाल कल्याण समिति द्वारा देखरेख एवं संरक्षण हेतु बालक संबधित दंपति को फॉस्टर केयर में दिया जा सकेगा।

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**एकीकृत बाल संरक्षण इकाई**
**महिला एवं बाल विकास**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

जी.-83911/4


## पेज 1 के शेष...

विश्व में सवा 3 करोड़ से अधिक कोरोना ...

पेरू के पीछे छोड़ दिया है। यहां पर इस जानलेवा विषाणु से अब तक 8.13 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 25,488 लोगों ने जान गंवाई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यह कोरोना से संक्रमित होने के मामले में वह छठे स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 8.42 लाखलोग संक्रमित हुए हैं और 32,142 लोगों की मौत हो चुकी है। मेक्सिको में कोरोना से अब तक 7.30 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 76,430 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन कोरोना संक्रमितों की संख्या में आठवें स्थान पर आ गया है जहां यह संख्या 7.16 लाख से अधिक हो गयी है। वहीं यहां इस वायरस से मरने वालों की संख्या 31,232 हो गयी हैं। अर्जेंटीना ने कोविड-19 से प्रभावित होने के मामले में दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ दिया है। यहां इस जानलेवा विषाणु से अब तक 7.11 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 15,749 लोगों की मौत हुयी है।

दक्षिण अफ्रीका नए मामलों में वृद्धि के बाद अब 10वें स्थान पर है। यहां अब तक करीब 6.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 16, 398 लोगों की मृत्यु हुई है। कोविड-19 से प्रभावित होने के मामले में फ्रांस ने चिली को पीछे छोड़ दिया है। यहां इसकी चपेट में अब तक 5. 52 लाख से अधिक लोग आए हैं तथा 31,675 लोगों की मृत्यु हुई है। चिली में कोरोना से लगभग 4.57 लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा 12,641लोगों की मौत हुई है। ईरान में इस महामारी से 4.46लाख से अधिक लोग संक्रमित है जबकि 25, 589 लोगों की मौत हो चुकी है।

ब्रिटेन में कोरोना से अब तक लगभग 4.37 लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा 42,077 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में संक्रमितों की संख्या 3.59 लाख हो गई है तथा 5,161 लोगों की मौत हो चुकी है। इराक ने कोरोना संक्रमितों के मामले में सऊदी अरब और पाकिस्तान दोनों को पीछे छो? दिया है। यहां संक्रमितों की संख्या 3.49 लाख है वहीं 8,990 लोगों की मौत हो चुकी है। सऊदी अरब में कोरोना के 3.33 लाख मामले सामने आए हैं जबकि 4,683 लोगों की मौत हो चुकी हैं।

तुर्की ने कोरोना से संक्रमित होने के मामले में पाकिस्तान को पीछ छोड़ दिया है। यहां इस महामारी से अब तक 3.14 लाख लोग प्रभावित हुए हैं तथा 7997लोगों की मौत हो चुकी है। पाकिस्तान में कोरोना से अब तक लगभग 3.10 लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा 6,457 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में इस जानलेवा विषाणु से 3.09 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं तथा 35,835 लोगों की मौत हुई है। फिलीपींस ने कोरोना संक्रमितों के मामलों में जर्मनी को पीछे छो? दिया है। यहां संक्रमितों की संख्या लगभग 3.04 लाख से अधिक हो गई है और 5,344 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में अब तक 2.86 लाख से अधिक लोग इस वायरस की चपेट में आए हैं तथा 9,464 लोगों की मौत हुई है। इंडोनेशिया में संक्रमितों की संख्या 2.75 लाख से अधिक हो गयी है तथा 10,386 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना वायरस से इक्काडोर में 11,279, बेल्जियम में 9980, कनाडा में 9318, बोलीविया में 7858, नीदरलैंड में 6415, स्वीडन में 5880, मिस्र में 5883, चीन में 4739, रोमानिया में 4,718, यूक्रेन में 4,044, ग्वाटेमाला में 3229, पोलैंड में 2432, पनामा में 2340, होंडुरास में 2288 और स्विट्जरलैंड में 2064 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जंगल में जुआ खेलते नौ पकड़े गए, 1.02 लाख रुपये बरामद

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

ग्राम लबेद के जंगल में जुआ खेल रहे नौ लोगों को उरगा पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा है। इनके पास से 1.02 लाख रुपये नकद जब्त किए गए है। उरगा पुलिस ने बताया कि रामभांठा जंगल लबेद में लंबे समय से जुआ खेलने की शिकायत मिल रही थी, पर पुलिस कार्रवाई के पहले जुआरी भाग जाते थे। मुखबिर की सूचना मिलने पर दबिश दी गई तो प्लास्टिक का बोरा बिछाकर जुआ खेलते नौ लोग मिले। इनमें मोईरछद्दीन खान पिता गुलाम मोइउद्दीन 45 निवासी पुरानी बस्ती कोरबा, प्रताप सिंह पिता गोपाल सिंह राजपूत 35 निवासी सीतामढ़ी, लालसाय पिता नारायण साहू 45 निवासी सेमीपाली, लालसाय पिता नारायण साहू 45 निवासी सेमीपाली उरगा, अबजर अली 45 निवासी पोड़ीबहार कोसाबाड़ी, संतोष सिदार पिता तेरसराम 40 निवासी बाल्को, प्रदीप केशरवानी पिता डीआर केशरवानी 45 निवासी कोरबा, दिनेश सोनी पिता स्व.नेतालाल सोनी 35 निवासी बाल्को व मुकेश दिवान पिता मोहर दास दिवान 35 निवासी कोरबा के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान निरीक्षक रामेंद्र सिंह, उप निरीक्षक प्रहलाद राठौर, सहायक निरीक्षक दिलाराम मनहर व आरक्षक शामिल थे।

# वन अफसरों और तस्करों की सांठगांठ से काटे जा रहे पेड़, सबने साध रखी है चुप्पी

**प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के जंगल में बेहिसाब हो रही पेड़ों की कटाई, जंगल में ही बनाए जा रहे पटरे, हाथी प्रभावित क्षेत्र कहकर तस्करों को वन अफसरों ने दे दी है खुली छूट**

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



सूरजपुर जिले का प्रतापपुर वन परिक्षेत्र हाथी प्रभावित रहा है। इसका पूरा फायदा उक्त क्षेत्र में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी उठा रहे हैं। वन परिक्षेत्र में धड़ल्ले से तस्करों द्वारा बेहिसाब पेड़ों की कटाई की जा रही है। पत्रिका के हाथ जो वीडियो लगा है वह अफसरों की तस्करों के साथ साठगांठ की पोल खोलने के लिए काफी है।

जंगल के मुख्य मार्ग से लगे पेड़ों की कटाई कर पटरे बनाए जा रहे हैं। ऐसा संभव ही नहीं है कि वन अधिकारियों-कर्मचारियों को इसकी जानकारी न हो, इसके बावजूद शासन को चपत लगाने का खुला खेल चल रहा है। सवाल ये उठता है कि जंगल की सुरक्षा, हाथियों की सुरक्षा करने के लिए इन वन अफसरों-कर्मचारियों को शासन हर माह मोटा वेतन देता है, जब वे इनकी सुरक्षा में नाकाम हैं तो किस काम का वेतन सरकार से लेते हैं। पेड़ों की कटाई की शिकायत सीएफ से की गई है, उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के लिए टीम का गठन किया है। गौरतलब है कि प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के धरमपुर सर्किल के केराडांड-सिंघरा मार्ग के गर्जन डीह बीट में सैकड़ों विशाल पेडों को काट कर खुलेआम पटरा, चौखट और कंडी निकाल कर तस्करी की जा रही है।

वहीं वन विभाग के अधिकारियों की इस मामले में चुप्पी ने उनकी कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में से वन विभाग की हाथी विभाग वाली गाड़ी रोज भर्मण कर लोगों को हाथी के बारे में जानकारी प्रदान करती है। वहीं सड़क के किनारे काटे गए पेड़ इन्हें नहीं दिखते हैं। ये बिना विभाग की तस्करों से मिलीभगत के संभव ही नहीं है। प्रतापपुर रेंज में नए रेंजर की पदस्थापना के बाद से हाथियों की मौत व पेड़ों की बेहिसाब कटाई जारी है।

**सीएफ ने जांच के लिए किया टीम का गठन :** पत्रिका द्वारा मामले की शिकायत सरगुजा वृत्त के मुख्य वन संरक्षण अधिकारी एबी मिंज से की गई। इस पर उन्होंने कहा कि मुझे आपके द्वारा जानकारी मिली हैं। उन्होंने मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। उन्होंने बताया कि जांच पश्चात दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**उडऩदस्ता टीम ने जब्त किए कटे पेड़-पटरे :** मामले की शिकायत के बाद सोमवार की दोपहर वन विभाग की उडऩदस्ता टीम गर्जनडीह बीट के जंगल में पहुंची और तस्करों द्वारा काटे गए पेड़ व उनके द्वारा बनाए गए पटरे को जब्त किया। शिकायत से पूर्व ये भी मौन बैठे थे।

**बीट प्रभारी की कार्यशैली संदिग्ध**

प्रतापपुर वन विभाग के धरमपुर सर्किल के गर्जन डीह बिट में पहले भी पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया था, इसके बाद भी विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों से पूछने पर यही बोला जाता है कि अभी जांच चल रही है। जबकि यह हाथी प्रभावित क्षेत्र है और बीट प्रभारी का यहां आना-जाना रहता है। उनके ही क्षेत्र में पेड़ों की कटाई से उनकी कार्यशैली संदिग्ध नजर आती है। तस्करों के साथ इनकी मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त किसानों के लिए लाभप्रद : कवासी हरीश

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर 01 नवंबर को जारी की जाएगी इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष कवासी हरीश ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुखिया और किसानों की हित चिंता करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने सौगात देते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त जारी करने का लोककल्याणकारी निर्णय लिया है।

इससे प्रदेश के 19 लाख किसान साथी लाभान्वित होंगें व त्यौहारी सीजन में किसानों के लिए यह निर्णय खुशहाली लेकर आएगी व नई फसल की कटाई,मिजाई के लिए भी यह राशि लाभदायक साबित होगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जिले एवं प्रदेश वासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी और कहा कि भूपेश बघेल सरकार गांव, गरीब, मजदूर व किसानों की सरकार है व जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से गांव, गरीब व किसानों में खुशहाली आई है सरकार इनके जीवनस्तर को ऊपर उठाने कार्य कर रही है।

एक ओर जहां पूरे विश्व सहित भारत देश में कोरोना के कारण आर्थिक संकट का दौर शुरू हुआ वहीं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों ने प्रदेश के लिए खुशहाली का मार्ग प्रशस्त किया जिसके लिए पूरे प्रदेश की जनता की ओर से वे बधाई के पात्र हैं।

## होमआईसोलेशन के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट परिसर में कोविड-19 संक्रमण में मरीजों को आपात सेवाएं उपलब्ध कराने टोल फ्री नंम्बर 07763-223732, 07763-223281 एवं मोबाईल नंबर 9131318933 की 24 घंटे होमआईसोलेशन वाले मरीजों के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। जिसमें आयुष, डॉक्टर, स्टाप नर्स, की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा होमआईशोलेसन के लिए मरीजों कोदिशा निर्देशानुरूप अंडर टेकिंग किया जा रहा है कोरोना मरीजों की मदद के लिए होमआईसोलेशन करने वाले मरीजों को आपात स्थिति में प्रत्येक विकासखंडों में 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में एक एडवांस लाईफ सर्पोट गाड़ी की व्यवस्था तथा एक शासकीय एम्बुलेंस है।

## फसल कटाई प्रयोग किए जाने मोबाइल

**जशपुरनगर।** मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत सीसीई एग्री मोबाइल एप्प के माध्यम से फसल कटाई प्रयोग किये जाने हेतु, ऑनलाइन एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 29 सितम्बर मंगलवार को समय प्रातः 11.00 से 1.00 बजे तक किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, उप संचालक कृषि, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी, अधीक्षक-सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, समस्त तहसीलदारध्नायब तहसीलदार एवं समस्त राजस्व निरीक्षक को सम्मिलित होने के लिए कहा गया है।

# हाईस्कूल मैदान में गुल गोटी जुआ खेलते संजय नगर के 9 पकड़ाए

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के हाईस्कूल मैदान में जुआ खेल रहे 9 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि हाईस्कूल मैदान में कुछ व्यक्ति यों रुपये पैसे का हार जीत का दाव लगाकर गुल गोटी से जुआ खेल रहे हैं सूचना पर पुलिस की टीम ने बताए स्थान पर दबिश दी जहां कुछ व्यक्ति लॉकडाउन का उल्लंघन करते हुए जुआ खेलते पाए गए पुलिस ने घेराबंदी कर 9 जुआरियों मुरलीधर चंद्रा पिता छेदूराम चंद्राए राहुल शाह पिता विजय शाह, वीरेंद्र यादव, अगस्ते चंद्रा पिता सोनू चंद्रए शेख बबलू पिता शेख सफीउल्लाह खान, सनी ठाकुर पिक्चर बालकृष्ण ठाकुर, मोहम्मद हफीम पिता मोहम्मद इस्माइल, परमानंद जयसवाल पिता संतराम जयसवाल एवं राजेश हलदर पिता कानू हलधर को गिरफ्तार किया उनके पास से जुआ खेलने के लिए प्रयोग किए जा रहे गुल गोटी वाह कुल 1830 नगद जप्त किया गया । उक्त आरोपीगण जिला दंडाधिकारी महासमुंद द्वारा जारी धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लॉकडाउन की जानकारी रखते हुए अपने निवास से निकलकर एक झुंड में बैठकर जुआ खेलते पाए गए तथा मानव जीवन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न किए हैं जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के खिलाफधारा 4 ;कद्ध जुआ एक्ट एवं धारा 188,269,270 तथा महामारी अधिनियम की धारा तीन के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# भाजपा तिल्दा शहर और ग्रामीण के कार्यकर्ताओं में हर्ष

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी तिल्दा शहर और ग्रामीण के कार्यकर्ताओं में हर्ष भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री को पुनः बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष का माहौल नगर के भाजपा नेता अनिल अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष ग्रामीण रायपुर ने कहा कि डॉ रमन सिंह जी छत्तीसगढ़ के सभी छोटे बड़े कार्यकर्ताओं के वे लाडले नेता है वह सभी के चाहते हैं।

अग्रवाल ने राष्ट्रीय नेतृत्व को भी आभार व धन्यवाद कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के मान सम्मान बढ़ाने वाले भारतीय जनता पार्टी के कुशल नेतृत्व करता डॉ रमन सिंह को अपने राष्ट्रीय टीम में जगह दिया, वही भारतीय जनता पार्टी तिल्दा शहर के मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री जो कि छत्तीसगढ़ के भाजपा के कार्यकर्ताओं वरिष्ठ नेता है जिन्हें पूरे छत्तीसगढ़ चावल वाले बाबा के नाम से जाना जाता है डॉ रमन सिंह जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जाना छत्तीसगढ़ के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है भाजपा कार्यालय मैं सभी कार्यकर्ता एक दूसरे के मुंह मीठा करा कर डॉ रमन सिंह के फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष वह खुशी जाहिर किया इसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर कॉसलेस पैकरा ,ग्रामीण अध्यक्ष भाग बली साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष नरसिंह वर्मा, महामंत्री सौरभ जैन, महामंत्री नीलिमा वर्मा, कोषाध्यक्ष ईश्वर यदु ,सतीश निषाद ,चंद्रकला वर्मा, मनोज निषाद, राजकुमार ,सुधा चौबे, रवि सेन, नरेंद्र शर्मा, अनुराधा वर्मा ,पोषण वर्मा, सुखदेव वर्मा, लुक राम बघेल ,उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद विकास सुखवानी, रमेश वीरानी, हेमंत वर्मा, निशांत शर्मा, दीपक राठी ,लखेंद्र साहू, मोहन साहू ,आनंद निषाद, जितेंद्र नाथ मिश्रा, देवकी बाघमार बेबी गोस्वामी मुन्नी गिरी आदि उपस्थित रहे।

# लॉकडाउन के दौरान अवैध रूप से गांजा बेचते आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ग्राम गिरसा मे दो व्यक्ति मोटर साइकिल में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बि ी करने आने की सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के तत्काल मौका घटना स्थल ग्राम गिरसा पहुंचकर घेराबंदी कर मोटर सायकल पैशन प्रो बिना नंबर की तलाशी लेने पर सीट कवर के नीचे एक काले रंग के कपड़े की सीट नुमा थैला में छिपाकर रखें 06 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 24000/-रुपये को आरोपी नरसिंह दास वैष्णव निवासी ग्राम कर्रा थाना नवागढ़ द्वारा अपना होना एवं मोटर सायकल बिना नंबर पैशन प्रो कीमती 40000/ रुपए को अपचारी बालक द्वारा अपना होना बताए जाने से समक्ष गवाहन के जप्त कर आरोपी नरसिंह दास वैष्णव पिता तुलसी दास वैष्णव उम्र 43 साल निवासी ग्राम कर्रा थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा एवं अपचारी बालक के विरुद्ध धारा 20(बी) एक्ट की घटना घटित करना पाए जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध मांक 310/2020 पंजीबद्ध कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

**अपचारी बालक का नाम गोपनीय रखा गया :** संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सरसीवा जी.एस. देशमुख, सउनि मनोहर सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक कौशल प्रसाद पैकरा, आरक्षक संतोष सिदार, मुकेश रात्रे, मोहन मेश्राम, प्रमोद सरदार, नरोत्तम पटेल, ओमचंद साहू, हिरामिलन रात्रे का विशेष योगदान रहा है।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त होगी जारी

■ कांग्रेस उपाध्यक्ष ने जताया हर्ष

पायनियर संवाददाता ◄ देवभोग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' की तीसरी किश्त छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को जारी की जाएगी इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला युवा कांग्रेस गरियाबंद के उपाध्यक्ष अल्तमस खान ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुखिया और किसानों की हितचिंता करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने सौगात देते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त जारी करने का लोककल्याणकारी निर्णय लिया है इससे प्रदेश के 19 लाख किसान साथी लाभान्वित होंगें व त्यौहारी सीजन में किसानों के लिए यह निर्णय खुशहाली लेकर आएगी व नई फसल की कटाई,मिसाई के लिए भी यह राशि लाभदायक साबित होगी, अल्तमश खान ने क्षेत्र के किसानों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी और कहा कि भूपेश बघेल सरकार गांव,गरीब,मजदूर व किसानों की सरकार है व जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से गांव गरीब व किसानों में खुशहाली आई है व इनके जीवनस्तर को ऊपर उठाने में कार्य कर रही है। एक ओर जहां पूरे विश्व सहित भारत देश में कोरोना के कारण आर्थिक संकट का दौर शुरू हुआ वहीं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों ने प्रदेश के लिए खुशहाली का मार्ग प्रशस्त किया जिसके लिए पूरे प्रदेश की जनता की ओर से वे बधाई के पात्र हैं।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा ने वृक्षारोपण किया

**डोंगरीडीह।** वृक्षारोपण से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है। वृक्ष हमें स्वच्छ हवा तो उपलब्ध करवाते ही है, इसके साथ-साथ स्वच्छता को भी बढ़ावा देते है , इन वृक्षों को लगाकर आप अपनी आने वाली संततियों के लिए एक स्वच्छ परिवेश तैयार करते हैं ,इन्ही भावनाओं के साथ आज भारतीय जनता पार्टी , मण्डल - लवन के अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में पार्टीजनों द्वारा विभिन्न फलदार एवम छायादार पौधों को लगाकर देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वस्थ्य , दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की गई , इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, जिला महामंत्री किसान मोर्चा गिरधारी लाल वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रघुराम वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष जीवनलाल साहू, महामंत्री संतोष वर्मा, पारस ताम्रकार, दिलीप बंदे, गोविंद घृतलहरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत यादव, अनुपम बाजपेयी, विकास अग्रवाल, रामलाल कुर्रे, नरेश साहू, लालेन्द्र वर्मा, राज अग्रवाल , उत्तम साहू, मुकेश पटेल, उमेन्द्र रात्रे, केदार वर्मा, टिकेश्वर फेकर, दौवाराम वर्मा , शुभेराम ध्रुव आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पत्रकार पर हुए हमले की घनश्याम साहू ने की निंदा

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com





कांकेर के वरिष्ठ पत्रकार कमल शुक्ला पर कांकेर में पुलिस की मौजूदगी में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए जानलेवा हमले की कुरुद के पत्रकार घनश्याम साहू ने कड़ी निंदा की है और इस हमले में शामिल दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी तथा इसके लिए जिम्मेदार उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों के निलंबन की मांग के साथ ही इन भ्रष्ट तत्वों के संरक्षण देने वालों पर कारवाही की जाने की बात कही है उल्लेखनीय है कि कमल शुक्ला आदिवासी हितों के लिए संघर्षरत एक चर्चित पत्रकार है पिछले भाजपा राज के समय भी सलवा जुडूम की ज्यादतियो को उजागर करने के कारण उन्हें सत्तापक्ष को कोपभाजन बनना पड़ा है पिछले कई वर्षों से वे पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग पर संघर्षरत है वह कुछ दिनों में कांकेर में रहकर लॉकडाउन के दौरान आम जनता को मिलने वाली सहायता से प्रशासन द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार रेत खनन के नाम पर सत्ताधारी पार्टी के लोगों द्वारा किए जा रहे हैं घोटालों और आदिवासी विकास योजनाओं के नाम पर हो रही लूट को उजागर कर रहे थे इससे वे सत्ताधारी पार्टी के नेताओं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय माफिया तीनों के निशाने पर थे और इन तीनों का गठजोड़ ही इस मामले के लिए जिम्मेदार हैं इस घटना में साफ है कि प्रदेश में जनहित के मुद्दों पर ईमानदारी से काम करने वाले पत्रकार पहले भाजपा राज में जितने असुरक्षित थे उतने ही वे आज कांग्रेस राज में भी है इस घटनाक्रम का वायरल वीडियो हमलावरों की पहचान करने के लिए काफी है और इन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाना चाहिए पर्दे के पीछे सक्रिय दोषियों को भी नहीं छोड़ ना जाना चाहिए और ना ही सामाजिक तत्वों से सांठगांठ करने वाले प्रशासन के अधिकारियों को निलंबित किया जाना चाहिए।

**छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रमुख सचिव को सौंपा ज्ञापन, शोषण, अन्याय एवं भेदभाव के खिलाफ 2अक्टूबर को सत्याग्रह**

# क्रमोन्नति, पदोन्नति, शारीरिक शिक्षा को सैद्धांतिक विषय में सम्मिलित करने सहित हिंदी माध्यमिक विद्यालय को यथावत बनाए रखने की मांग रखी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला द्वारा पढ़ाई तुहर द्वार, ऑफ लाईन संचालित मोहल्ला क्लास निरीक्षण कार्यक्रम के तहत बस्तर संभाग कोण्डागांव प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रदेश संगठन सचिव चन्द्रकान्त ठाकुर, व्यायाम शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में क्रमोन्नति, पदोन्नति, स्कूल शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य सैद्धांतिक विषय के रूप में सम्मिलित करने तथा अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जा रहे है उन संस्थाओं में पूर्व से संचालित हिंदी मीडियम स्कूल को यथावत रखते हुए पृथक शासकीय इंग्लिश मिडियम स्कूल खोलने की मांग का ज्ञापन सौंपा ।

स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रदेश में कार्यरत व्यायाम शिक्षक एलबी संवर्ग 22 वर्ष से लगातार एक ही पद पर व्यायाम शिक्षक पीटीआई के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। व्यायाम शिक्षकों के पदोन्नति पद नहीं होने के कारण उक्त संवर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, ऐसी परिस्थिति में एक ही पद पर 10 वर्ष सेवा अवधि पर प्रथम एवं 20 वर्ष की सेवा अवधि पर द्वितीय क्रमोन्नति की मांग की गई । नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में गुणात्मक सुधार अन्तर्गत वर्तमान खेल नीति पर विचार करते हुए बच्चों के सर्वांगीण व चहुंमुखी प्रतिभा को विकसित करने एवं उनमें आपसी सहयोग, भाईचारा, संगठन, नेतृत्व, समझ व आत्मविश्वास जागृत करने के लिए खेल को मैदान तक सीमित करने के बजाय सैद्धांतिक विषय के रूप में अध्यापन कराए जाने हेतु प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला में व्यायाम शिक्षकों की पदौन्नति-नियुक्ति हेतु मांग रखी गई ।

## पदोन्नति प्रक्रिया में भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण बस्तर संभाग सहित अन्य संभागों में उच्च श्रेणी शिक्षक, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला एवं प्राचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु पदोन्नति प्रक्रिया प्रारभ्भ की जा रही है जो स्वागतयोग्य है, परन्तु जारी पत्र में शिक्षक ई एवं टी संवर्ग की ही जानकारी मंगाई जा रही है । उक्त पत्र में शिक्षक एलबी संवर्ग की जानकारी मांगने का उल्लेख नहीं किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि पदोन्नति प्रक्रिया में भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है । इसका पुरजोर ढंग से विरोध करते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र प्राधिकार में प्रकाशित भर्ती पदोन्नति अनुसूची-दो नियम 6 का उल्लेख करते हुए पदोन्नति नियम में शिक्षक ई टी संवर्ग एवं शिक्षक ईटी एलबी संवर्ग के लिए निर्धारित अलग-अलग प्रतिशत के मापदंडों के अनुसार दोनों संवर्ग के पदोन्नति प्रदान किए जाने की मांग की गई। वर्तमान शिक्षा सत्र में प्रदेश के 51 हिंदी मीडियम स्कूलों को बंद कर शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले गए हैं। 146 विकासखंड में भी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जाने हेतु समानांतर प्लानिंग का निर्देश दिया गया है । इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जाने का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन स्वागत करते हुए पूर्व में संचालित हिंदी माध्यम के विद्यालय की गतिविधियों को बंद किए जाने का पुरजोर विरोध करता है । प्रदेश के छत्तीसगढ़ी भाषी विद्यार्थी जो राष्ट्रभाषा हिंदी माध्यम से अपना शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं । उनके लिए वर्षों से संचालित हिंदी माध्यम के विद्यालय को यथावत रखते हुए उसी भवन में शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल भी संचालित किए जाएं । हिंदी माध्यम की शालाओं को बंद करने के बजाए हिंदी एवं इंग्लिश दोनों कक्षाओं का संचालन प्रथम और द्वितीय पाली के रूप में किए जाने की भी मांग की गई । शिक्षक एलबी संवर्ग कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण, अन्याय, भेदभाव के खिलाफ 2 अक्टूबर को सत्याग्रह आंदोलन के तहत व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्यूटर व इस्ट्राग्राम सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी मांग शासन तक पहुचाएंगे ।

# डीएमसी के खिलाफ जांच में मिले साक्ष्य, हो सकती है बड़ी कार्रवाई

## पखवाड़े भर में पूरी हुई जांच, विकासखंडों से भी दस्तावेज मंगाए जाने की खबर

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आर्थिक अनियमितता सहित कई शिकायतों के घेरे में रहे राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक (डीएमसी) भूपेश साहू के खिलाफ विभागीय जांच पूरी कर ली गई है। लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त आदेश के पर जिला शिक्षा अधिकारी ने दो जांच अधिकारी व दो सहयोगी जांच अधिकारियों की 4 सदस्यीय समिति को जांच का जिम्मा सौंपा था। गौरतलब है कि जांच के यह आदेश काफी पहले ही आ चुके थे लेकिन पायनियर में इस खुलासे के बाद शिक्षा विभाग ने डीएमसी भूपेश साहू के खिलाफ जांच शुरु की थी।

जिला शिक्षा अधिकारी हेतराम सोम ने बताया कि जांच प्रतिवेदन तैयार किया जा चुका है। प्रतिवेदन पहले कलेक्टर के पास जाएगा जहां से इसे उच्च अधिकारी के पास भेजा जाएगा। दूसरी ओर खबर है कि इस जांच को लेकर डीएमसी भूपेश साहू घबराए हुए हैं। डीएमसी साहू के कार्यकाल के दौरान कई खामियों को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत की गई थी। इस शिकायत पर मुख्यमंत्री ने जांच व आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की थी। यह कार्रवाई एक वर्ष से अधिक समय पहले की गई थी। अंततः जिला शिक्षा विभाग ने 24 अगस्त को जांच समिति गठित की थी। समिति को जांच पूरा करने में लगभग 20 दिनों का वक्त लगा। इस दौरान ब्लॉक समन्वयकों से भी दस्तावेज मंगाए जाने की खबर है जिसकी पड़ताल जांच समिति ने की है। राजीव गांधी शिक्षा शिक्षा मिशन सहित अन्य गतिविधियों में डीएमसी साहू की भूमिका की जांच की गई है। खबर है कि जांच समिति को डीएमसी साहू के विरुद्ध कई दस्तावेजी साक्ष्य मिले हैं जिसके बाद उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।


सीएम कार्यालय से आई चिट्ठी के बावजूद डीएमसी पर शिक्षा विभाग मेहरबान, जांच अटकाई, प्रतिनियुक्ति भी बरकरार


बड़ा सवाल : जांच के बावजूद क्यूं नहीं हटाए गए डीएमसी साहू ?
स्कूल शिक्षा विभाग ने नहीं वापस ली प्रतिनियुक्ति, धीमी गति से हो रही जांच
कलेक्टर कर सकते हैं कार्रवाई
मामला जस का तस


विवादित डीएमसी साहू को बचाने के फेर में डीईओ, जांच शुरु ही नहीं हुई और जांच खत्म होने का दावा कर रहे
जिला कार्यालय भवन के भीतर ही चल रहा हेर-फेर कलेक्टर के संज्ञान में बावजूद साधी चुप्पी
पड़ताल शुरु होते ही आनन-फानन में बनाई समिति
कलेक्टर चुप क्यों हैं



पायनियर
लगातार


मलाईदार पदों पर डीएमसी का कब्जा, उनके खिलाफ महीनों से दबाए गए आदेश पर अब भी शुरु नहीं हो सकी जांच


तत्कालीन कलेक्टर के आदेश दबा कर बैठे रहे डीएमसी, बीआरसी के खिलाफ जांच नहीं की

## एक साल पहले सीएम ने दिया था आदेश

26 सितंबर 2019 को मुख्यमंत्री के आदेश पर राज्य परियोजना कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन (समग्र शिक्षा) द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख को सचिव को राजनांदगांव जिले में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के समन्वयक भूपेश साहू के खिलाफ आर्थिक अनियमितता की शिकायतों की जांच व प्रतिनियुक्ति समाप्त कर व्याख्यता (इतिहास) के मूल पद पर लौटाने के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया था।पिछले सात सालों से व्याख्यता पद से प्रतिनियुक्ति पर समन्वयक की जिम्मेदारी संभाल रहे साहू के खिलाफ एक साल पहले ही आर्थिक अनियमितताओं की जांच व उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त करने के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय से आए पत्र पर राज्य परियोजना कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन (समग्र शिक्षा) के मिशन संचालक द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा गया था। इस पत्र के बाद ही डीएमसी के खिलाफ जांच शुरु हो जानी चाहिए थी लेकिन विभाग ने ऐसा किया नहीं था।

## नांदगांव में हुआ था 56 लाख का घोटाला

राजीव गांधी शिक्षा मिशन के राजनांदगांव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) दिलीप रंगारी के खिलाफ 56 लाख 34 हजार 177 रुपए के घोटाले का आरोप विभागीय जांच में सिद्ध हुआ था। यह घोटाला वर्ष 2010-11 से 2014-15 के बीच किया जाना पाया गया था। 29 अक?टूबर 2014 को आदेश जारी कर डीईओ द्वारा इस मामले में जांच समिति गठित की गई थी। जांच समिति में सहायक संचालक आदित्य खरे, वरिष्ठ लेखा परीक्षक केआर नागवंशी, लेखापाल मनोज यादव के अलाव स्वयं मिशन समन्वयक (डीएमसी) भूपेश साहू शामिल थे। इस जांच के बाद बड़ा सवाल यह रहा कि जब एक विकासखंड में इतना बड़ा घोटाला सामने आया तो जिले के अन्य विकासखंडों की जांच क्यूं नहीं की गई! जिम्मेदारी अधिकारी अब तक इसका जवाब नहीं पाए हैं।

## बजरंग दल ने मूर्तिकार संघ और समिति को सहयोग करने का दिया आश्वासन

**राजनांदगांव।** बजरंग दल के विभाग संयोजक अरुण गुप्ता ने कहा की आगामी नवरात्रि पर्व के संदर्भ मे शासन प्रशासन ने मां दुर्गा पुजा समिति, और मूर्तिकारों के लिए जो नयी गाईड लाईन जारी की है, उस नियम से मूर्तिकार और पूजा समिती बहुत ही ज्यादा चिंतित और परेशान हैं। वर्षों पुरानी नवरात्रि में माता जी की पूजा का नियम भंग होने की संभावना उत्पन्न हो गयी है। इसके कारण मुर्तिकारों की मुर्तियां निर्माण पश्चात भी समिति उनको स्थापित करने नहीं ले जा पायेगी। इससे गरीब मूर्तिकार जो कर्ज लेके इस काम को अपने परिवार के भरण पोषण के लिए संघर्षरत है उनको बहुत ही अधिक आर्थिक क्षति होगी। साथ ही जो वर्षों पुरानी पूजा की परम्परा है वो भी भंग होगी। इस संबंध में आगे बताते हुए बजरंग दल के विभाग संयोजक अरुण गुप्ता ने कहा की, इस विश्व व्यापी कोरोना के संकट काल में हम शासन प्रशासन के सभी आदेशों व निर्देशों का पालन करने हेतु तत्पर व तैयार है। मगर कुछ नियम का कोई औचित्य नहीं है। बनाये गये कुछ निर्देशों से हिन्दू समाज की भावनाएं आहत हो रही है। इससे की इन नियमों में कुछ परिवर्तन की अत्यंत आवश्यकता है जिसे संशोधित किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिससे इस महान पर्व की गरिमा एवं आस्था बनी रहे। इस हेतु भी बजरंग दल शासन प्रशासन से आग्रह करता है। निकट के राज्य मध्य प्रदेश मे भी नियम बनाये गये है। मगर वो इस तरह के हैं जिससे नवरात्रि पर्व मे पूजा पाठ की परम्परा में कोई व्यवधान उत्पन्न और उसमे शासन प्रशासन का पूरा सहयोग समिति और मूर्तिकारों को मिल रहा है।

# केंद्र ने तो कोटा बढ़ा दिया, क्या भूपेश भी वादा निभाएंगे : चौधरी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा है कि मोदी सरकार के किसान बिल पास होने के बाद छत्तीसगढ़ के किसानों को पहली सौगात दे दिया है। पिछले साल केंद्रीय पूल में साढ़े 43 लाख मिटरिक टन चावल छत्तीसगढ़ सरकार से खरीदा गया था। वह भी भूपेश सरकार को इसके लिए बहुत लिखा-पढ़ी करना पड़ा था। इस साल किसानों की धान कटाई के एक माह पूर्व ही मोदी केबिनेट ने छत्तीसगढ़ से 60 लाख मिटरिक टन चावल केंद्रीय पूल में खरीदने का निर्णय ले लिया है। इससे छत्तीसगढ़ सरकार को 1500 करोड़ रुपए ज्यादा का लाभ होगा। अब किसान हितैषी होने का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार को किसानों से गिरदावरी के तहत खेतों के मेड़, खलिहान की जमीन और मोटर पंप के लिए गड़ाए गए बिजली खंभों का रकबा कम करने का कार्य बंद करना चाहिए एवं प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करने का आदेश देना चाहिए।

श्री चौधरी ने कहा कि पिछले वर्ष सरकार ने 80 लाख मिटरिक टन धान की खरीदी किया था। इस वर्ष 85 लाख मिटरिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है और गिरदावरी के तहत काला कानून बनाकर प्रति एकड़ 15 डिसमिल रकबा को कम किया जारहा है। छह एकड़ के किसान से 5 एकड़ का धान ही खरीदा जाएगा, जब केंद्रीय सरकार 18 लाख मिटरिक टन चावल ज्यादा खरीदने का आदेश दिया है तो 25 लाख टन धान ज्यादा खरीद सकते हैं। ऐसा करने पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान किसानों से लिया जाना ही किसानों के साथ न्याय होगा।

श्री चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार के किसान बिल की पहली झलक है, इसलिए कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल किसानों को बरगला रहे हैं, क्योंकि उन्नति का रास्ता देखने के बाद किसान वोट बैंक विपक्षी पार्टियों को टाटा-बाय-बाय कर देंगे, जिन किसानों को प्रथम हरित क्रांति के समय आज से 50 साल पहले जो अधिकार मिलना था, वो आज मोदी सरकार में मिलने जा रहा है। किसान बिल के प्रावधान में विपक्षी पार्टियां बहुत अड़ंगे लगाएगी, ताकि किसान परेशान हो। इस बिल की सफलता में ही हम सभी का भला होने वाला है।

# महाराष्ट्र में पशु तस्करी कर रहे अंतराज्यीय गिरोह, डोंगरगांव बेरियर समीप घेराबंदी से 3 तस्कर गिरफ्तार

- पुलिस कार्रवाई में ऑइशर वाहन व पशु बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com






नगर में स्टेटहाइवे से महाराष्ट्र में पशु तस्करी कर रहे 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए। रात्रि गश्त पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर बेरियर समीप घेराबन्दी कर पशुओं को बरामद किया। आइशर वाहन जब्त कर पशु क्रूरता अधिनियम एवं कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 4,6,10 के अंतर्गत आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से आधिकारिक जानकारी मुताबिक जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के निर्देशन में पशु तस्करी के खिलाफ अभियान जारी है। टीआई केपी मरकाम ने मुखबिर सूचना पर तड़के 4 बजे रात्रि गश्त पुलिस टीम को मोर्चेबन्द करते हुए

आरीकोनारी बेरियर समीप घेराबन्दी कराई। आइशर वाहन 1109 क्र सीजी07 बीएस 8020 को रोककर तलाशी ली। ट्राला में 60 से अधिक मवेशी ठूंस ठूंस कर भरे हुए मिले। पुलिस की कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने मवेशियों को महाराष्ट्र स्लाटर हॉउस सप्लाई करने की बात कबूलने पर कार्रवाई की गई।

**अंचल में सक्रिय है पशु तस्कर :** डोंगरगांव विधानसभा पशु तस्करी के सुगम्य मार्ग के लिये विख्यात है। 28 सितम्बर की कार्रवाई में तीनों आरोपी लालू मसीह पिता अरविन्द मसीह 23 वर्ष व अमित मसीह पिता अरुण मसीह 25 वर्ष निवासी गणेशपुर सिमगा बलौदाबाजार तथा असमीर पिता मोखला सरदार तेग बहादुर नगर नागपुर को रिमांड पर भेज दिया है।

# पालक संघ ने की भूख हड़ताल






पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छात्र पालक संघ ने सोमवार को निजी स्कूलों के मनमाने रवैये और फीस को लेकर पालकों पर डाले जा रहे दबाव को लेकर जिला कार्यालय के सामने एक दिवसीय भूख हड़ताल कर प्रदर्शन किया गया। पालक संघ ने शहर के कई नामी निजी स्कूलों के खिलाफ ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग रखी है। आठ बिंदुओं पर निजी स्कूलों के खिलाफ पालक संघ ने शिकायत की है। इन सभी बिंदुओं में विभिन्न पहलूओं पर नीरज स्कूल व गायत्री स्कूल के खिलाफ जांच को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

# भाजपा ग्रामीण मंडल का गठन, कृष्णा तिवारी व मनोज साहू बने महामंत्री

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण अध्यक्ष रोहित घंद्राकर ने कार्यकारिणी का गठन भाजपा जिल्ला अध्यक्ष मधुसुदन यादव की अनुसंशा के आद घोषितकिया है।

ग्रामीण मंडल के कार्यकारिणी में महामंत्री - कृष्णा तिवारी, मनोज साहू , उपाध्यक्ष - कृष्ण दास वैष्णव , खेमदास साहू ,मनहरण साहू, आंनद साहू, पुष्पा उड़के, कोषाध्यक्ष- बलराम निर्मलकर, मंत्री- तेजराम देवांगन, रमेश चंद्राकर,मुकेश साहू ,मोती देवांगन, हेमलाल साहू, टोमिन लौतरे, प्रभा साहू, कार्यालय प्रभारी-दिनेश देशलहरे, मीडिया प्रभारी-लक्ष्मीकान्त देवांगन, सोशल मीडिया-संतोष साहू, कार्यकारिणी-महेश साहू, चंदन कश्यप, मुकेश चन्द्राकर, कोमल टंडन,धर्मेन्द्र साहू ,तुलसी राम खुटीयारे ,परदेशी साहू ,जोगीराम साहू ,गुनीतराम साहू , गुलाब वर्मा, श्रीराम साहू, योगेश निर्मलकर, छत्रपाल वर्मा, हेमंत साहू, लाला राम देवांगन, सुशीला साहू, नरबदिया साहू, खुमान साहू, खिलेश्वर साहू, पवन यादव, उत्तम साहू, डीलेश्वर साहू, जितेन्द्र साहू, दिलीप साहू, ईश्वर साहू, गायत्री साहू, श्रीमती गुंजा साहू, भूमिका हमने, श्रीमती सोमिता साहू, अंगद साहू को शामिल किया गया है। वहीं स्थायी आमंत्रित सदस्य - डॉ रमन सिंह, संतोष पांडये, अभिषेक सिंग, मधुसुदन यादव, आरपी द्विवेदी, अशोक देवांगन, राजेश श्यामकर, लीलाधर साहू, विवेक साहू , बेदनाथ साहू , बच्चन देशमुख, अनित्र साहू , कल्याण साहू , डोमन चंदेल, दिनेश शर्मा, मधु साहू, देवकुमारी साहू, निर्मला वर्मा, प्रतीक्षा भंडारी, रामेश्वरी निर्मलकर, पुष्पा गायकवाड, पीताम्बर कतलाम को शामिल किया गया है।

विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर कृष्णा अरोरा, भुनेश्वर वर्मा, नेपाल साहू, देहर साहू, हरिशंकर देशमुख, कृष्णा साहू, लखन साहू, गुलाब साहू, नारद साहू, विक्रांत दीपक, नील दास साहू, श्याम साय ठाकुर, रोहित साहू, नरहर वर्मा, मनबोधी साहू, गणेश चंदेत्र, राकेश ठाकुर, शेखू साहू, गोवेर्धन साहू, अंगद साहू, नारायण साहू, रामविलास साहू, कार्तिक राम बंजारे, रमण सिंह राजपूत, तेजराम साहू, गेंदलाल चंद्राकर, घासी राम साहू, नारायण ठाकुर, सुखीराम राम साहू, लक्ष्मण सिन्हा, उग्रसेन साहू, भुवन वर्मा, चैन दास साह, ओमप्रकाश देवांगन, तुलसी खुटियारे, रामेश्वर चंद्राकर, संतोष यादव, जगदीश साहू, शिवचरण यादव, दशरथ साहू, संध्या पांडे, श्रीमती एकता चंद्राकर, डामन साहू, विष्णु साहू, खोरबहरा मेश्राम, भारत पटेल, बसंत साहू, नरेंद्र साहू, संतोष साहू, राजेश खुटारे, वेदान्त साहू , पन्ना निषाद , अनिल यादव, महेन्द्र साहू ,हेमंत साहू , जीवन साहू , जीवराखन पटेल अनिल यादव को शामिल किया गया है।

## मोहारा वार्डवासियों ने रखी मांग

# याद दिलाया निःशुल्क पट्टा देने का वादा, कलेक्टर को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




निःशुल्क पट्टा प्रदाय किए जाने के मुख्यमंत्री के वायदे को लेकर मोहड़ वार्डवासी जिला कार्यालय धमक पड़े। उन्होंने सरकार का वादा याद दिलाते हुए निः शुल्क पट्टा दिए जाने की मांग रखी है। इस संबंध में वार्डवासियों ने ज्ञापन सौंपा है।

मोहड़ वार्ड नं. 49 की महिलाएं एवं पुरूषों ने कलेक्टर टीके वर्मा को ज्ञापन सौंपते अपनी बात रखते कहा कि मोहड़ वार्ड नं. 49 में राजस्व विभाग द्वारा मकान पट्टा वितरण किया जा रहा है। जिसमें वर्गफीट माप के अनुसार राशि लिया जा रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्टेट स्कूल में पट्टा वितरण करने आए थे। यहां उन्होंने निःशुल्क पट्टा वितरण किया एवं साथ में घोषणा किया था कि पट्टाधारियों को निःशुल्क पट्टा दिया जाएगा। वार्डवासियों ने कलेक्टर से निवेदन करते कहा कि मोहड़ वार्ड नं. 49 में निर्धन वार्डवासियों को नि-शुल्क पट्टा दिया जाए। पूर्व में भी निःशुल्क पट्टा वितरण किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सीताबाई साहू, निर्मला श्रीवास, गीताबाई, संतोषी निषाद, ललिता रजक, सकुन, मीनाबाई, हीरमत, सोहद्र बाई, पुर्निमा साहू, केशर साहू, दुरपत, गोवर्धन, अनुसोईया निषाद, पुसई निषाद, गौतरहीन कोर्राम, शांता साहू, रूखमनी निषाद, नरेश रजक, चिम्मन कुलदीप, टोमन लाल रजक, मिलापा निषाद समेत अन्य लोग शामिल थे।

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर युवाओं ने किया रक्तदान





पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहीद भगत सिंह की जयंती पर गुरभेज सिंह माखीजा के नेतृत्व में आज युवाओं ने राजनांदगांव बल्ड बैंक में रक्तदान किया। शहीद भगत सिंह के बलिदान को याद करते हुए उनकी जयंती पर रक्तदान शिविर लगाकर भावपूर्ण श्रद्धाजली अर्पित की। इस रक्तदान शिविर में अमनदीप सिंह, जयदीप सिंह, भवनीत सिंह, मोनू ठाकुर और अनेक युवा उपस्थित थे ।

## क्विक न्यूज

### बंद कमरे में मिली युवती की जली हुई लाश, हत्या की आशंका जताई जा रही

**बिलासपुर।** 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध स्थिति में बंद कमरे में जली हुई लाश मिली है। पुलिस मामले में विवेचनाके लगी है। मामला जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मटसगरा का है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका का नाम दुकालहीन यादव बताया जा रहा है। भाभी ने जब कमरे में नन्द कमरे में दाखिल हुए तो देखा आवाक रह गई । कमरे में युवती का जले हुआ शव को देखकर घबरा गई और चीख मारते हुए बाहर निकली और घटना की जानकारी परिजनों को दी। फिलहाल घटना की वजह अज्ञात है सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस विवेचना में लगी है थाना प्रभारी पारस पटेल ने बताया कि आगजनी की घटना से युवती की मौत की रिपोर्ट पर टीम रवाना की गई थी, जिसका पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं विवेचना के शुरूआती दौर में कमरे की तलाशी भी ली गई, लेकिन आपत्तिजनक वस्तुएं टीम को नहीं मिली हैं। घटना स्थल से 5 लीटर का मिट्टी के तेल का खाली डिब्बा मिला है। पुलिस घटना से जुड़े हर पहलुओं को खंगालने में जुटी हुई है, जिस पर जांच विवेचना और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मालूम होगा।

# सिविल लाइन पुलिस ने 50 लाख की पट्टी के साथ 4 युवकों को किया गिरफ्तार

■ **किंग्स इलेवन पंजाब और राजस्थान रॉयल्स में लगा रहे थे सट्टे का दावा**

पायनियर संवाददाता ◁ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आईपीएल सीजन 13 के शुरू होने के साथ ही क्षेत्र में सट्टा पट्टी का कारोबार अंदरूनी तौर पर ध?ल्ले से चल रहा है आज सिविल लाइन थाना प्रभारी के नेतृत्व में 4 सटोरियों को 50 लाख की सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार किया ।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को क्रिकेट सट्टा पर विशेष निगाह रखने निर्देशित दिया है साथ ही ऑनलाइन हाईटेक तकनीक से सट्टेबाजों द्वारा आईपीएल में सट्टा लगाने सम्भावना पर सायबर सेल को एलर्ट रहने निर्देश दिए हैं जिसके बाद से विभिन्न थानों में लगातार ऐसी कार्रवाई जारी है।

वहीं सिविल लाइन पुलिस को एक बार फिर सटोरियों को पकड़ने में कामयाबी मिली , बीती रात चल रहे



राजस्थान रॉयल्स व किंग्स इलेवन पंजाब के बीच मुकाबले के दौरान सिविल लाइन पुलिस व साइबर सेल की टीम को सट्टा खेलाते 4 युवको को गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपी युवकों के पास से 10,000 नगदी,50 लाख की सट्टा पट्टी,15 नग मोबाइल व 02 टीवी के साथ गिरफ्तार किया है।

डीएसपी व थाना प्रभारी सृष्टि चंद्रकार में बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप और सीएसपी सिविल लाइन आर.एन. यादव,साइबर सेल के नोडल अधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली निमेष बरैया व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक कलीम खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में सिविल लाइन स्टाफ व साइबर की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया । कल शाम मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्रान्तर्गत शुभम विहार कॉलोनी निवासी नँद कुमार कश्यप के छत में 4 लोग बैठकर सट्टा खेला रहे है , जिसके बाद उप.निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में टीम बनाकर मौके के लिए रवाना किया गया।

मौके नँद कुमार कश्यप की छत पर 4 युवक शैलेष कश्यप पिता रामशरण कश्यप उम्र 44 वर्ष निवासी तिफरा , रूपेश खोबरागड़े पिता राजू खोबरागड़े उम्र 32 वर्ष निवासी पंचशील कालोनी यदुनंदन नगर , देव कुमार साहू पिता हीरा लाल साहू उम्र 19 वर्ष निवासी दर्राभाटा सीपत , और विनोद यादव पिता लक्ष्मण प्रसाद यादव उम्र 38 वर्ष टीवी लगाकर आईपीएल क्रिकेट मैच में हारजीत का दांव लगाकर सट्टा खिलाते रंगे हाथ धरे गए,जिनके पास से 10 हजार रुपये नगदी व तकरीबन 50 लाख की सट्टा पट्टी,15 मोबाइल व 02 टीवी बरमाद कर कार्रवाई की गई।

## स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद संविदा कर्मचारियों ने समाप्त किया आन्दोलन



पायनियर संवाददाता ◁ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठे एनएचएम संविदा कर्मचारी आंदोलन समाप्त कर काम पर लौटे। ज्ञात हो कि 19 सितंबर से सीएमएचओ कार्यालग के सामने नियमितीकरण की मांग को लेकर पिछले 10 दिनों से अनिश्चित कालीन हड़ताल में प्रदेश के 13 हजार एनएचएम संविदा कर्मचारी हड़ताल में रहे । इस दौरान मुख्यमंत्री भपेश तथा स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने कर्मचारियों के हठ में प्रतिक्रिया नही दी , इस नजरअंदाजी से कर्मचारियों में राज्य शासन के खिलाफ जमकर रोष देखा गया । ह?ताल में बैठे कर्मचारियों का कहना था कि जो नियमिति करण का वादा किया था उसे लेकर आंदोलन में बैठे कर्मचारियों से मुलाकात तो की जा सकती थी। इस मंशा को पूरी करते हुए कल स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने हड़ताल में बैठे संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से अपने निवास में मुलाकत की और मंत्री ने कर्मचारियों के हित में बेहतर फैसला लेने का आश्वासन दिया । जिसके बाद आज बिलासपुर जिले के हड़ताल में बैठे कर्मचारियों ने आंदोलन समाप्त कर सीएमओ के समक्ष पेश हो अपने अपने कार्य क्षेत्र में लौट गये।

एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सम्भागीय अध्यक्ष अजीत नाविक ने चर्चा करते हुए कहा कि हम अपने हठ के लिए आवाज बुलंद किये थे अपना अधिकारी माँगना गुनाह नही है । हमे राज्य शासन पर पूरा विश्वास है और स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद सभी कर्मचारी काम पर लौटने का फैसला लिया हैं । कर्मचारियों की उम्मीद यही है कि शासन उनके हित मे उचित निर्णय लेगी।

# चोरी के दो मोटर साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◁ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़ थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोर गिरोह काफी सक्रिय है पलक झपकी नहीं आपकी मोटरसाइकिल पार, लेकिन उनके मंसूबे पर पानी फेर रही सारंगढ़ पुलिस ने मुखबिरों का ऐसा जाल बिछाया है कि चोर कितने भी शातिर हो कानून के लंम्बे हाथ से बच नहीं सकती। ताजा तरीन मामला कुछ ऐसा है कि कोसीर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक शातिर चोर को सारंगढ़ पुलिस ने ग्राम पंचायत बड़े घोटला से चोरी के दो मोटरसाइकिल के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। जिसकी कीमत एक लाख रुपए बताई जा रही है। टीआई आशीष वासनिक के बताए अनुसार आरोपी कमलसाय मनहर




उर्फ रिंकू मनहर पिता रामसिंह मनहर उम्र 32 वर्ष ग्राम मुड़वा भांठा थाना कोसीर जिला रायगढ़ के पास से दो चोरी के मोटरसाइकिल बिना नंबर पैशन प्रो, एचएफ डीलक्स कीमती एक लाख मुखबिर सूचना पर ग्राम बड़े घोसला थाना सारंगढ़ से जप्त किया गया है। जिसके खिलाफ धारा 379 के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया गया है।

## बिलासपुर होगा कल से अनलॉक शर्तों के साथ खुलेगी दुकानें

■ **जिला प्रशासन के गाइड लाइन का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई**

पायनियर संवाददाता ◁ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पूरे 8 दिन लॉक डाउन के बाद कल से बिलासपुर अनलॉक लॉक होने जा रहा है कलेक्टर सारांश मित्तर ने इस की पुष्टि की है।

ज्ञात हो, कि कोरोना संक्रमण को लेकर न्यायधानी में लागू किए गए लॉकडाउन का आज अंतिम दिन है। आज से मार्केट खुल जाएगा , दुकानें रात 8 बजे तक खुले रहेगी । दुकान संचालकों को कोरोना के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन का पालन करना जरूरी होगा जिसे पर अमल नहीं करने



वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर में अनलॉक को लेकर फैसला लिया गया है। एक सप्ताह के लॉकडाउन को अभी आगे बढ़ाने का कोई इरादा जिला प्रशासन का नहीं है। रात 12 बजे लॉकडाउन खत्म करने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही आगे के लिए प्रशासन ने नई गाइड लाइन भी जारी कर दी है।

बिलासपुर में कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर की अध्यक्षता में ली गई बैठक में ठीक इसी तरह का निर्णय लिया। गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने के आदेश दिए गए हैं। दुकानें सिर्फ रात 8 बजे तक ही खुल सकेंगी। हालांकि होटल और रेस्टोरेंट को रात 10 बजे तक होम डिलीवरी के लिए छूट दी गई है । इस दौरान मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजर समेत नियमों का पालन अनिवार्य रहेगा।

बाजार बंद रहने से रोजमर्रा जरूरी चीजों के भाव आसमान छु रहा है । कालाबाजारी करने वाले लोगों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सभी चीजें 3 से 4 गुनी कीमतों पर बेची जा रही है । कोरोना काल मे पहले से ही कई लोगों के काम बंद पड़े है जिनका किसी तरह गुजर बसर हो रहा है।

## बाइक पेट्रोलिंग पार्टी देगी दबिश गली, वार्ड, मोहल्लों में, बाहर निकलना सुरक्षित नहीं

पायनियर संवाददाता ◁ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन के आज चौथे दिन गत दिनों की तरह मुख्य मार्ग पर आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों के अतिरिक्त आमलोगों की आवाजाही नाम मात्र की थी। सुबह से शाम तक सड़कें सुनी थी। ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि जैसे ही अंधेरा होता है। इवनिंग वाक में कई लोग घरों से बाहर निकलकर गली मोहगों में घूमते हैं। इसकी सूचनाएं पुलिस कंट्रोल रूम व थानों में मिली है इसलिए ऐसे चहलकर्मियों को समझाइश देने के लिए पूरे शहर में बाइक पेट्रोलिंग निकाला गया। बाइक पेट्रोलिंग उन सभी तंग गलियों में पहुंची जहां पेट्रोलिंग वाहनों को पहुंचने में दिक्कतें होती है। आज %यादातर लोगों को समझाइश दी गई है। कल से गली मोहगे में घरों के बाहर भीड़ एकत्र होने



पर कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि 19 अक्टूबर तक कलेक्टर रायगढ़ द्वारा धारा 144 लागू किया गया है जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठे होने पर मनाही है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए घरों से बाहर निकलना उचित नहीं है इसलिए अनावश्यक कार्यवाही से बचने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश दी गई है। रविवार को भी जिले में 110 बिना मास्क व 55 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही शाम तक की गई है।

# दस दिवसीय ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**कोरबा।** शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी की ओर से दस दिवसीय ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में हिंदी के व्यावहारिक एवं व्यावसायिक कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका शुभारंभ करते हुए संस्था के प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना ने कहा कि इस कार्यशाला में विद्यार्थी हिंदी के कार्यात्मक उपयोग और भाषा के कौशल पहलुओं की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानेंगे। वे हिंदी का व्यावहारिक और व्यावसायिक उपयोग सीखेंगे और आत्मविश्वास के साथ शुद्ध और स्पष्ट हिंदी अपने दैनिक जीवन में बोल और लिख सकेंगे। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक हिंदी में रोजगार की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कार्यशाला के सफ्ल संचालन के लिए प्राचार्य डॉ. सक्सेना के संरक्षण में एक समिति का गठन किया गया है। संयोजक डॉ.अवंतिका कौशल, सह संयोजक एसके गुप्ता, सचिव आरके मौर्य, वक्ता के रूप में कृष्णा बहल, डॉ.माधवीलता अग्रवाल, डॉ.दिनेश श्रीवास और तकनीकी समिति में सुशील अग्रवाल, एसएस तिवारी, कल्पना कंवर शामिल हैं। कार्यक्रम संचालक डॉ. दिनेश श्रीवास सहायक प्राध्यापक हिंदी ने बताया कि लॉकडाउन पीरियड में समय के सदुपयोग के साथ हिंदी का संपूर्ण व्याहारिक ज्ञान कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। आगामी दस दिवस तक विषय विशेषज्ञों के दिए जाने वाले व्याख्यान के विषयों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि हिंदी का विशुद्ध एवं उच्चारणगत प्रयोग, हिंदी का व्यावहारिक प्रयोग, काव्य सृजन की प्रक्रिया, काव्य पाठ की शैलियां, समाचार लेखन, समाचार संपादन, हिंदी नाटक और फि ल्म पटकथा, हिंदी में नव विमर्श, लोक कलाओं में रोजगार का अवसर विषयों पर अलग-अलग विद्वान व्याख्यान देंगे। आयोजन में हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. धनेश्वरी दुबे, प्रो अमोला कोर्राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रो मौर्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में प्रदेश के अनेक महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से प्रो अजय पटेल, डॉ संदीप शुक्ला, डिकेश्वरी साहू, अग्नेश बरेठ, अनिता राठौर, अंजना घृतलहरे आदि शामिल हैं। प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. शिवदयाल पटेल विभागाध्यक्ष हिंदी शासकीय महाविद्यालय बरपाली ने कहा कि हिंदी प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। विश्व में सर्वाधिक लोगों की बोली जाने वाली चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिंदी का ही स्थान है। डॉ. दिनेश श्रीवास ने प्रतिवेदन-प्रतिपुष्टि सत्र में व्याख्यान में उद्धृत विषयों को समेकित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने भाषा, हिंदी के उच्चारण करते समय सावधानियां, राजभाषा हिंदी को संवैधानिक रूप से राष्ट्रभाषा न बनाए जाने के कारण, हिंदी भाषा में अनेक भाषाओं के शब्दों का मिश्रण आदि विषयों पर प्रश्न किया।

## मनेरगा अभिसरण से औषधीय पौधों को बढ़ावा

■ **पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग ने औषधि पौधों के रोपण के लिए वन विभाग व कृषि विभाग को लिखा पत्र**

**रायगढ़।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) अभिसरण से औषधीय पौधों के रोपण के लिए वन विभाग और कृषि विभाग को पत्र लिखा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने दोनों विभागों से आग्रह किया है कि वे वर्तमान वर्षा गतु के दौरान ही औषधीय पौधों के शीघ्रता से रोपण के लिए अपने-अपने जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों को आवश्यक समन्वय और इस संबंध में प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित करें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी ने वन और कृषि विभाग के सचिवों को पत्र के साथ केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय औषधीय पौधे बोर्ड द्वारा मनरेगा अभिसरण से औषधीय पौधों को बढ़ावा देने के लिए जारी संयुक्त दिशा-निर्देश भी साझा किया है। उन्होंने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार मनरेगा, वन विभाग और कृषि विभाग की योजनाओं के अभिसरण से औषधीय पौधों की महत्ता को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने कहा है।

# स्थिति सामान्य होने पर होगी नगर निगम की सामान्य सभा

**कोरबा।** नगर निगम की सामान्य सभा अंततः तीसरी बार स्थगित हो गई। लॉकडाउन के चलते सभा को टालना पड़ा। अभी नई तिथि निर्धारित नहीं की गई है। कोरोना संक्रमण की स्थिति देखने के बाद सामान्य सभा आयोजित किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

नगरीय निकाय चुनाव के बाद नगर निगम की एक भी सामान्य सभा अभी तक नहीं हो सकी है। हालांकि इस दौरान मेयर इन काउंसिल की बैठक कई बार हो चुकी है। मार्च माह में बजट पारित कराने सभा की तैयारी शुरू हुई। पर ऐन मौके पर लॉकडाउन लागू होने से स्थगित करना पड़ा। स्थिति सामान्य होने पर जुलाई माह में तिथि निर्धारित की गई। पर सभा आयोजन स्थल राजीव गांधी ऑडिटोरियम की खस्ता हालत के कारण स्थगित करना पड़ा। इसे निगम अधिकारियों की लापरवाही ही कही जाएगी कि नवनिर्मित ऑडिटोरियम से साउंड सिस्टम समेत अन्य सामान की चोरी करने के साथ ही तोड़फोड़ किया गया, पर कोई निगरानी नहीं हो सकी।

निगम सभापति श्यामसुंदर सोनी ने एजेंडा तैयार होने के बाद 28 सितंबर को बैठक की तिथि निर्धारित की और सभी पार्षदों को एजेंडा समेत सूचना जारी कर दी। इस बीच कलेक्टर ने जिले में दो अक्टूबर तक लॉकडाउन लागू कर दिया। इससे सामान्य सभा की बैठक को लेकर संशय की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि लॉकडाउन के कारण फ्लिहाल बैठक स्थगित कर दी गई, पर अभी नई तिथि निर्धारित नहीं की गई है। संभावना जताई जा रही है कि लॉकडाउन खत्म होने के साथ स्थिति सामान्य होने पर ही अब बैठक आयोजित की जाएगी।

सामान्य सभा में पारित कराने के लिए लगभग दो दर्जन प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इनमें अधिकांश प्रस्ताव राजस्व.संपदा से संबंधित मुद्देए वार्ड समिति का गठन, जल आवर्धन योजना, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, भवन, दुकान व हाल के नवीनीकरण शामिल हैं। इसके साथ ही शहर में होर्डिंग लगाने का एजेंडा भी शामिल किया गया है। सामान्य सभा नहीं होने पर एमआइसी से पारित बजट को राज्य शासन से अनुमोदित करा लिया गया था। इसे भी सामान्य सभा में रखा जाना है।

**स्वच्छता-पखवाडा का शुभारंभ शपथ एवं प्रभातफेरी के साथ हुआ था आगाज**

# स्वच्छता-पखवाड़ा में स्वच्छ नीर थीम पर चला अभियान

पायनियर संवाददाता ◁ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन दिनांक 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक किया जा रहा है। स्वच्छता-पखवाडा का शुभारंभ 16 सितम्बर को स्वच्छता शपथ एवं प्रभातफेरी के साथ हुआ था। इसके तहत द 17 सितम्बर को स्वच्छ स्टेशन 18 सितम्बर को स्वच्छ कार्य परिसर 19 सितम्बर को स्वच्छ सेवा परिसर, 20 सितम्बर को स्वच्छ मूवमेंट 21 सितम्बर को स्वच्छ ट्रेन 22 सितम्बर को स्वच्छ पटरी, 23 सितम्बर को स्वच्छ आवास परिसर 24 सितम्बर को स्वच्छ जागरूकता इन होम, 25 सितम्बर को स्वच्छ आहार, 26 सितम्बर को स्वच्छ प्रसाधन तथा 27 सितम्बर को स्वच्छ स्टेशन परिसर थीम पर मंडल के सभी स्टेशनों रेलवे परिसरों पटरियों तथा कार्य क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत कार्य करते हुए बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित की गई है। मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों एवं कालोनियों में स्वच्छता पखवा?ा के अंतर्गत आज दिनांक 28 सितम्बर को स्वच्छ नीर थीम पर कार्य किया गया। जिसके तहत मंडल के सभी कार्यालयों, यूनिटो, रेलवे कॉलोनियों, हॉस्पिटल, पानी के टंकियों, रेलवे स्टेशनों पर सप्लाई किए



जाने वाले पानी की व्यवस्था एवं उपलब्ध कराए जा रहे पानी की शुद्धता की जांच की गई। साथ ही मंडल के सभी स्टेशनों पर पेयजल व्यवस्था के आसपास के स्थानों की गहन साफ-सफाई कर यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। नामित अधिकारियों द्वारा ट्रेनों में साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया तथा पीने के पानी के लिए चेकिंग में उपयोग आने वाले टेस्टिंग किट एवं रसायनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। साथ ही पेयजल के स्थानों को गंदगी ना करने, पेयजल के स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने में रेल प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई।

## भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जांजगीर-चांपा जिले के संयोजक बनाए गए कृष्ण कुमार सिंहसर्वा एवं सहसंयोजक बनी श्रीमती प्रियदर्शिनी दिव्य

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के प्रदेश संयोजक अजय शुक्ला की स्वीकृति से भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के जांजगीर चांपा जिला संयोजक पद पर कृष्ण कुमार सिंह सिंहसर्वा पकरिया झूलन एवं जिला सह संयोजक पद पर श्रीमती प्रियदर्शिनी दिव्य को नियुक्त किया है, तथा उक्तआशय की नियुक्ति पर जहां




जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपरोक्त दोनों कार्यकर्ताओं के कुशल मार्गदर्शन में जांजगीर-चांपा जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के संगठन को एवं उनके कार्यों को गति मिलने की बात कही है, तो वही छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के दिशा निर्देशानुसार एवं निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप जांजगीर-चांपा जिले में भी सक्रियता के साथ उक्त प्रकल्प के अंतर्गत कार्यों को गति देने की भी बात जिला संयोजक कृष्णकुमार सिंहसर्वा एवं जिला सहसंयोजक प्रियदर्शिनी दिव्य ने कहा है।




# विश्व हृदय दिवस



अपने देश में अब कम उम्र के लोग इस बीमारी के शिकार हो रहे है। इस बीमारी की सबसे बड़ी वजहों में से एक है तनाव। तनाव दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है। आज की भागदौड वाली जीवनशैली में लोगों में तनाव कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। इसलिए इस बीमारी से पूरी तरह तो बचना मुश्किल है लेकिन जहां तक संभव हो इससे दूरी बनाए रखें। ऐसे में इस बात की जरूरत है कि हम अपने दिल की आवाज सुनें, दिल को दुरूस्त रखने के लिए तनाव दूर करें। तनाव के कारण मस्तिष्क से जो रसायन बनते हैं वो हृदय कि पूरी प्रणाली खराब कर देते है। तनाव से उभरने के लिए योग का भी सहारा लिया जा सकता है। हृदय हमारे शरीर का ऐसा अंग है जो लगातार पंप करता है और पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को संचालित करता है। धमनियों और नसों जैसी रक्त वाहिनियां अशुद्ध रक्त को शरीर के हर भाग से हृदय तक ले जाती है और शुद्ध रक्त को हृदय से शरीर के हर भाग तक पहुंचाती है। लेकिन इन सबके अलावा आजकल हृदय रोग से जुड़े ऐसे कई मिथक भी सामने आ रहे हैं जो कि पूरी तरह बेबुनियाद होने के बावजूद अधिकांश लोगों के दिमाग में घर कर गए. ये गलत-सही जानकारी हमें कही से भी मिल सकती है, लेकिन इन पर विश्वास करना हमारे हृदय के लिए हानिकारक हो सकता है। हृदय विशेषज्ञों का कहना है कि उन्हें हृदय रोगियों का उपचार करते ऐसे कई मिथकों को भी दूर करना पड़ता है। कुछ मिथक तो बहुत आम होते है। जैसे- लोगों में यह आम धारणा होती है कि हर तरह का व्यायाम हृदय के लिए लाभकारी होता है।




इसी तरह अधिकांश लोग यह सोचते है कि महिलाओं में दिल की बीमारी का खतरा कम होता है। इस तरह की अनेक ऐसी धारणाएं है जो बहुत से लोगों में घर कर गई है। इन मिथकों को तोड़कर सही तथ्य स्पष्ट करने मात्र से रोगियों के हृदय को लंबे समय तक स्वास्थ्य रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य जनसाधारण में हृदय से संबंधित होने वाले रोगों, उसके परिणाम व उसकी रोकथाम के लिए जागरूक बनाना है। विश्व में हृदय रोग से होने वाली मृत्यु की दर सबसे अधिक है इस आयोजन की पहल विश्व हृदय संघ के निदेशक ने 1999 में आंटोनी बेस दे लुना ने डब्ल्यूएचओ (WHO) के साथ मिल कर की थी। इसकी स्थापना लोगों को जानकारी देने के लिए की गयी थी किस प्रकार वह एक स्वस्थ्य हृदय का वातावरण बना सकते हैं, और किस प्रकार एक स्वस्थ्य जीवन शैली अपना कर हृदय से संबंधित रोगों पर रोक लगा सकते है।

SMC HEART INSTITUTE
छत्तीसगढ़ का एकमात्र हृदय रोग संस्थान
WORLD HEART DAY
सुविधाएं :–
Angiography
Angiography/stenting
Pediatric Surgery
Device Closure of Holes in Heart
Balloon Valvuloplasty
Pacemaker/AICD Implantation
Adult Cardiac Surgery
एस. एम.सी. हॉस्पिटल छ.ग. प्रदेश के सीनियर डॉक्टर्स 24x7 उपलब्ध
88398-00123, 0771-2285999
वी.आई.पी. इस्टेट, पेट्रोल पंप के आगे अशोका रतन के पास, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के सामने रायपुर (छ.ग.)

ओम हॉस्पिटल
108 बिस्तरों का सुपर स्पेशयालिटी सेन्टर
WORLD HEART DAY
अपने हृदय का रखे ख्याल
हृदय व डायबिटीज के समस्त रोगियों को कोरोना से डरने की जरूरत नहीं।
ओम हॉस्पिटल के प्रशिक्षित स्टाफ व अनुभवी डॉक्टर, २४ घण्टे हृदय व डायबिटीज के मरीजों की सेवा के लिए तत्पर है।
24 घंटे आपातकालीन व एम्बुलेंस सुविधा
स्थान: एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-2243118,119,120 मों. : 8370008551

World Heart Day




SHRI BALAJI
GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
1050 Bedded largest Private Health Care Group of Central India
Dubey Colony Mowa Raipur 0771-4241000/01/02, www.shribalajihospital.com

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..



USE ♥ TO BEAT 💔 Use your Heart to beat the Heart Disease

प्रश्न ▸▸ टेली कंसल्टेशन, हार्ट पेशेंट के लिए सही माध्यम है या नहीं?
उत्तर- रेगुलर फॉलोअप पेशेंट के लिए टेली कंसल्टेशन उपयोगी है। पर जिन मरीजों को हार्ट की तकलीफ (सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ) आदि है तो उनके लिए टेली कंसल्टेशन खतरनाक हो सकता है।
प्रश्न ▸▸ वर्तमान में अगर एक हार्ट का मरीज हॉस्पिटल आता है तो उसकी स्ट्रेटजी क्या है?
उत्तर- वर्तमान में अगर हार्टअटैक का मरीज आता है और उसके बीपी, सुगर, धड़कन, वजन इत्यादी की जांच अगर स्टेबल रहते है तो नए साइंटिफिक गाईड लाईन के हिसाब से मेडिकल मैनेजमेंट किया जाना चाहिए, जो हम फॉलो करते है। श्री नारायणा हॉस्पिटल में और अगर पेशेंट की स्थिति खराब है तो उसे तुरंत एन्जियोप्लास्टी की सलाह दी जाती है।
जो हार्ट के मरीज है उन्हे अगर कोविड 19 होता है तो उनकी हार्ट डिसीज़ और भी सीवियर हो जाती है और उनके मोर्टिलिटी के चांसेस बढ़ जाते है। इसलिए हार्ट पेशेंट जितना कोविड से बचे उतना ही अच्छा है।
प्रश्न ▸▸ हार्ट पेशेंट को Hydroxychloroquine लेना चाहिए या नहीं?
उत्तर- हार्ट पेशेंट को कोविड के इलाज हेतु उपयुक्त, Hydroxychloroquine, E.C.G. करने के उपरांत कार्डियोलाजिस्ट की सलाह से लेना चाहिए।
प्रश्न ▸▸ हार्ट के पेशेंट को कोविड के दौरान अपनी रेगुलर दवाएं लेनी चाहिए या नहीं?
उत्तर- हार्ट के रोगियों को अगर कोविड पॉजिटिव होता है तब भी उन्हे हार्ट की दवाईयां जरूर लेते रहना चाहिए।
प्रश्न ▸▸ हार्ट पेशेंट अगर कोरोना पॉजिटिव होता है तो उसे क्या करना चाहिए?
उत्तर- उसे डॉक्टर की सलाह लेकर तुरंत हॉस्पिटलाइज हो जाना चाहिए।
प्रश्न ▸▸ कोरोना होने पर हार्ट पेशेंट को सबसे ज्यादा क्या परेशानी होती है?
उत्तर- कोविड से हार्ट में इनफेक्शन (Myocarditis) तथा फेफडे की धमनी में खून के थक्के जमने के चांस बढ़ जाते है। जिससे हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है।
प्रश्न ▸▸ करोना काल में हार्ट सर्जरी के विषय में आपकी क्या राय है?
उत्तर- अगर हार्ट सर्जरी प्लान की गई है तो उसे 1-2 माह के लिए टाल देना चाहिए, लेकिन अगर बहुत जरूरी हुआ तो सारी तैयारियों के साथ सभी जांचो एवं जरूरी एहतियात के साथ हार्ट सर्जरी की जानी चाहिए।

डॉ. बिनोद अग्रवाल MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज गुप्ता MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज मोहराणा MS, MCh (Cardiac Surgen)
पता : गंज मंडी के पास, सेक्टर-5 के पीछे देवेन्द्र नगर, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन : 492001
फोन : 0771-2513500/600/700, मोबाईल : 9300373737, ईमेल : Info@snh.org.in वेब www.snh.org.in

डॉ. उपेन्द्र त्रिवेदी
होम्योपेथिक चिकित्सक
(बी.एच.एम.एस.)
Dr. TriVedi's Homeopathy
SINCE 1983






त्रिवेदी होम्योपैथिक दवाखाना
घनश्याम मंदिर के बाजू, हांडीपारा, आजाद चौक, रायपुर (छ.ग.)
90393 65678, 88780 65678
समय : प्रातः 11 बजे से 1:30 बजे तक सायं 6 बजे से 9 बजे तक रविवार 11 बजे से 1:30 बजे तक
FOR APPOINTMENT PLEASE CALL 8878065678, 6266995512

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403